खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें ➜ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर,शुक्रवार 29 सितंबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –321 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ चौपड़ के पासों पर...
■ विफलता की कहानी ... 04
■ नाजी इकाई के लड़ाके को हीरो कहने...
■ इराक में विवाह हॉल में आग लगने से ... 09
■ वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन...
■ सेट ने सेबी की रोक के खिलाफ... 11
■ भारत ने जारी किया वर्ल्ड...
■ भारतीय पुरुष हॉकी टीम ... 10

# भावी पीढ़ी को सही इतिहास पढ़ाना है राज्य सरकार का दायित्व : शिवराज

- भोपाल में बनेगा महाराणा प्रताप स्मारक, मुख्यमंत्री ने किया शिलान्यास
- निरंतर कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने की प्रेरणा मिलती है महाराणा प्रताप से
- महाराज छत्रसाल का भव्य स्मारक बनेगा मऊ सहानिया (छतरपुर) में




**भोपाल , देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि- राज्य सरकार का दायित्व भावी पीढ़ी को सही इतिहास पढ़ाना है। वीरता की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप की कष्ट सहकर भी राष्ट्रधर्म निभाने की प्रतिज्ञा ने भावी पीढ़ियों को प्रेरित किया है। महाराणा प्रताप की जीवनी, राष्ट्र भक्ति, और उनके बलिदान को महाराणा प्रताप लोक के रूप में भावी पीढ़ी के सामने लायेंगे। इससे भावी पीढ़ी को सही प्रेरणा और दिशा मिलेगी।

मुख्यमंत्री श्री चौहान भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम के पास महाराणा प्रताप स्मारक के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने महाराणा प्रताप स्मारक का शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वराज्य और राष्ट्र धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले महाराणा प्रताप का नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ़ प्रण के लिए अमर है। उनके जीवन-मूल्यों, देश भक्ति और सामाजिक समरसता से समर्पित महाराणा प्रताप स्मारक भावी पीढ़ी को सही प्रेरणा और दिशा देगा।

बुंदेलखंड के गौरव महाराज छत्रसाल जी के योगदान और अवदान को याद करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि महाराज छत्रसाल के समाधि स्थल मऊ सहानिया (छतरपुर) में उनके जीवन पर भव्य स्मारक बनाया जाएगा। साथ ही धुबेला में वर्तमान संग्रहालय का सुसज्जीकरण और विकास किया जाएगा।

केंद्रीय कृषि मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर ने कहा कि महाराणा प्रताप स्मारक मुख्यमंत्री श्री चौहान के जनमानस से जुड़े रहने के भाव और दूरदर्शिता का परिणाम है। महाराणा प्रताप की जीवन और गुणों से प्रेरणा लेकर भारत दुनिया का नेतृत्व करने वाला राष्ट्र बनेगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने महाकाल लोक, एकात्म धाम, रामराजा लोक, सलकनपुर देवी लोक आदि स्थापित करने का संकल्प लेकर राज्य में सांस्कृतिक अभ्युदय किया है। इस कारण मध्यप्रदेश की प्रतिष्ठा पूरे देश में बढ़ रही है।

**महाराणा प्रताप स्मारक आने वाली पीढ़ी में राष्ट्रीयता का भाव जागृत करेगा** -संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री ऊषा ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप स्मारक आने वाली पीढ़ी में आध्यात्मिकता और राष्ट्रीयता का भाव जागृत करेगा। 21वीं सदी के जगतगुरु भारत के निर्माण के लिए महाराणा प्रताप का पावन चरित्र जन-जन तक पहुंचाना आवश्यक है।

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर



## एशियाई खेल : भारत ने निशानेबाजी में जीता चौथा स्वर्ण पदक

**हांगझोउ।** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

### सार संक्षेप

## भारत के महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के महान कृषि वैज्ञानिक एम एस स्वामीनाथन का गुरुवार (28 सितंबर, 2023) को निधन हो गया। तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में सुबह 11.20 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। स्वामीनाथन जन्म 7 अगस्त, 1925 को हुआ था। कृषि वैज्ञानिक स्वामीनाथ ने 98 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। उन्हें भारत में हरित क्रांति के जनक के तौर पर जाना जाता है। मिली जानकारी के मुताबिक लंबी उम्र की वजह से आने वाली दिक्कतों के चलते उनका निधन हुआ। स्वामीनाथन डिपार्टमेंट ऑफ एग्रीकल्चर के वैज्ञानिक थे। उन्होंने 1972 से लेकर 1979 तक इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च के अध्यक्ष के तौर पर भी काम किया।

### सूचना

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-राहुल गांधी अब फर्नीचर मार्केट पहुंच गए।
**चुहिया- हां प्रिये**- राजनीति जो न कराए सो कम है।

### मप्र विधानसभा चुनाव

# 'कक्षा' छोटी.. 'परीक्षा' बड़ी

***जबलपुर, देशबन्धु।*** *मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में इस बार नजारा कुछ बदला-बदला रहने वाला है। वजह है भाजपा का चौंकाने वाला प्रत्याशी चयन। दूसरी सूची में 3 केन्द्रीय मंत्रियों और 4 सांसदों को विधानसभा के उन रण क्षेत्रों में उतारा गया है, जहां भाजपा पिछले दो-तीन चुनावों से शिकस्त खा रही है। उम्मीद यह कि ये बड़े चेहरे भाजपा की उन क्षेत्रों में न केवल नैया पार लगायेंगे बल्कि प्रदेश में भाजपा- राज को कायम रखने में भी मददगार साबित होंगे और अपनी विधानसभा सीट के पड़ोसी विस क्षेत्रों के लिए भी जीत का माहौल बना सकेंगे।*

*यह उम्मीद कहां तक रंग लाती है? इसका जवाब तो परिणाम आने के बाद ही मिल सकेगा लेकिन भाजपा की इस रणनीति ने ना केवल कांग्रेस और अन्य राजनैतिक दलों को चौंकाया है बल्कि उन मंत्रियों और सांसदों के माथे पर भी बल डाल दिया है जिन्हें उम्मीदवारी दी गई है। इसको लेकर कुछ खुली और दबी बातें भी सामने आ रही है।*

*राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजय वर्गीय तो सार्वजनिक रूप से कह चुके हैं कि- ''मैं खुद अचरज में हूं। केन्द्रीय नेताओं ने मुझसे कोई बात भी नहीं की और नाम घोषित कर दिया।'' नरेन्द्र तोमर और गणेश सिंह के बारे में भी ऐसा ही कुछ सुना जा रहा है।*

*इस नई तस्वीर और तरकीब को लेकर भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं और राजनीति के गहरे जानकारों का मानना है कि- यह 'कक्षा' भले ही छोटी है, लेकिन 'परीक्षा' बड़ी होने वाली है। तर्क दिया जा रहा है कि सांसदी के दौरान ये संसद केवल उन विधानसभा क्षेत्रों से नहीं बल्कि अपनी संसदीय सीट के हर विधानसभा क्षेत्र को समय देते रहे हैं, काम कराते रहे हैं। इसके चलते वे उस विधानसभा सीट पर ज्यादा फोकस नहीं कर पाये जहां से उन्हें मैदान में उतारा गया है। दूसरी ओर जिन दावेदारों के टिकट कटे हैं उनके मिजाज का भी फिलहाल कोई ठिकाना नहीं है, कि वे क्या रुख अपनाते हैं। तलवार यह भी लटकी है कि- जीत गए तो जय-जय और हार गये तो भविष्य दांव पर..।*

**देशबन्धु खबर**

*इसके उलट उन क्षेत्रों के वर्तमान विधायक अपनी सीट बरकरार रखने के लिए सतत रूप से जनता से जुड़े रहे। डेढ वर्ष की कांग्रेस सरकार जाने के बाद इन विधायकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में और ज्यादा ध्यान दिया है, ऐसा माना जा रहा है।*

*भाजपा के लिए यह बात फौरी संतोष की हो सकती है कि भले ही विधानसभा चुनावों में इन सीटों पर विरोधी दलों के प्रत्याशी जीते हैं लेकिन अधिकांश में लोकसभा चुनावों में सांसदों को उन क्षेत्रों से बढ़त मिली है, इसलिए वह मतदाता फिर भाजपा के पाले में लौट सकता है। भाजपा का यह दांव कितना सफल होता है? इसकी तस्वीर तब और साफ होने लगेगी जब कांग्रेस अपने पत्ते खोलेगी।*

### ये मंत्री सांसद हैं मैदान

| प्रत्याशी | विस क्षेत्र |
|---|---|
| नरेन्द्र सिंह तोमर- | दिमनी |
| गणेश सिंह- | सतना |
| रीती पाठक- | सीधी |
| राकेश सिंह- | जबलपुर पश्चिम |
| फग्गन सिंह- | निवास |
| प्रहलाद पटेल- | नरसिंहपुर |
| उदय प्रताप सिंह- | गाडरवारा |

(भाजपा राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजय वर्गीय को इंदौर-1 से उम्मीदवार बनाया गया है)

## उज्जैन में बच्ची से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने पैर में गोली मारी,घायल

### हिरासत से भाग रहा था

**उज्जैन।** उज्जैन में 15 साल की बच्ची से रेप के आरोपी ने गुरुवार को पुलिस की गिरफ्त से फरार होने का प्रयास किया। भागते समय वह गिरकर घायल हो गया। उसके पैर में चोट लगी है। आरोपी को पुलिस ने आज सुबह ही गिरफ्तार किया था। आरोपी का नाम भरत सोनी है। वह उज्जैन की ही झुग्गी बस्ती का रहने वाला है और ऑटो चलाता है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने बच्ची के साथ जीवनखेड़ी में दुष्कर्म किया।

पुलिस जब आरोपी को जांच के लिए मौके पर लेकर गई, तो उसने वहां से भागने की कोशिश की। आरोपी ने अचानक दौड़ लगा दी। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस के जवान भी उसके पीछे भागे। इस दौरान आरोपी नीचे गिर पड़ा जिससे उसे चोट आई है। कहा यह भी जा रहा है कि भागते समय पुलिस ने गोली चलाई थी। पुलिस आरोपी को लेकर जिला अस्पताल गई। आरोपी को पकड़ने के दौरान दो पुलिसकर्मी भी जख्मी हो गए। पीड़ित बच्ची सतना जिले की रहने वाली है। शुरुआती में पुलिस और एक्सपर्ट ने बच्ची से बातचीत की थी, तब यह अनुमान लगाया गया था कि वह प्रयागराज की रहने वाली हो सकती है।

### दिल्ली महिला आयोग की प्रमुख बोलीं, मदद नहीं करने वालों पर हो कार्रवाई

उज्जैन की घटना पर दिल्ली महिला आयोग प्रमुख स्वाति मालीवाल ने कहा, मध्यप्रदेश पुलिस को आरोपियों को तुरंत गिरफ्तार कर और सख्त से सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। ये कौन लोग हैं जिन्हें दया नहीं आई? जब नग्न अवस्था में खून से लथपथ हालत में 12 साल की छोटी बच्ची घर-घर जाकर मदद की गुहार लगा रही थी, क्या ऐसे लोगों पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिए? मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में जाना चाहिए और रेपिस्ट को फांसी होनी चाहिए। मैं सख्त कार्रवाई और आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी की अपील करूंगी।

## अब फर्नीचर मार्केट पहुंचे राहुल गांधी

### कारीगरों के बीच आरी व हथौड़े के साथ आए नजर



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित फर्नीचर मार्केट का दौरा किया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने अनुभव के बारे में बताया। उन्होंने पोस्ट में लिखा, 'दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट जाकर आज बढ़ई भाइयों से मुलाकात की।

ये मेहनती होने के साथ ही कमाल के कलाकार भी हैं, मजबूती और खुबसूरती तराशने में माहिर! काफी बातें हुई, थोड़ा उनके हुनर को जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की।' वहीं, एक पर कांग्रेस के आधिकारिक हैंडल से राहुल गांधी की कुछ और तस्वीरें साझा की गईं। पोस्ट में यह भी लिखा गया कि भारत जोड़ो यात्रा जारी है।

## विश्वकप के दौरान हमला कर सकते हैं खालिस्तानी आतंकी, एजेंसियां हुई सतर्क

- भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने की होगी कोशिश
- खालिस्तानी निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कनाडा की मौजूदा सरकार द्वारा खालिस्तान समर्थकों के साथ खुलकर खड़े हो जाने के बाद भारत में आतंकी हमले का खतरा बढ़ गया है। आशंका जताई जा रही है कि भारत की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा धूमिल करने के लिए खालिस्तानी अगले माह भारत में होने जा रहे क्रिकेट विश्वकप को निशाना बना सकते हैं।

प्रतिबंधित संगठन सिख फॉर जस्टिस का नेता और आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने पिछले दिनों बाकायदा एक वीडियो जारी कर वनडे विश्वकप को निशाना बनाने की धमकी दी थी। उसने एक अन्य खालिस्तानी आंतकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत का बदला लेने की भी बात कही है। ऐसे विश्वकप की सुरक्षा को लेकर सुरक्षा एजेंसियों के कान खड़े हो गए हैं और वह पूरी तरह एलर्ट हो गई है। देश में खालिस्तानी चरमपंथियों के सक्रिय नेटवर्क और पुराने अनुभवों को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियों ने अतिरिक्त सतर्कता बरतने का फैसला लिया है।

## 'एक देश एक चुनाव' पर लॉ कमीशन की बैठक, दो एजेंडों पर बनी सर्वसम्मति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय विधि आयोग (लॉ कमीशन ऑफ इंडिया) ने बुधवार को अपने सदस्यों के साथ 'एक देश एक चुनाव' सहित तीन मुद्दों पर विचार करने के लिए बैठक बुलाई। इनमें से एक राष्ट्र एक चुनाव मामले पर कुछ पेच फंसा है लेकिन बाकी अन्य दो मामलों पर सर्वसम्मति बन गई।

लॉ कमीशन की बैठक खत्म होने के बाद आयोग के अध्यक्ष जस्टिस ऋतुराज ने कहा कि बुधवार की बैठक में हमने एक राष्ट्र एक चुनाव की अवधारणा पर चर्चा की। लेकिन इस मुद्दे पर कोई ठोस नतीजे पर नहीं पहुंचे हैं। लगता है कुछ बैठक और करनी होंगी। अंतिम रिपोर्ट भेजने से पहले और बैठकें होंगी।

### आयोग ने कहा- अंतिम रूप देने में अभी और वक्त लगेगा

बैठक में बाकी अन्य दो एजेंडों पर भी चर्चा हुई है। पोक्सो एक्ट में संशोधन कर सहमति से भी संबंध बनाने की उम्र 18 साल से घटाकर 16 साल करने और ई-एफआईआर दर्ज करने की सुविधा को लेकर रिपोर्ट को अंतिम और ठोस स्वरूप दिया गया। बैठक में यह भी तय किया गया कि इन मुद्दों पर आयोग की फाइनल रिपोर्ट कानून मंत्रालय को कब सौंपी जाएगी। दरअसल विधि आयोग ने एक देश एक चुनाव को लेकर एक ड्राफ्ट पहले ही तैयार किया था। उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। उसमें पिछले विधि आयोगों की रिपोर्ट्स का तुलनात्मक और तथ्यात्मक विश्लेषण भी है। उन कालखंडों को सामाजिक, राजनीतिक और संवैधानिक और कानूनी परस्थितियों का भी आकलन फाइनल रिपोर्ट में होगा। इससे पहले 21वें विधि आयोग के अध्यक्ष जस्टिस बीएस चौहान ने भी एक देश एक चुनाव को लेकर रिपोर्ट तैयार की थी। उस रिपोर्ट में सुझाव दिया गया था कि एक देश एक चुनाव लागू करने से पहले संवैधानिक और व्यवहारिक जमीन तैयारियां कर ली जाएं। कई राजनीतिक दलों से भी इस बाबत बात की गई थी। आयोग से जुड़े सूत्रों के मुताबिक एक देश एक चुनाव मुद्दे पर रिपोर्ट को अंतिम रूप देने में कुछ और समय लगेगा। इस मामले पर कुछ और भी बैठकें होंगी।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ. पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**योजना** — स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा देने..

## सड़क बनाने में कचरे का इस्तेमाल करने की नीति को अंतिम रूप दे रहा है परिवहन मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि- उनका मंत्रालय सड़क निर्माण में नगर पालिका कचरे के इस्तेमाल के लिए एक नीति को अंतिम रूप दे रहा है। इस पर नितिन गडकरी ने आगे कहा कि सरकार जीवाश्म ईंधन का इस्तेमाल नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निर्माताओं को प्रोत्साहन देने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा, हम सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने की नीति को अंतिम रूप दे रहे हैं।

**कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं**- गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम भी कर रही है।

**स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों के टेक्नोलोजी पर बेस्ड है**-इलेक्ट्रिक हाईवे वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को उसी तरह से पूरा करते हैं जैसे रेलवे के लिए किया जाता है। यह स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों के टेक्नोलोजी पर बेस्ड है। इसमें इलेक्ट्रिक केबलों का प्रावधान शामिल है, जिसका इस्तेमाल ऐसे वाहन द्वारा किया जा सकता है जो इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को पूरा करता है। वाहन अपने ट्रैक्शन के लिए इस केबल से बिजली का इस्तेमाल करेगी। फिलहाल मंत्रालय विभिन्न तकनीकों का मूल्यांकन कर रहा है।





**देशभर के कचरे को सड़क बनाने में इस्तेमाल करना**-केंद्रीय परिवहन मंत्री 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के मौके पर एक पॉलिसी भी लेकर आ रहे हैं। जिसमें देशभर के कचरे को सड़क बनाने में इस्तेमाल करने की नीति तैयार करेंगे। इसके कारण स्वच्छ भारत अभियान को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही दिल्ली में 65 हजार करोड़ रुपये के काम कर रहे हैं जो दिसंबर तक पूरा हो जाएगा।



डाक पंजीयन क्रमांक एसएसपी जबलपुर/04/2020-2022 | www.deshbandhump.com

# देश-विदेश

## जम्मू-कश्मीर: 38 पाकिस्तानी आतंकी खत्म, निशाने पर सीमा पार के 71 दहशतगर्द,

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के जंगलों में, खासतौर पर पीर पंजाल की गुफाओं में छिपे आतंकियों को अब बाहर निकालने के लिए सुरक्षा बलों की नई टीमें एक विशेष ऑपरेशन को अंजाम देंगी। विशेष दस्ते के निशाने पर पाकिस्तान से आए 71 दहशतगर्द होंगे। जम्मू कश्मीर में इस साल 38 पाकिस्तानी आतंकी खत्म किए गए हैं। जेकेपी के विश्वस्त सूत्रों के मुताबिक, अनंतनाग का कोकरनाग एनकाउंटर, जिसमें सेना के कर्नल, मेजर और जेकेपी के डीएसपी हुमायूं भट सहित एक जवान शहीद हुआ था, के बाद ऑपरेशन की रणनीति बदली जा रही है। जम्मू कश्मीर में सेना, जेकेपी और सीआरपीएफ के दस्ते में अब कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के करीब सौ जवानों को शामिल किया गया है।

## मणिपुर में नहीं थम रही हिंसा

# प्रदर्शनकारियों ने भाजपा कार्यालय में लगाई आग, भाजपा अध्यक्ष के घर पर भी तोड़फोड़

**इंफाल।** मणिपुर में हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। दो लापता स्टूडेंट्स की हत्या को लेकर प्रदर्शनकारी विरोध कर रहे हैं। उधर भीड़ ने थाउबल जिले में भाजपा कार्यालय में आग लगा दी। इंफाल में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष शारदा देवी के घर पर भी तोड़फोड़ की गई है।

पुलिस ने बताया कि राज्य में बीते 24 घंटे में माहौल तनावपूर्ण रहा, लेकिन हालात पर कंट्रोल किया गया। हिंसा से जुड़ी घटनाओं को लेकर 1697 लोगों को हिरासत में लिया गया है। स्टूडेंट मर्डर केस की जांच के लिए सीबीआई के स्पेशल डायरेक्टर अजय भटनागर अपनी टीम के साथ बुधवार को स्पेशल फ्लाइट से इंफाल पहुंचे हैं। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने हत्या के मामले को लेकर कहा, दोषियों को छोड़ा नहीं जाएगा। जल्द ही सभी आरोपियों की गिरफ्तारी होगी। इधर, गृह मंत्री अमित शाह को 24 विधायकों ने अपने साइन करके एक पत्र भेजा है, जिसमें उन्होंने दोनों स्टूडेंट्स की हत्या के आरोपियों को छ्रक्क्ष्ठ द्वारा जल्द से जल्द पकड़ने की अपील की है।

### बच्चों के मां-बाप ने कहा अंतिम संस्कार के लिए शव के अवशेष ढूंढें

गुरुवार को बच्चों के माता-पिता ने अंतिम संस्कार के लिए अधिकारियों से अपने बच्चों के अवशेष का पता लगाने का अनुरोध किया। उन्होंने इस मामले में सीबीआई के शामिल होने से मौत के रहस्य सुलझने की उम्मीद जताई है। 18 वर्षीय लड़की के पिता हिजाम कुलजीत ने मीडिया से बात करते हुए कहा, हम केवल आखिरी बार अपने बच्चों का चेहरा देखना चाहते हैं, जिससे की हम उनका अंतिम संस्कार कर सकें।

### श्रीनगर के एसएसपी राकेश बलवाल का मणिपुर तबादला

**श्रीनगर ।** केंद्र सरकार ने वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी राकेश बलवाल का मणिपुर तबादला कर दिया है। राकेश बलवाल श्रीनगर में एसएसपी के पद पर तैनात थे, जिन्हें हिंसा भड़कने के बाद मणिपुर भेजा गया है। 2012 बैच के आईपीएस अधिकारी का मूल कैडर मणिपुर ही है और फिलहाल वह केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में एसएसपी के पद पर तैनात थे।

### अफ्स्पा बढ़ाना संकट का समाधान नहीं : इरोम शर्मिला

मणिपुर के अधिकांश हिस्सों में अफ्स्पा बढ़ाए जाने के एक दिन बाद, अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला ने कहा कि दमनकारी कानून संघर्ष का राज्य में समाधान नहीं है। प्रदेश में आयरन लेडी के नाम से मशहूर शर्मिला ने गुरुवार को एक टेलीफोनिक साक्षात्कार में न्यूज एजेंसी से कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को समान नागरिक संहिता जैसे प्रस्तावों के माध्यम से एकरूपता के लिए काम करने के बजाय विविधता का सम्मान करना चाहिए।

## चंद्रयान- 3 पर इसरो ने दी बड़ी खुशखबरी,

# अब भी काम कर रहा है भेजा गया एसएचएपीई पेलोड



**श्रीहरिकोटा।** चंद्रयान- 3 के लैंडर और रोवर के जागने की उम्मीद अभी इसरो ने छोड़ी नहीं है। 22 सितंबर को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सवेरा होने लगा था। इसके बाद से ही इसरो को सिग्नल का इंतजार है। अंतरिक्ष एजेंसी का कहना है कि आखिर पल तक उम्मीद कायम रहेगी। अभी चांद के इस भाग में रात होने में एक सप्ताह का समय है। हालांकि इसी बीच इसरो ने एक बड़ी खुशखबरी दी है। चंद्रमा पर भेजे गए रोवर और लैंडर भले ही अभी सो रहे हैं लेकिन उनके ले जाने वाला ऑर्बिटर अब भी चंद्रमा के चारों ओर चक्कर लगाता रहेगा। इसरो का कहना है कि यह अभी लंबे समय तक चंद्रमा और पृथ्वी के अतिरिक्त भी कई जानकारियां देता रहेगा।

**बड़े काम का है यह पेलोड**-चंद्रयान के ऑर्बिटर में लगा पेलोड स्पेक्ट्रो पोलारिमेट्री ऑफ हैबिटेबल प्लैनेट काफी डेटा इसरो को भेज चुका है। इसके अलावा अभी यह लंबे समय तक काम करता रहेगा। इसके द्वारा दी गई जानकारी एग्जोप्लेनेट्स के बारे में अध्ययन करने में मददगार साबित होगी। एक्जोप्लेनेट ऐसे ग्रह होते हैं जो कि हमारे सौर मंडल का हिस्सा नहीं हैं लेकिन वे किसी अन्य तारे का चक्कर लगाते हैं। वे किसी और गैलेक्सी के भी हो सकते हैं।

एक रिपोर्ट के मुताबिक इसरो चीफ एस सोमनाथ ने कहा, एसएचएपीई को तभी ऑपरेट किया जा सकता है जब पृथ्वी से दृश्यता अच्छी होती है। शेप जो भी डेटा भेज रहा है वह रिसर्च के लिहाज से काफी काम का है। अच्छी बात यह है कि अलग-अलग समय में इन आंकड़ों में कोई बदलाव नहीं दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि पेलोड ने काफी डेटा भेजा है लेकिन अभी यह लंबे समय तक काम करता रहेगा। उन्होंने कहा कि इन आंकड़ों का विश्लेषण करने और कुछ नया पता करने में कई महीने का वक्त लग सकता है। जैसे ही नई जानकारी मिलती है इसकी सूचना दी जाएगी। एग्जोप्लैनेट्स पर इस समय काफी अध्ययन किया जा रहा है। ब्रह्मांड में पृथ्वी के अलावा जीवन की खोज करने में नासा समेत कई एजेंसियां लगी हैं। नासा के मुताबिक अब तक 5000 से ज्यादा एग्जोप्लैनेट्स की पहचान की जा चुकी है।

वहीं इसरो का कहना है कि ऑर्बिटर का पहला उद्देश्य तो लैंडर विक्रम को लेजाकर चांद पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग कराना था जिसमें वह शत प्रतिशत कामयाब हो गया। हालांकि इसका पूरा फायदा उठाने के लिए इसमें पेलोड एसएचएपीई लगा दिया गया। इसरो का कहना है कि जीवन की खोज के लिए यह पेलोड बहुत सहयोग करेगा। इससे ग्रहों की हैबिटेबिलिटी का अध्ययन किया जा सकता है। इसरो ने कहा कि पहले ऐसा लगता था कि यह ऑर्बिटर 6 महीने तक काम करेगा लेकिन इसमें काफी फ्यूल बचा है। ऐसे में यह एक साल तक भी काम कर सकता है। यह चंद्रमा के चारों ओर 100 किलोमीटर की कक्षा में चक्कर लगा रहा है।

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### न्यायालय श्रीमान अपर जिला न्यायाधीश बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.

**आम ईश्तहार / नोटिस**

प्रो. नं. - 495/23
व्य. अपील क्र. अपंजीकृत
आदेश दिनांक - 15.09.2023
पेशी दिनांक - 12.10.2023

अनुराग गुप्ता आ. स्व. चन्द्र प्रकाश गुप्ता व अन्य ........अपीलार्थी
प्रति
डॉ. प्रकाश चन्द्र गुप्ता वगैरह .....................उत्तरवादीगण

अपीलार्थीण अनुराग गुप्ता आ. स्व. चन्द्रप्रकाश गुप्ता ने उत्तरवादी क्र.- 15 अ श्रीमती आरती गुप्ता पत्नी डॉ. सहदेव प्रसाद गुप्ता असिस्टेंट प्रोफेसर, नवयुवक आर्टस एवं कामर्स कालेज, सिविल लाईन्स जबलपुर, जिला जबलपुर म.प्र. के विरूद्ध अंतर्गत धारा 96 एवं सहपठित धारा 41 नियम 1 व्य.प्र.सं. के तहत अपील पेश किया है, जिसकी सुनवाई के लिए प्रकरण न्यायालय में लंबित है। सामाचार प्रकाशन के माध्यम से यह सूचना प्रकाशित किया जा रहा है कि आप दिनांक 12.10.2023 को समय 11.00 बजे इस न्यायालय में उपस्थित होकर अपना जवाब पेश करे। यदि किसी कारण वश दिनांक 12.10. 2023 को स्थानीय अवकाश अथवा पीठासीन न्यायाधीश अवकाश पर रहते है तो उत्तरवादी क्रमांक-15 आगामी कार्य दिवस पर प्रकरण में आपके विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही अग्रसर किया जायेगा। अत: आज दिनांक 22/09/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।

स्थान - बैकुण्ठपुर, दिनांक 22/09/2023

**(विनय कुमार प्रधान)**
**अपर जिला न्यायाधीश, बैकुण्ठपुर जिला कोरिया छ.ग.**

### पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**( भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या ईपीएस/41/2023 )**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिए निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते है। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in" पर 'ई' निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| S.No | Tender No. | Short Description | Tendered Qty. |
|---|---|---|---|
| 1. | 38233375 | Bolster Spring Inner | 1952 Nos. |
| 2. | 38232414 | Constant contact side bearer assembly | 3831 Nos. |
| 3. | 38234160 | PU LINING ITEM NO. 04 FOR TOP HOUSING | 4464 Nos. |
| 4. | 30231307 | CLIP FOR SECURING PLUMBING PIPE | 416 Set |
| 5. | 61232563B | Stainless Steel box type wall mounted | 2268 Nos. |
| 6. | 38232300 | Yoke Pin | 4674 Nos. |
| 7. | 34231139 | Supply of Paint chlorinated rubber | 15000 LTR |
| 8. | 90231326 | Sound insulating wood panels | 231 Nos. |
| 9. | 81235280B | GFN Liner 60 Kg new wider sleeper | 3200 Nos. |
| 10. | 40232199 | V- Deep groove axle pully | 98 Nos. |
| 11. | 81235887 | SPARES FOR REPAIRING | 4 NOS. |
| 12. | 20234663A | PRIMARY VOLTAGE TRANSFORMER | 9 Nos. |
| 13. | 20234240 | POWER SUPPLY GATE UNIT | 4 Nos. |
| 14. | 38231707 | Bogie Mounted Brake cylinder | 5337 Nos |
| 15. | 81235885 | DIGITAL PORTABLE HARDNESS TESTER | 1 Nos. |
| 16. | 30231513 | Emergency Openable Window | 40 Nos. |
| 17. | 20224645C | CLEVIS LOAD PIN WITH WASHER | 49 Nos. |
| 18. | 81235214A | INSULATED STRETCHER | 44 Set |
| 19. | 10234343 | Relif Vacuum Valve | 15 Nos. |
| 20. | 30232015 | Procurement of Kit for Brake Gear Bushes | 1054 Set. |
| 21. | 80231008 | OIL MACHINERY / GENERAL PURPOSE MACHINERY OIL | 79727 LTR |
| 22. | 30231254 | PROCUREMENT OF LEVER HANGER | 1048 Nos. |
| 23. | 20233299 | Inner spring for WAG-5 Lolomotive | 231 Nos. |
| 24. | 20233673 | WIPER SYSTEM ASSLY | 41 Set. |
| 25. | 81235879 | Various items of motor parts | 10 Nos. |
| 26. | 20234026 | Set of Damper | 38 Set. |
| 27. | 20234260 | Switch for head light intensity | 122 Nos. |
| 28. | 10234529B | ELEMENT ENGINE AIR FILTER | 960 Nos. |
| 29. | 30231554A | PROCUREMENT OF SET OF NON-ASBESTOS BASED ORGANIC BRAKE PAD | 6692 Set. |
| 30. | 30231510 | Body side window arrangement | 216 Nos. |

उपरोक्त सभी निविदाओं ( क्रम संख्या-1-30 तक ) की Due Date 23.10.2023

कृते प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पमरे/जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान, एक कदम स्वच्छता की ओर

### न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

**आम इश्तहार**

रा.प्र.क्रं/एएसटी/अ-6/2023-24

आवेदक नीलकमल कोरी व अन्य पिता श्री प्रेम लाल कोरी निवासी नन्हवारा मझौली द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्रमांक...... दिनांक.....के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक.... नं.बं. 52 प.ह.नं. 22 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 22/1 रकवा 900 वर्गफुट पर विक्रेता/वसीयतकर्ता म.प्र. शासन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अत: उपरोक्त नामांतरण किये जाने में किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 30/09/2023 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 08/09/2023 इश्तहार जारी किया गया।

जारी दिनांक-08/09/2023
पेशी दिनांक-30/09/2023

**नायब तहसीलदार,**
**अधारताल जबलपुर**

र.नं. 1298

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे मुवक्लि/पक्षकार श्री रामकिशोर गुप्ता पिता स्व. श्री बैनी प्रसाद गुप्ता निवासी-460, फूटाताल दुर्गाचौक जबलपुर के निर्देशानुसार उपरोक्त आम सूचना प्रकाशित करा रहा हूं कि मौजा- सूरतलाई, प.ह. सूरतलाई, तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 17/1 कुल रकवा 0.9070 हेक्टेयर भूमि जो कि भूमिस्वामी विवेक रंजन श्रीवास्तव पिता एस. के. श्रीवास्तव के नाम से दर्ज है, के विरुद्ध मेरे पक्षकार द्वारा कमिश्नर न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई है, जिसका प्रकरण क्रमांक 0159/अपील/ 2023-24 है, जिसकी सुनवाई कमिश्नर न्यायालय में लंबित है, अत: आम जन को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का क्रय-विक्रय, अनुबंध या रजिस्टर्ड विक्रय पत्र का निष्पादन न करें। अन्यथा जिम्मेदारी स्वयं की होगी।

**कमलेश तिवारी**
**अधिवक्ता म.प्र. हाईकोर्ट जबलपुर**
**आफिस 445 विजय नगर,**
**गांधी चौक जबलपुर**
र.नं. 1280 **मो.नं.-9301221084**

# ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 40वें स्थान पर बरकरार

**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वीं रैंक बरकरार रखी है।

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) में भारत कई वर्षों से तेजी से आगे बढ़ रहा है। यह 2015 में 81वें स्थान से बढ़कर 2023 में 40वें स्थान पर पहुंच गया है। इस वर्ष नीति आयोग, उद्योग निकाय सीआईआई और विश्व बौद्धिक संपदा के साथ साझेदारी में संगठन (डब्ल्यूआईपीओ), 29 सितंबर, 2023 को जीआईआई 2023 के भारत लॉन्च की वर्चुअल मेजबानी कर रहा है। लॉन्च सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी, सदस्य वी के सारस्वत, सीईओ बीवीआर सुब्रमण्यम डब्ल्यूआईपीओ के जनरल डेरेन टैंग सहित अन्य कई वरिष्ठ गणमान्य शामिल होंगे।

आईआई दुनिया भर की सरकारों के लिए अपने संबंधित देशों में नवाचार के नेतृत्व वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करने के लिए एक विश्वसनीय उपकरण है। पिछले कुछ वर्षों में, जीआईआई ने खुद को विभिन्न सरकारों के लिए एक नीति उपकरण के रूप में स्थापित किया है और उन्हें मौजूदा यथास्थिति पर विचार करने में मदद की है।

नीति आयोग के एक बयान में कहा गया है कि भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी नवाचार-संचालित अर्थव्यवस्था की दिशा में भारत की यात्रा में सहयोग कर रहा है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### भावी पीढ़ी को इतिहास....

यह स्मारक युगों-युगों तक वीरता, देश भक्ति और सामाजिक समरसता की प्रेरणा देता रहेगा। मंत्री सुश्री ठाकुर ने महाराणा प्रताप स्मारक के निर्माण के लिए मुख्यमंत्री श्री चौहान का कोटि-कोटि अभिनंदन किया। कार्यक्रम में महाराणा प्रताप स्मारक पर आधारित एनीमेटेट फिल्म का प्रदर्शन किया गया। श्री रामप्रत पाण्डेय और साथी कलाकारों ने महाराणा प्रताप के जीवन पर केंद्रित गीत-संगीतमयी प्रस्तुति दी।इस अवसर पर राजस्व परिवहन मंत्री श्री गोविंद राजपूत, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह, सहकारिता लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री महेन्द्र सिसोदिया, औद्योगिक नीति एवं निवेश मंत्री श्री राज्यवर्धन सिंह दत्तीगांव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री ओ.पी.एस. भदौरिया, खनिज साधन एवं श्रम मंत्री श्री बृजेन्द्र प्रताप सिंह,राज्य स्तरीय दीनदयाल अंत्योदय समिति कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष श्री रामपाल सिंह सहित राजपूत समाज के प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे।

**ऐसा होगा महाराणा प्रताप स्मारक**-महाराणा प्रताप स्मारक की संरचना में कुंभलगढ़ दुर्ग से प्रेरित होगी। महाराणा प्रताप की 20 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित की जाएगी। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप के साथ ही मेवाड़ वंश के गौरव बप्पा रावल, खुमाण प्रथम, महाराणा हम्मीर, महाराणा कुम्भा, महाराणा सांगा एवं उदयसिंह के जीवन चरित्र की प्रदर्शनी दर्शायी जाएगी। महाराणा की जीवनी पर 20 मिनट की फिल्म के प्रदर्शन के लिए इंटरप्रिटेशन सेन्टर बनाया जाएगा। मेवाड़ एवं महाराणा प्रताप के जीवन की घटनाओं और कलाकृतियों को प्रदर्शित करने वाली गैलरी बनाई जाएगी।

स्मारक के लैण्डस्केप एरिया में खुली गैलरियों के माध्यम से महाराणा प्रताप द्वारा वन में व्यतीत किए गए कालखंड का प्रदर्शन किया जाएगा। चित्तौड़ में महाराणा कुम्भा द्वारा बनाये गये विजय स्तंभ की प्रतिकृति को स्मारक में स्थापित किया जाएगा। स्मारक में 2000 लोगों की बैठक क्षमता का आकाशीय मंच बनाया जाएगा, जिसमें महाराणा प्रताप के शौर्य, पराक्रम, त्याग एवं बलिदान पर आधारित लाइट एण्ड साउण्ड शो का प्रदर्शन किया जाएगा। निकास मार्ग में प्रमुख युद्धों की भीतिचित्र प्रदर्शनी और 3-ष्ठ कलाकृतियों का चित्रण होगा। साथ ही परिसर में जन-सुविधाएं, कैफेटेरिया और गिफ्ट शॉप का निर्माण किया जायेगा।

### कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा, जिला जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं 07624-230030 ईमेल cmosihora@mpurban.gov.in

क्र. 2707/PWD/NPP/2023 सिहोरा, दिनांक 25.09.2023

**/ / निविदा सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2023_UAD_311547_1 दि. 26-09-2023, | वार्ड 01 में बिटनरी हॉस्पिटल के सामने नाली निर्माण | 2 माह 3,81,708/- | 2,000 3,900/- | 13-10-2023 |
| 2023_UAD_311548_1 दि. 26-09-2023, | वार्ड क्र. 07 में रक्कू की चक्की के पास गढ़िया मोहल्ला में रंगमंच निर्माण कार्य | 2 माह 2,25,906/- | 2,000 2,300/- | 13-10-2023 |
| 2023_UAD_311549_1 दि. 26-09-2023, | वार्ड क्र. 07 में रिंका के घर के पास रंगमंच निर्माण | 2 माह 2,83,129/- | 2,000 2,900/- | 13-10-2023 |
| 2023_UAD_311550_1 दि. 26-09-2023, | वार्ड क्र. 10 में हनुमान मंदिर के पास रंगमंच निर्माण | 2 माह 2,89,877/- | 2,000 2,900/- | 13-10-2023 |

शर्तें- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जायेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**श्रीमति संध्या दिलीप दुबे** / **अध्यक्ष** / **नगर पालिका परिषद सिहोरा**

**श्री अंकुश नायक** / **प्रभारी सदस्य लो.नि.वि.** / **नगर पालिका परिषद सिहोरा**

**एल. एस. सारस** / **मुख्य नगर पालिका अधिकारी** / **नगर पालिका परिषद सिहोरा**

### कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग वि/यां संभाग जबलपुर

Web site:www.mp.gov.in/pwdmp Email :-eepwdelecjbp@mp.nic.in
Tel./Fax No. 0761-2620792

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक -16/2023-24/व.ले.लि. जबलपुर, दिनांक, 21/09/2023

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित विद्युत कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेन्डर क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रु. में) | अमानत की राशि (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय | 1. ठेकेदार की श्रेणी 2. निविदा कॉल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. | 8. |
| 1. | 2023_PWDRB_310101_1 | डिण्डौरी जिले के जिला अस्पताल में 33 के.व्ही. लाईन विस्तार एवं 2X500 के.व्ही. ट्रांसफार्मर का विद्युतीकरण कार्य। | Rs. 178.81 Lakh | 1,78,810 | 12500/- | 4 month | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 2. | 2023_PWDRB_310103_1 | जबलपुर जिले के कलेक्ट्रेट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 10.00 Lakh | 20,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'ब' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 3. | 2023_PWDRB_310105_1 | जबलपुर जिले के मेडिकल सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 18.50 Lakh | 37,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 4. | 2023_PWDRB_310107_1 | जबलपुर जिले के होम साइंस सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 5. | 2023_PWDRB_310110_1 | जबलपुर जिले के वि/यां डिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 6. | 2023_PWDRB_310115_1 | जबलपुर जिले के हाईकोर्ट सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 7. | 2023_PWDRB_310124_1 | जबलपुर जिले के एम.एम.वी. सेक्शन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 8. | 2023_PWDRB_310126_1 | जबलपुर जिले के वि/यां सबडिवीजन के अंतर्गत विद्युतीकरण जोनल कार्य। | Rs. 15.00 Lakh | 30,000/- | 2000/- | Up to 31/03/2024 | 1. नवीन पंजीकरण एवं 'अ' श्रेणी विद्युत लाइसेंस हेतु 2. प्रथम कॉल। |
| 9. | 2023_PWDRB_310649_1 | कार्यपालन यंत्री लो.नि.वि. भ/स संभाग क्रं. 2 जबलपुर के अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी लोक निर्माण विभाग भ/स उपसंभाग क्रमांक 2 (मेडीकल उपसंभाग) के शासकीय कार्य उपयोग हेतु बोलेरो वाहन जबलपुर। (1 माह में 15 दिन)(1 वर्ष के लिये) | Rs. 1.20 Lakh | 2400/- | 1000/- | 1 Year | 1. प्रथम कॉल। |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 02.10.2023, (17.30 ) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग वि./यां. संभाग जबलपुर**

G-20425/23 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।

### मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड

कार्यालय कार्यपालन अभियंता (संचा-संधा), सिहोरा
फोन नंबर : 07624-230449, ई-मेल : eeshrmppkvvcl@gmail.com

**विद्युत प्रदाय बंद रहने की सूचना**

म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि., सिहोरा संभागान्तर्गत संबंद्ध विद्युत उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 11 के.व्ही. लाइनों के पोस्ट मानसून रखरखाव कार्य किये जाने हेतु निम्नानुसार समय सुबह 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक विद्युत प्रदाय अवरुद्ध रहेगा। आवश्यकतानुसार विद्युत प्रदाय की समयावधि घटाई या बढ़ाई जा सकती है।

| 11 के.व्ही. फीडर का नाम | दिनांक | प्रभावित क्षेत्र/उपकेन्द्र | संबंधित अधिकारी का नाम एवं फोन नं. |
|---|---|---|---|
| कॉलेज फीडर | 30.09.2023 | वार्ड नं. 16, 17, 18, पान उमरिया रोड, मझगवां रोड, अलीनगर, सकरी मोहल्ला, बरा मोहल्ला आदि से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | श्री रविन्द्र सिंह ठाकुर कनिष्ठ अभियंता मोबाइल : 9425806197 |
| सिहोरा एवं खितौला उपकेन्द्र | 01.10.2023 | सिहोरा एवं खितौला उपकेन्द्र से संबंधित क्षेत्र। | |
| टाउन-2 | 03.10.2023 | वर्कशॉप, ज्वालामुखी, नया मोहल्ला, नया बस स्टैण्ड, जेल, कटरा मोहल्ला, कंकाली मोहल्ला, मनसकरा, सिलौंडी, मझौली बायपास, गढ़िया मोहल्ला, जेल रोड, आदि से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | |
| टाउन-3 | 04.10.2023 | जयभवानी कॉलोनी, खितौला रेलवे स्टेशन, खितौला बाजार, मंडी रोड, फाटक रोड, मस्जिद रोड, रेलवे स्टेशन तरफ खितौला का पूर्ण क्षेत्र आदि से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | |
| टाउन-4 | 05.10.2023 | सिविल लाईन, SBI कॉलोनी, इमलहापुरा, अद्युपुरा, गडिया मोहल्ला, मझौली बायपास, बावाताल, आदि से संबंधित समस्त उपभोक्ता। | |

**"आपका बिजली बिल मोबाइल पर SMS के माध्यम से प्राप्त होगा। अतः मैसेज प्राप्त न होने पर 1912 पर कॉल करें अथवा कार्यालय में सम्पर्क कर अपना मोबाइल नं. दर्ज करायें।"**

म.प्र. माध्यम/112285/2023 **कार्यपालन अभियंता (संचा-संधा)**

## उत्तरी सेना के कमांडर ने अग्रिम चौकियों का दौरा किया

**श्रीनगर।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेन्द्र द्विवेदी ने गुरुवार को सियाचिन लद्दाख में अग्रिम इलाकों का दौरा किया और ऑपरेशनल तैयारियों की समीक्षा की। लेह स्थित फायर एंड फ्यूरी कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल रशीम बाली और सियाचिन ब्रिगेड के कमांडर के साथ, सेना कमांडर ने दुर्गम इलाके के बावजूद युद्ध की तैयारी के उत्कृष्ट मानकों के लिए सेक्टर में तैनात सैनिकों की सराहना की।

## कोटा में एक और छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या


**कोटा।** राजस्थान के कोटा में रहकर नीट की प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कोटा में किसी कोचिंग छात्र के आत्महत्या करने की इस साल की यह 27 वीं और इस महीने की तीसरी घटना है। हालांकि यह छात्र किसी कोचिंग संस्थान का छात्र नहीं था, बल्कि अपने स्तर पर पढ़ाई कर नीट में प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था। उत्तर प्रदेश के महाराजगंज का रहने वाला छात्र तनवीर (20) पिछले छेढ़ साल से कोटा में रहकर नीट की तैयारी कर रहा था।

# देश-प्रदेश

## उवाच

**मौजूदा संविधान बदलना चाहती है भाजपा**

**भाटापारा।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने लोगो का लोकतंत्र और संविधान को बचाने के लिए एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा कि भाजपा मौजूदा संविधान को हटाकर दूसरा संविधान लाना चाहती है। श्री खड़गे ने आज यहां आयोजित कृषक सह श्रमिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि अपनी रणनीति के मुताबिक भाजपा ने इस बारे में अपने विचारों के पक्ष में अपने लोगो से चर्चाएं शुरू करवा दी है।वह लोगो में इसके असर को देखना चाहते है।उन्होने कहा कि लोकतंत्र और संविधान को बचाने की लड़ाई में गरीबों,पिछड़ों,दलितों,आदिवासियों को कांग्रेस का साथ देना होगा।



संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट से मिली जानकारी

# भारत में तेजी से बढ़ रही बुजुर्गों की आबादी

### 27 साल बाद हर 5 में से एक व्यक्ति होगा वृद्ध

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत आने वाले दशकों में तेजी से वृद्ध होते समाज में बदल जाएगा। 2050 तक हर पांच में से एक शख्स बुजुर्ग होगा। सदी के अंत में कुल आबादी में 36 फीसदी वृद्ध होंगे, जो अभी महज 10.1 फीसदी हैं। देश में बुजुर्गों की आबादी बढ़ने का सिलसिला 2010 से शुरू हुआ है। मौजूदा चलन के मुताबिक तकरीबन 15 साल में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के नागरिकों की संख्या दोगुनी हो रही है। भारतीय आबादी के बुजुर्ग होने से आने वाली समस्याओं और उनके निदान व समाधान को ध्यान में रखकर संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष व भारत इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट फॉर पापुलेशन साइंसेज ने बुधवार को इंडिया एजिंग रिपोर्ट, 2023 जारी की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, भारत ही नहीं, पूरी दुनिया की आबादी बूढ़ी हो रही है। वैश्विक स्तर पर बात की जाए, तो 2022 में 7.9 अरब की आबादी में से करीब 1.1 अरब लोग 60 वर्ष से अधिक उम्र के थे। यह आबादी का करीब 13.9 फीसदी हिस्सा है। 2050 तक वैश्विक आबादी में बुजुर्गों की तादाद बढ़कर करीब 2.2 अरब (22 फीसदी) के करीब पहुंच जाएगी।

### मृत्यु दर में आई कमी

भारत में बुजुर्गों की तादाद बढ़ने की तीन वजह हैं- घटती प्रजनन क्षमता, मृत्यु दर में कमी और उत्तरजीविता में वृद्धि। बीते एक दशक में देश में प्रजनन क्षमता में 20 फीसदी की गिरावट आई है। 2008-10 के दौरान देश की सकल प्रजनन दर 86.1 थी, जो 2018 से 2020 के दौरान घटकर 68.7 रह गई है। कुल आबादी में बुजुर्गों के राष्ट्रीय औसत से कम संख्या वाले 11 राज्य हैं। इनमें 7.7 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ बिहार देश का सबसे युवा राज्य है। 8.1 फीसदी बुजुर्ग आबादी के साथ उत्तर प्रदेश दूसरा सबसे युवा राज्य है। शीर्ष पांच राज्यों में असम (8.2 फीसदी) तीसरे, झारखंड (8.4 फीसदी) चौथे और राजस्थान व मध्य प्रदेश (8.5 फीसदी) पांचवें स्थान पर हैं। 60 पार उम्र की 16.5 फीसदी आबादी के साथ केरल सबसे बुजुर्ग राज्य है।



*मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भगवान गणेश की प्रतिमा को सपरिवार मुख्यमंत्री निवास से विसर्जन के लिए ले जाते हुए। (फोटो : देशबन्धु)*

# बिधूडी व दानिश मामले की जांच करेगी विशेषाधिकार समिति

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद में बसपा सांसद दानिश अली पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोपी भाजपा सांसद रमेश बिधूडी को पार्टी ने राजस्थान चुनाव में अहम जिम्मेदारी देकर एक तरह से क्लीनचिट दे दिया है। जिस पर विपक्ष उखडा हुआ है। लेकिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि बिधुडी और दानिश अली मामले की जांच विशेषाधिकार समिति करेगी। इसके बाद यह पता चल जाएगा कि दोषी कौन है।

उल्लेखनीय है कि विपक्षी सांसदों की सिफारिश पर मामला विशेषाधिकार समिति के पास भेजा गया है। समिति मामले की तह में जाकर पता लगाएगी कि दोषी कौन है। बतादें कि कल ही भाजपा नेतृत्व दृवारा बिधूडी को राजस्थान के टोंक जिले का प्रभारी नियुक्त किया गया था। इस खबर के बाद भडके दानिश अली ने कहाकि भाजपा के इस फैसले ने उसका चाल,चरित्र और चेहरा स्पष्ट कर दिया है। यह कोई हैरान करने वाला फैसला नहीं है,बल्कि भाजपा से यही अपेक्षा थी। बतादें कि इससे पहले एआईएमआईएम के नेता असदुद्दीन ओवैसी ने कहा थाकि भाजपा अब बिधूडी को दिल्ली प्रदेश का अध्यक्ष बना देगी। कुछ हद तक ओवैसी का बयान सच भी साबित हुआ प्रदेश अध्यक्ष तो नहीं लेकिन बिधूडी को इनाम मिला और राजस्थान चुनाव में उन्हें महत्वपूर्ण जिम्मा सौंप दिया गया। हालांकि इस मामले में भाजपा ने बिधुडी को नोटिस जारी कर 15 दिनों में जवाब मांगा है। लेकिन उनकी इस नई नियुक्ति के बाद माना जा रहा है कि है पार्टी ने उन्हें पहले ही क्लीनचिट दे दी है।

पंजाब में किसान संगठनों का रेल रोको आंदोलन शुरू

# 25 ट्रेनें प्रभावित, यात्री स्टेशनों पर फंसे



**जालंधर, एजेंसी।** पंजाब के 19 किसान-मजदूर संगठनों ने अपनी मांगों को लेकर आज से 30 सितंबर तक रेल रोको आंदोलन शुरू कर दिया है। किसान पंजाब भर में रेलवे लाइनों पर बैठ गए हैं। रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद दिल्ली से अमृतसर, पठानकोट से अमृतसर और पंजाब से चंडीगढ़ के रेलवे ट्रैक पर ट्रेनों का चक्का जाम हो गया है। ट्रेनों का चक्का जाम होने के कारण सैकड़ों यात्री पंजाब के रेलवे स्टेशनों पर फंस गए हैं। गुरुवार सुबह ही किसान बड़ी गिनती में रेलवे लाइनों के पास इकट्ठा होना शुरू हो गए थे। किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने बताया कि किसान तीन दिन की पूरी तैयारी के साथ आए हैं। खाने-पीने व बैठने का पूरा इंतजाम हो चुका है और ट्रॉलियों में सोने के लिए गद्दे भी किसान साथ लेकर आए हैं। 19 जत्थेबंदियों ने 17 जगहों पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। इसमें मोगा रेलवे स्टेशन, अजीतवाल व डगरू, होशियारपुर, गुरदासपुर व डेरा बाबा नानक, जालंधर कैंट, तरनतारन, संगरूर के सुनाम, पटियाला के नाभा, फिरोजपुर के बसती टैंकां वाली व मल्लांवाला, बठिंडा के रामपुरा फूल, अमृतसर के देवीदासपुरा व मजीठा, फाजिल्का, मलेरकोटला के अहमदगढ़ में यह प्रदर्शन अगले तीन दिन तक जारी रहेगा।

### हरियाणा के किसानों का मिला समर्थन

वहीं, हरियाणा के किसान नेता भी पंजाब के समर्थन में आ गए हैं। हरियाणा किसान नेताओं का कहना है कि हरियाणा में पैदल यात्रा पहले से चल रही है। अगर पंजाब में किसानों के साथ अन्याय हुआ या पुलिस ने कोई जोर-जबरदस्ती करने की कोशिश की तो हरियाणा के किसान भी पंजाब की तरफ कूच कर लेंगे। इसके बाद बड़ी गिनती में आंदोलन शुरू हो जाएगा।

### प्रति एकड़ 50 हजार मिले मुआवजा

किसानों का कहना है कि बाढ़ और बरसात से फसलों का भारी नुकसान हुआ है। बहुत सारे किसानों की न तो अभी तक गिरदावरी हुई है और न ही उन्हें मुआवजा मिला है। जिन्हें मिला भी है, वह बहुत कम है। किसान संगठनों का कहना है कि कम से कम प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा किसानों को दिया जाए। साथ ही केंद्र सरकार भी बाढ़ से हुए नुकसान के लिए 50 हजार करोड़ रुपए पंजाब को दे।

कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किया कांग्रेस की जीत का दावा

# टिकट वितरण में दिख रही भाजपा की घबराहट

**भोपाल, देशबन्धु।** कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक ने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा में भारी घबराहट है, यही वजह है कि पार्टी केन्द्रीय मंत्रियों को चुनाव में उतार रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा में इतनी अफरा-तफरी मची हुई है, क्योंकि उसके पैरों के नीचे अब सियासी जमीन खिसक चुकी है।



वह प्रदेश में कांग्रेस की मीडिया समन्वयक की भूमिका मिलने के बाद आज प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा कर रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता चुनाव नहीं लड़ना चाहते, इसके बाद भी उन्हें विधानसभा चुनाव में उतारा जा रहा है। इस दौरान एक वीडियो भी दिखाया, जिसमें वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश विजयवर्गीय कहते दिख रहे हैं कि वो चुनाव ही नहीं लड़ना चाहते हैं। एक सवाल के जवाब में डॉ. रागिनी ने कहा कि जन आक्रोश यात्रा में जिस तरह से जनता का आक्रोश नजर सामने आ रहा है, उससे उम्मीद जताई कि इस बार कांग्रेस भारी बहुमत के साथ प्रदेश में सरकार बनाएगी। कांग्रेस में गुटबाजी पर उन्होंने कहा कि पार्टी के भीतर कोई कलह नहीं बल्कि सामंजस्य है। उज्जैन में मासूम बालिका से दुष्कर्म की घटना को दुखद बताते हुए डॉ.रागिनी ने कहा कि इस घटना से जितना दुख महिलाओं को हुआ उतना ही प्रदेश के पुरुषों को भी हुआ है और अब जनता का रोष और ज्यादा बढ़ गया है।

### विधायक शुक्ला का बयान महिला विरोधी

राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी ने भाजपा सरकार पर महिला विरोधी होने का आरोप भी लगाया। उन्होंने कहा कि विधायक केदारनाथ शुक्ल का टिकट काटे जाने के बाद वे महिला नेता को लेकर जिस तरह की भाषा का उपयोग कर रहे हैं, वह आपत्तिजनक है, क्योंकि उनका महिला विरोधी कथन भाजपा की महिला विरोधी मानसिकता को दर्शाता है।

### केन्द्रीय मंत्रियों को देने होंगे जवाब

डॉ. रागिनी ने सवाल उठाया कि जो सांसद और जो केंद्रीय मंत्री चुनाव लड़ेंगे, उनके मंत्रालय का क्या होगा? जब चुनाव लड़ने आएंगे केंद्रीय कृषि मंत्री तो उनसे काले कृषि कानून पर भी सवाल किया जाएगा, क्यों आपके कारण 7 सौ किसानों को शहीद होना पड़ा? कृषि व्यवस्था पर सवाल किया जायेगा, किसानों की दुर्दशा पर सवाल किया जाएगा? उन्होंने कहा कि हार को देखकर भाजपा में जो आपा-धापी और अफरा-तफरी है वह टिकट प्रणाली के वितरण से पता चलती है।

सौ बदमाशों से पूछताछ और हजार सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद हाथ आए दरिंदा

# मासूम से ज्यादती के मामले में आटो चालक सहित 4 पकड़े, एसआईटी करेगी जांच

**उज्जैन, देशबन्धु।** उज्जैन में 12 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में आखिरकार सौ से ज्यादा बदमाशों से पूछताछ और हजार सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद एक आटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि 3 आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। वहीं इस मामले में जांच तेज करते हुए एसआईटी टीम का गठन किया गया है जिसे जांच सौंपी जाएगी।

पुलिस अधीक्षक सचिन शर्मा के मुताबिक विशेष जांच दल एसआईटी के सदस्यों ने मामले के बाद से ही अलग-अलग टीमें बनाई। उन्होंने पहली बार बालिका को जहां देखा था, उसके आसपास की जानकारी जुटाई। शहर के करीब एक हजार से भी ज्यादा सीसीटीवी फुटेज देखे गए। आरोपियों के संबंध में बाईपास स्थित कालोनियों के रहवासियों से जानकारी जुटाई गई। उसके बाद तकनीकी साक्ष्य एकत्रित किया गया।

पुलिस टीमों ने सौ से भी अधिक निगरानी बदमाशों से पूछताछ की, इसके अलावा कई रिक्शा चालकों, ई-रिक्शा चालकों, बस संचालकों, रेलवे स्टेशन, बस स्टेण्ड पर तमाम लोगों से पूछताछ की। पीड़िता की पहचान के लिए आसपास के जिलों और राज्यों से भी संपर्क किया। मासूम से ज्यादती के आरोपियों को तलाशने के लिए पहले इसी तरह के अपराध करने वाले अपराधियों से भी पूछताछ की। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से बालिका को अपने साथ ले जाने वाले ऑटो चालक भरत की जानकारी मिलने पर उसे 28 सितंबर को गिरफ्तार कर लिया गया। भरत ने पूछताछ में एसआईटी के सामने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।

इधर इस मामले में महाकाल थाना प्रभारी अजय वर्मा ने पीड़ित मासूम को गोद लेने का फैसला किया है, वह पीड़िता की पढ़ाई-लिखाई का खर्च उठाएंगे। पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी वर्मा के कदम का स्वागत किया है।

### *मुख्यमंत्री ने कहा, ऐसे दरिंदे समाज में रहने लायक नहीं*

*उज्जैन दुष्कर्म मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है, उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि मासूम बिटिया के साथ घिनौनी हरकत करने वाला अपराधी पकड़ा गया है। अब इस दरिंदे को कठोरतम दंड दिलाने में हम कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि इस तरह के अपराधी समाज में रहने के लायक नहीं हैं। उसने मध्यप्रदेश की आत्मा को घायल किया है। मुख्यमंत्री ने पीड़िता के बारे में कहा कि वह मध्यप्रदेश की बेटी है, हम बेटियों की हर तरह से चिंता करेंगे।*

### *भागने की कोशिश में आरोपी घायल*

*उसे गिरफ्तार कर एसआईटी टीम जब घटनास्थल का निरीक्षण करने पहुंची तो मासूम से ज्यादती के आरोपी भरत ने पुलिस जवानों को धक्का देकर भागने की कोशिश की। जब पुलिस उसे पकड़ने दौड़ी तो उसने पुलिस पर पथराव कर दिया। जिसमें पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों जख्मी हो गए। इसी दौरान आरोपी का पैर गड्ढे में पड़ा और वह गिर गया, जिससे वह भी जख्मी हो गया, आरोपी को मेडिकल परीक्षण के लिए ले जाया गया है।*

## अतिपिछड़ा सम्मेलन में जमकर चले लात-घूंसे

**मोतिहारी।** बिहार के पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन नेताओं के लिए आखाड़ा बन गया। इस दौरान जमकर लात-घूंसे चले। पूर्वी चंपारण राजद अतिपिछड़ा सम्मेलन राजाबाजार स्थित बापू सभागार में आयोजित किया गया।

# मुख्यमंत्री ने खिलाड़ियों, पत्रकारों और पर्यावरण प्रेमियों के साथ लगाए पौधे



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने श्यामला हिल्स स्थित उद्यान में सामाजिक कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों, पत्रकारों और पर्यावरण प्रेमियों के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने आज स्मार्ट उद्यान में नागरिकों के साथ बरगद, गूलर और जामुन के पौधे लगाए। ग्वालियर बंजारा समाज के सर्वश्री संत कुमार बंजारा, उत्तम सिंह बंजारा, बंटी बंजारा, भूरे सिंह बंजारा, परमार सिंह और आशीष ने भी पौधरोपण किया। बालिका अंशिका ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पिता अमकेश्वर मिश्रा, माँ श्रीमती अंजली और भाई अंशुल के साथ मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पौधरोपण किया। साथ ही पत्रकार सैयद जाहिद मीर ने अपने जन्म दिवस के अवसर पर पत्नी श्रीमती मेहबूब जहाँ मीर के साथ पौधरोपण किया। आगामी नेशनल गेम्स 2023 में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाले कोच पंकज पाराशर, खिलाड़ी आशु कुमार, रितिका कुशवाहा, निहारिका राजपुरोहित, श्वेता कुमारी, अरविश मकरानी, तनु सेन और पंकज पाण्डेय ने भी मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ पौधरोपण किया। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें नेशनल गेम्स में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

## भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक रविवार को

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अध्यक्षता में रविवार को भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति की अगली बैठक हो सकती है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, रविवार शाम को होने वाली इस बैठक में भाजपा मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उम्मीदवारों के नाम पर मुहर लगा सकती है। भाजपा मध्य प्रदेश के लिए अब तक उम्मीदवारों की तीन लिस्ट जारी कर चुकी है।

प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला, कहा

# भाजपा के कुशासन में कोई सुरक्षित नहीं

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के उज्जैन में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के मामले में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश सरकार पर हमला बोलते हुए आज कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कुशासन में आदिवासियों से लेकर महिलाओं तक कोई सुरक्षित नहीं है। श्रीमती वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में एक छोटी बच्ची के साथ हुई बर्बरता आत्मा को झकझोर देने वाली है। अत्याचार के बाद वह ढाई घंटे तक दर-दर मदद के लिए भटकती रही और फिर बेहोश होकर सड़क पर गिर गई लेकिन मदद नहीं मिल सकी। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि क्या ये मध्यप्रदेश की कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा है। भाजपा के 20 साल के कुशासन तंत्र में बच्चियां, महिलाएं, आदिवासी, दलित कोई सुरक्षित नहीं है। लाड़ली बहना के नाम पर चुनावी घोषणाएं करने का क्या फ़ायदा है, अगर बच्चियों को सुरक्षा और मदद तक नहीं मिल सकती? वहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने इस मामले में स्थानीय निवासियों पर भी सवालिया निशान लगाए हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, उज्जैन मामले में अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार कर उन्हें सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। जिस क्षेत्र से यह बच्ची गुजरी है वहां के लोगों के लिए शर्म की बात है।

# बसपा दूसरी सूची जारी, 9 प्रत्याशियों के नाम घोषित

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों के लिए बहुजन समाज पार्टी (बसपा) दूसरी सूची जारी कर दी है। जिसमें उसने 9 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए हैं। जिन सीटों पर बसपा ने अपने प्रत्याशी घोषित किए हैं, उनमें 3 सामान्य सीटें हैं वहीं 6 सीटें आरक्षित है। इसके पहले पार्टी ने पहली सूची में 7 प्रत्याशियों के नाम घोषित किए थे। इस तरह कुल मिलाकर अब तक बसपा ने 16 प्रत्याशियों को चुनावी मैदान में उतारा है। बसपा की दूसरी सूची में सामान्य सीट भिण्ड से रक्षपाल सिंह कुशवाह, अमरपाटन से छन्गेलाल कोल, सीहोर से कमलेश दौहरे को प्रत्याशी घोषित किया है। जबकि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित जबलपुर पूर्व से बालकिशन चौधरी, बैरसिया से

विश्राम सिंह बौध्द, सोनकच्छ से डॉ. एस.एस. मालवीय, घटिया से जीवन सिंह देवड़ा, गुन्नौर से देवीदीन आशू, चंदला से डी.डी. अहिरवार को बसपा ने चुनाव मैदान में उतारा है।


**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम योगेश कुमार अग्रवाल YOGESH KUMAR AGARWAL था जो कि मेरे पासपोर्ट में भी दर्ज था जो कि अब बदलकर योगेश अग्रवाल YOGESH AGARWAL हो गया है जो कि मेरे समस्त दस्तावेजों में दर्ज है। अतः मुझे अब मेरे इसी नाम योगेश अग्रवाल YOGESH AGARWAL के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा लिखा जावे।

पूर्व नाम
योगेश कुमार अग्रवाल
YOGESH KUMAR AGARWAL
वर्तमान नाम
योगेश अग्रवाल
YOGESH AGARWAL

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं ARMY NO 2695753Y, RANK - CHM, NAME-BANWARI LAL, UNIT-20 GRENADIERS VILLAGE-RAIBA, POST-RAIBA, TEH- KIRAWALI DISTT-AGRA, STATE- (UP) PIN-283101 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माताजी का नाम OMBATI DEVI एवं मेरे पिताजी का नाम KAPTAN SINGH दर्ज है जो कि गलत है। मेरी माताजी का सही नाम OMVATI एवं मेरे पिताजी का सही नाम KAPTAN है जो कि उनके आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माताजी एवं मेरे पिताजी के इन नामों को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं FARIDA HUSAIN पति MUTAHER HUSAIN निवासी म.नं. 27, मोतीलाल नेहरू वार्ड, कोतवाली हनुमानताल, जबलपुर शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ।
2. यह कि मेरा पासपोर्ट नं. K9086112 जारी दिनांक 11/12/2012 वैधता दिनांक 10/12/2022 में मेरा नाम FARIDA पति MUTAHER HUSAIN है।
3. यह कि मेरा नाम बदल कर FARIDA HUSAIN पति MUTAHER HUSAIN हो गया है।
4. यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, सभी शासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम FARIDA HUSAIN पति MUTAHER HUSAIN हो गया है।

जबलपुर, दिनांक-
शपथकर्ती
FARIDA HUSAIN
र.नं. 1296

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं नवीन कुमार गुप्ता NAVEEN KUMAR GUPTA पिता महेश चंद गुप्ता MAHESH CHANDRA GUPTA निवासी 283 नेपियर टाउन, आनंद बिहार, स्वामी दयानंद सरस्वती वार्ड, जबलपुर शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते पर निवास करती हूँ। 2. यह कि मेरे पासपोर्ट नं. H8041771 जारी दिनांक 10/12/2009 वैधता दिनांक. 09/12/2019 में मेरा नाम NAVIN KUMAR GUPTA पिता MAHESH CHANDRA GUPTA दर्ज है, जो कि गलत है। जबकि मेरा सही नाम NAVEEN KUMAR GUPTA पिता MAHESH CHANDRA GUPTA है। 3. यह कि अतः मेरे पासपोर्ट में मेरा सही नाम NAVEEN KUMAR GUPTA पिता MAHESH CHANDRA GUPTA ही पढ़ा लिखा एवं समझा जायें। जो कि आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेजों में दर्ज है।

जबलपुर, दिनांक- 16 फरवरी 2023
शपथकर्ता
NAVEEN KUMAR GUPTA
र.नं. 1295

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**

पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 27/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सुलोचना ठाकुर पत्नी श्री सदन कुमार ठाकुर ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 753/34 ए-1 अमृतभोज होटल के पास बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46000444, 1000383486 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 810 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 810 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र दानपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री सुम्मत लाल ठाकुर पिता श्री बल्लम ठाकुर का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं DHARMI माताजी Army no 13772002N Rank HAV Name PREM SINGH of UNIT- 22 JAK RIF, JAK RRC JABALPUR 482001 निवासी Vill- KUTHANHI, PO- SIANJI, Teh - SUNDER NAGAR, DISTT-MANDI (HP) PIN- 175027, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरा नाम DHARMI से DHARMI DEVI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र कमॉक 77AA 087209 दिनॉक 27/09/2023 नोटरी जबलपुर मप्र।

जबलपुर, शुक्रवार 29 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## हेट स्पीच में हिन्दुत्ववादी संगठनों की संलिप्तता उजागर

पिछले कुछ समय में देश में हेट स्पीच की बाढ़ आई हुई है। दिन गुजरने के साथ इनमें वृद्धि ही दर्ज हो रही है। इसके कारण समाज में परस्पर नफ़रत और हिंसा का माहौल है। 2014 में भारतीय जनता पार्टी के केन्द्र सरकार पर आरुढ़ होने के बाद से हेट स्पीच उफान पर हैं। वैसे भी यह हमेशा से साफ था कि कड़ुवे बोलों के लिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा में पगे लाखों कार्यकर्ता, उसकी राजनैतिक विंग भाजपा के समर्थक तथा अन्य अनुषांगिक संगठनों के लोग जिम्मेदार हैं। 'हिन्दुत्व वॉच' ने इस वर्ष की पहली छमाही की जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, उससे इसकी पुष्टि होती है।

'हिन्दुत्व वॉच' ने अनेक जहर बुझे भाषणों व वक्तव्यों का अध्ययन कर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की है, जिसका सारांश ही सारी कहानी को बयां कर देता है। उसके अनुसार, 2023 के प्रथम छह महीनों में ऐसे 255 दस्तावेजी वक्तव्य या घटनाएं हुई हैं जिनके निशाने पर मुस्लिम थे। इनमें से 205 (80 फीसदी) घटनाएं भाजपा प्रशासित राज्यों में हुई हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, मध्यप्रदेश, राजस्थान और गुजरात में सर्वाधिक वाकये हुए। अकेले महाराष्ट्र में ये 29 प्रतिशत रहे। जिन 8 राज्यों में इस तरह की घटनाएं सर्वाधिक हुईं उनमें से 7 में भाजपा की सरकारें हैं। करीब 52 प्रतिशत मामले भाजपा वाले राज्यों व केन्द्र प्रशासित राज्यों (यूटी) में हुए और इनके लिये आरएसएस के साथ उसके परिवार के विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल, सकल हिन्दू समाज और भाजपा की इनमें संलिप्तता है। कुल 17 राज्यों व 2 यूटी, जिन पर भाजपा की केन्द्र सरकार के जरिये हुकूमत चलती है, ऐसे वक्तव्यों व कृत्यों के लिये वही जिम्मेदार पाई गई है। लगभग 64 फीसदी हेट स्पीच मुस्लिम विरोधी बहुप्रचारित अवधारणाओं के प्रभावित पाई गईं। इनमें से 33 प्रतिशत में मुस्लिमों के खिलाफ हिंसा करने का आह्वान किया गया तो 11 फीसद में मुस्लिमों के बहिष्कार की और 4 प्रतिशत में मुस्लिम महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा की अपील की गई। 12 फीसद भाषणों में हथियारबंद होने की बात कही गई है। इन नफरती व हिंसक बयानों का सम्बन्ध सीधे-सीधे चुनावों से भी जुड़ता नज़र आता है। 33 फीसद ऐसे वक्तव्य उन राज्यों में दिये गये जहां 2023 में विधानसभा चुनाव होने हैं तो वहीं 36 प्रतिशत उनमें हुए जहां 2024 में राज्य के चुनाव होंगे।

इस तरह देखें तो यह रिपोर्ट आंखें खोल देने वाली है। यह शीशे की तरह एकदम से साफ है कि पिछले कुछ समय से इस तरह के हेट स्पीच से समाज को रोजाना दो-चार होना पड़ रहा है। निचले स्तर की बात छोड़ दें तो पाया यह गया है कि ऊंचे स्तर पर बैठे लोग इस प्रवृत्ति को आगे बढ़ा रहे हैं। भाजपा से जुड़े लोग संसद हो या चुनावी मंच, धार्मिक समारोह हों या समाचार चैनलों पर होने वाली डिबेट, वे नफरती बयान देने का कोई मौका हाथ से नहीं जाने देते। पिछले साल के जून में भाजपा की प्रवक्ता नुपूर शर्मा ने मोहम्मद पैगम्बर के खिलाफ विवादास्पद बयान दिया था जिसके कारण अनेक अरब देशों में तक उनके खिलाफ रोष फैल गया था। पार्टी ने उन्हें निकाल दिया था। पश्चिम दिल्ली के सांसद प्रवेश वर्मा द्वारा मुस्लिम दुकानदारों से सामान न खरीदने की अपील से भी लोगों में नाराज़गी फैली थी। केन्द्रीय मंत्री और हिमाचल प्रदेश की हमीरपुर लोकसभा सीट के सांसद अनुराग ठाकुर ने रिठाली में एक भाषण में 'देश के गद्दारों को, गोली मारो ...को' कहकर नफरती माहौल पैदा किया था। निर्वाचन आयोग ने उन पर 72 घंटे का प्रतिबन्ध लगाया था और भाजपा ने दिखावे के लिये उन्हें स्टार प्रचारकों की सूची से निकाल दिया था। अलबत्ता, दिल्ली की एक कोर्ट ने उन्हें व प्रवेश वर्मा के खिलाफ हेट स्पीच के मामले यह कहकर खारिज कर दिये थे कि 'चूंकि यह बात मुस्कुरा कर कही गई थी इसलिये कोई अपराध नहीं बनता।' 20 करोड़ मुस्लिमों की हत्या करने की बातें साफ तौर पर और धर्म संसद के खुले मंचों से की गई थीं।

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों के ऐसे अनेक उदाहरण हैं लेकिन इनका समग्र असर कितना भयावह है, उसके लिये बहुत हाल की कुछ घटनाओं पर ही दृष्टिपात कर लेना काफी होगा। ऐसे भाषणों का परिणाम मणिपुर में देखा जा रहा है जो पिछले छह महीनों से साम्प्रदायिक हिंसा में लगातार जल रहा है। हिन्दू आदिवासी मैतेई और ईसाई आदिवासी कुकी लोगों के हिंसक टकराव से सैकड़ों लोग मारे गये हैं, लाखों बेघर हुए हैं और कई शिविरों में रह रहे हैं। लगभग पूरा राज्य अशांत घोषित कर दिया गया है। नूंह में हुए हिन्दू-मुस्लिम साम्प्रदायिक दंगों की आग अब भी पूरी तरह से बुझी नहीं है। कुछ अरसा पहले जयपुर-मुंबई एक्सप्रेस में रेलवे पुलिस के एक जवान द्वारा तीन मुस्लिम यात्रियों की सर्विस राइफल से हत्या भी हेट स्पीच का ही परिणाम है।

ताज़ा मामला संसद का है। नये भवन में हो रहे विशेष सत्र के अंतिम दिन (21 सितम्बर) की शाम को चन्द्रयान की सफलता पर हो रही चर्चा के दौरान दक्षिण दिल्ली के भाजपायी सांसद रमेश बिधूड़ी उस वक्त अपना आपा खो बैठे जब भारत में अंतरिक्ष विज्ञान की प्रगति का श्रेय प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को दिया जाने लगा। नाराज़ बिधूड़ी ने बहुजन समाज पार्टी को कई धर्मसूचक गालियों से नवाज़ दिया। उन्हें पार्टी ने कारण बताओ नोटिस तो थमाया है पर राजस्थान विधानसभा के चुनावों के लिये महत्वपूर्ण टोंक सीट का प्रभारी भी बना दिया है जो बताता है कि भाजपा का हेट स्पीच के मामलों में पूरा समर्थन है।

# चौपड़ के पासों पर राजस्थानी मतदाताओं की निगाहें

जयपुर का खूबसूरत परकोटा विश्व विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर है और इसी परकोटे में वास्तुकार विद्याधरजी की बनाई चौपड़ भी है। यहां का बाज़ार चौपड़ की डिज़ाइन का है। वही चौपड़ जिस पर पांसे फेंककर कौरवों और पाण्डवों ने द्युत क्रीड़ा को अंजाम दिया था। उसके बाद फिर द्वापर युग की पूरी राजनीति बदल गई थी। यहां भी चुनावी राजनीति का रंग राजधानी जयपुर से जमना शुरू हो गया जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राहुल गांधी ने एक के बाद एक चुनावी सभाएं कीं। इन दोनों के आने से जनता के बीच भले ही कोई बड़ी हलचल न हुई हो लेकिन दलों के भीतर भूचाल आ गया है। मोदी के मंच पर दो बार की मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को बोलने का मौका नहीं मिला, तो राहुल गांधी भी जाते-जाते बम फोड़ गए कि मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ तो हम जीत ही जाएंगे, राजस्थान में टक्कर कांटे की है। बेचारे अशोक गहलोत, जिन्होंने रेगिस्तान की धरती पर जितनी बारिश नहीं होती उतनी तो योजनाओं की बरसात कर दी है, केवल इतना ही कह पाए कि हम और मेहनत करेंगे। कोई बिरला ही नेता होगा जो सरेआम अपनी पार्टी के पीछे होने की बात कह जाए। रवायत तो यही है कि घर में चाहे दाने ना हों लेकिन भुनाने का ढोंग पूरा करना है। तय तो यह भी हो गया है कि यदि भारतीय जनता पार्टी राजस्थान जीतती है तो भी वसुंधरा मुख्यमंत्री नहीं बनेंगी।

राजस्थान बीते छह बार से एक बार कांग्रेस और एक बार भाजपा की सरकार बनाता आ रहा है। इस बार बारी भाजपा की है, शायद इसलिए भी भाजपा ने वसुंधरा राजे को हाशिये पर रखने का जोखिम लिया है जबकि आज भी वे ही प्रदेश की सबसे बड़ी नेता हैं। उनकी माता विजया राजे सिंधिया ने जनसंघ के ज़माने से पार्टी को पाला-पोसा है। अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी के साथ वे बड़ी नेता थीं। राजस्थान में वसुंधरा की मौजूदगी में भीड़ भी जुटती है इसलिये अगर वे परिवर्तन यात्राओं के केंद्र में होतीं तो कथा कुछ और होती। उनकी खासियत है कि वे कभी विरोधी के सामने गरिमा नहीं खोतीं। केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा रहती है कि जोशीले और उकसाने वाले बयान प्रदेश के शीर्ष नेतृत्व से भी आएं। वसुंधरा ने ऐसा तब भी नहीं किया जब उदयपुर में एक व्यक्ति की हत्या को पूरी तरह से सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश हुई थी। केंद्र को प्रभावित करने के लिए अन्य नेताओं ने लगातार तीखे बयान दिए थे और सनातन के मुद्दे पर भी हिंसक बयान दे रहे हैं। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। 'सनातन का विरोध करने वालों की जुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द मंत्री ने अपनी सभा में कहे। आज की सियासत को यह गलतफ़हमी हो गई है कि केवल आक्रामक भाषा और इवेंटबाजी से ही चुनाव जीते जा सकते हैं। मध्यप्रदेश व महाराष्ट्र की सरकारें असमय गिरा दी गईं लेकिन राजस्थान में यह मुमकिन नहीं हो सका। उसकी एक वजह वसुंधरा राजे की गंभीर राजनीति भी रही। जनता के मत का मान यहां दोनों ही पक्षों के नेता रखते हुए दीखते हैं। ज़ाहिर है कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व इस सबसे खुश नहीं होता।

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है। हाल ही में वसुंधरा राजे ने जयपुर स्थित अपने निवास पर केवल महिलाओं की बैठक की थी और यह संख्या हज़ारों में थी। अभी से केंद्रीय नेता राजस्थान में लगातार डेरा डाले हुए हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला आदि के दौरे भी लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत तो चुटकी भी ले चुके कि उपराष्ट्रपति अगर राष्ट्रपति बनेंगे तो भी हम स्वागत करेंगे लेकिन अभी मेहरबानी रखें। बार-बार, सुबह-शाम आ रहे हैं। इसका कोई तुक नहीं है। राजस्थान में चुनाव चल रहे हैं। बार-बार आओगे तो लोग क्या समझेंगे। ये संवैधानिक संस्थाएं हैं। इनका मान रहना चाहिए। जवाब में शेखावत ने कह दिया कि अब क्या राजस्थान आने के लिए गहलोत से वीजा लेना होगा? यूं देश के कुल चालीस दौरों में उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ 17 बार राजस्थान आए हैं। बहरहाल गृहमंत्री अमित शाह ने जयपुर में मेराथन मीटिंग कर टिकटों का हिसाब-किताब कर दिया है। पार्टी ने सी श्रेणी में 76 और डी में 19 सीटों को रखा है जहां वे कमज़ोर हैं। सी श्रेणी में वे सीटें शामिल हैं जहां पिछले तीन चुनावों में से एक बार भाजपा को जीत मिली है और डी में एक भी नहीं। ऐसे में पार्टी की क्या रणनीति होगी? बुधवार को ही एक नाम तुरंत सामने आ गया है। दक्षिण दिल्ली से सांसद रमेश बिधूड़ी अब टोंक ज़िले का मोर्चा संभालेंगे। टोंक गुर्जर और मुस्लिम बहुल क्षेत्र है जहां सचिन पायलट का करिश्मा काम करता है। भाजपा उस बिधूड़ी को यहां लाई है जिन्होंने लोकसभा में बहुजन समाज पार्टी के सदस्य दानिश अली को उनके धर्म के नाम पर अपमानजनक शब्दों से संबोधित किया था। पार्टी ने उन्हें इनाम दे दिया है। पार्टी उग्र बयानवीरों को नवाज़ती है- यह इस संगठन के सदस्यों को खूब पता है। नया केवल इतना है कि अब 'लोकतंत्र का मंदिर' भी अखाड़ा है।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

भाजपा को उम्मीद है कि किसी को चेहरा नहीं बनाने से उम्मीद से भरा हर चेहरा पार्टी के लिए काम करेगा- राज्यवर्धन सिंह राठौड़, गजेंद्र सिंह शेखावत, सीपी जोशी, राजेंद्र राठौड़ सब। पार्टी को भले ही इसमें लाभ दिखाई दे सकता है लेकिन जनता चेहरा चाहती है। जनता यह भी देखती है कि पार्टी का अपना विश्वास उनके अपने नेताओं में कितना है।

राजस्थान में किसी एक के हक़ में कोई लहर नहीं है। वर्तमान विधानसभा में कुल दो सौ में कांग्रेस के पास 108 और भाजपा के पास 70 सीटें हैं। जनता गहलोत सरकार को सुस्त सरकार भी नहीं कह रही है। सचिन पायलट और गहलोत के गहरे मतभेदों ने पार्टी को कमज़ोर किया लेकिन फिलहाल सचिन पायलट शांत हैं। एक झटका कांग्रेस को उस वक्त लगा जब राजस्थान के बड़े जाट नेता रहे नाथूराम मिर्धा की पौत्र वधु ज्योति मिर्धा ने बीते सप्ताह भाजपा का दामन थाम लिया। वे एक समय नागौर से सांसद रहीं लेकिन पिछले चुनाव में उन्हें राजस्थान की राजनीति में तेज गति से उभर रहे राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के हनुमान बेनीवाल ने हरा दिया। उससे पहले वे भाजपा से हारी थीं। बेनीवाल छोटी पार्टियों में सशक्त माने जाते हैं और स्पष्ट बहुमत न मिलने पर किसी की भी सरकार बनाने और बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। फिलहाल उनके तीन विधायक हैं। मध्यप्रदेश में 'लाड़ली बहना योजना' की चर्चा है तो यहां महिलाओं को स्मार्ट फ़ोन दिए जा रहे हैं। जिन्हें फ़ोन मिला है उन्होंने बताया कि इसमें अगले कुछ महीनों तक इंटरनेट मुफ्त है। यूं धरातल पर 'चिरंजीवी बीमा योजना' भी कारगर देखी जा रही है। एक मित्र ने हैरान होकर फ़ोन पर बताया कि जयपुर के एसएमएस अस्पताल में उसकी न्यूरो सर्जरी बिलकुल मुफ्त हो गई। इसका अर्थ यह कतई नहीं लगाया जाना चाहिए कि हर गरीब को इलाज मिल रहा है। वह अब भी बिना इलाज के मरने के लिए अभिशप्त है। सरकारों को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जनता की सीधी पहुंच अस्पतालों तक हो। महिलाओं के लिहाज से राजस्थान अब भी सामंती राज्य है। बलात्कार, ऑनर किलिंग जैसे अपराध ज़्यादा हैं। सरकारों को इस पर बहुत काम करने की ज़रूरत है। गहलोत सरकार ने एक महकमा बनाया है जिसकी कमान वरिष्ठ आईपीएस के पास है। यह विभाग शादी के इच्छुक अलग-अलग बिरादरियों के युवा जोड़ों की मदद करता है। संभव है कि ऐसे महकमे जब वास्तव में सक्रिय होंगे तो ऑनर किलिंग के मामलों में कमी आएगी। अभी परिवार बच्चों के अन्यत्र शादी करने पर उन्हें बहिष्कृत कर देते हैं और बेटियों को जान से मारने में भी देर नहीं लगाते।

एड़ी-चोटी का ज़ोर लगा रही भारतीय जनता पार्टी के खेमे में उत्साह है क्योंकि यहां की जनता हर पांच साल में रोटी पलट देती है। इस हिसाब से अबकी भाजपा को उम्मीद है लेकिन वसुंधरा को कम तवज्जो मिलना तकलीफ़ पहुंचा सकता है। वे सीएम रह चुकी हैं और वर्तमान सरकार को सीधे चुनौती देकर बता सकती हैं कि उनके कार्यकाल में किन योजनाओं ने बेहतर किया और गहलोत सरकार ने कहां मात खाई है। अखबार दोनों दलों के बड़े-बड़े इश्तेहारों से अटे पड़े हैं। पीएम के साथ केंद्र की योजनाओं का बखान होता है तो दूसरी ओर सीएम राज्य की योजनाओं के गुणगान करते हैं। प्रधानमंत्री को इनमें भाग्य विधाता लिखा जाता है। मुकाबला पीएम बनाम सीएम का हो गया है। महिला आरक्षण बिल की गारंटी भी चर्चा में है। पीएम ने कहा है कि 'मोदी की गारंटी में लोगों को भरोसा है।' वैसे राजस्थान के भाजपा नेताओं को एक डर और सता रहा है कि कहीं यहां भी छाताधारी सांसद और बड़े नेताओं को न उतार दिया जाए। मध्यप्रदेश में यही हुआ है। नरेंद्र सिंह तोमर, प्रह्लाद पटेल, फग्गन सिंह कुलस्ते, कैलाश विजयवर्गीय आदि समेत 7 सात सांसद अब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। विजयवर्गीय तो राष्ट्रीय महासचिव भी हैं। ऐसा भाजपा ने पश्चिम बंगाल में भी किया था लेकिन नतीजे नहीं मिले थे। कर्नाटक में भी भाजपा का कोई सीएम चेहरा नहीं था। नतीजे वहां भी नहीं मिले। राजस्थान की जनता नेताओं को कसकर रखती है। वह चौपड़ पर फेंके जा रहे पांसों पर पैनी निगाह रखे हुए है।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# विफलता की कहानी है मोदी के 'मेक इन इंडिया' के दस साल

■ गिरीश लिंगन्ना

मेक इन इंडिया' की दसवीं वर्षगांठ से पहले धूमधाम की स्पष्ट कमी यह संकेत देती है कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने आखिर स्वीकार कर लिया है कि बड़े धूमधाम वाले प्रचार भी अब विनिर्माण क्षेत्र की खतरनाक गिरावट को छिपाने में प्रभावी नहीं हैं।

भारत सरकार के प्रमुख कार्यक्रम मेक इन इंडिया ने 25 सितंबर को अपना दसवां वर्ष पूरा कर लिया, लेकिन भव्य आयोजनों और समारोहों के प्रति अपनी रुचि के लिए जानी जाने वाली सरकार में एक असामान्य चुप्पी छा गई।

भारी उत्साह के बीच, मेक इन इंडिया का उद्घाटन किया गया था, और सरकार ने अपने लिए तीन महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किये थे: 1. 12-14 फीसदी की वार्षिक विनिर्माण विकास दर प्राप्त करना, 2. 2022 तक सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र के योगदान को 25फीसदी तक बढ़ाना, और 3. 2022 तक विनिर्माण उद्योग में 10 करोड़ नौकरियां सृजित करना।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है। छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है।

उत्सवों की अनुपस्थिति के लिए इस तथ्य को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है कि कोई महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल नहीं हुई है। 2013-14 से विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर लगातार औसतन 5.9फीसदी रही है, 2022-23 में विनिर्माण की हिस्सेदारी 16.4फीसदी पर स्थिर रही। इसके अलावा, 2016 और 2021 के बीच विनिर्माण नौकरियों की संख्या आधी हो गई। मेक इन इंडिया दशक के दौरान, कार्यबल में विनिर्माण की हिस्सेदारी 2011-12 में 12.6 फीसदी से घटकर 2021-22 में 11.6फीसदी हो गई।

समग्र रूप से निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद, सरकार असाधारण घटनाओं को विशिष्ट परिणामों के रूप में प्रस्तुत करना जारी रखती है। उदाहरण के लिए, एपल के आईफोन निर्माण का मामला लें। यह बताया गया है कि एपल ने भारत में अपने आईफोन का उत्पादन तीन गुना कर दिया है, लगभग 7फीसदी डिवाइस अब देश में निर्मित किये जा रहे हैं। सरकार और उसके समर्थकों ने इन आंकड़ों को महत्वपूर्ण विनिर्माण कौशल के प्रमाण के रूप में प्रचारित करने का विकल्प चुना है। हालांकि, संख्याओं की एक सरसरी जांच ऐसे दावों को खारिज करने के लिए पर्याप्त है।

औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) विभिन्न उद्योग क्षेत्रों के विस्तार पर नज़र रखता है। भारत में, आईआईपी में मामूली वृद्धि देखी गई है, जो 2013-14 में 106.7 से बढ़कर 2022-23 में 138.5 हो गई है, जो औसत वार्षिक वृद्धि दर 2.9फीसदी है। हालांकि, एक मजबूत विनिर्माण क्षेत्र आमतौर पर 7-8फीसदी की वार्षिक वृद्धि दर दर्शाता है। 2014 के बाद से, कई क्षेत्र चुनौतियों से जूझ रहे हैं और इन विकास अपेक्षाओं को पूरा नहीं कर पाये हैं।

कठोर वास्तविकता यह है कि 2013-14 के बाद से विद्युत उपकरणों के विनिर्माण में -1.8फीसदी की औसत वृद्धि दर देखी गई है। इसी प्रकार, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक और ऑप्टिकल उत्पाद क्षेत्र केवल 2 फीसदी की औसत दर से बढ़ा है, जबकि परिवहन उपकरण उद्योग ने 2.3फीसदी की वृद्धि दर का अनुभव किया है, और मोटर वाहन उत्पादन केवल 1.6फीसदी की दर से बढ़ा है। कपड़ा, परिधान और चमड़ा उद्योगों के लिए, जो परंपरागत रूप से रोजगार सृजन के स्रोत रहे हैं, ने क्रमशः -0.5फीसदी, 1.2फीसदी और -1.8फीसदी की वृद्धि दर दिखाई है।

व्यापक बेरोजगारी एक गंभीर मुद्दा है, विशेषकर युवा स्नातक बेरोजगारी दर 42.3फीसदी तक है। इसका श्रेय इस तथ्य को दिया जा सकता है कि विनिर्माण क्षेत्र को वह गति नहीं मिल पाई है जो मिलनी चाहिए। हालांकि एपल का भारत में अपने उत्पादन कार्यों का विस्तार उत्साहजनक है, लेकिन यह पूरी तस्वीर प्रदान नहीं करता है।

छिटपुट रूप से केवल कुछ फैक्टरियां बनाना समाधान नहीं है। भारत को विभिन्न राज्यों में फैली सैकड़ों नई फैक्टरियों की स्थापना की आवश्यकता है, जो आबादी के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को पूरा करने वाली वस्तुओं का उत्पादन करती हैं। उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण से यह स्पष्ट होता है कि इस क्षेत्र ने अपनी सारी शक्ति खो दी है।

कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए) सरकार के नेतृत्व में, कारखानों की संख्या में लगभग 100,000 की वृद्धि हुई थी। वर्ष 2013-14 और 2019-20 के बीच, यह वृद्धि काफी धीमी हो गई, मोदी सरकार के तहत केवल 22,000 कारखानों की वृद्धि हुई है। यूपीए काल के दौरान विनिर्माण क्षेत्र में तेजी से रोजगार के अवसर बढ़े, कारखाने में रोजगार 6.2फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ता रहा। मोदी सरकार के कार्यकाल में यह विकास दर गिरकर 2.8फीसदी पर आ गई। इसी तरह, यूपीए के तहत श्रमिकों की मजदूरी 17.1फीसदी की वार्षिक दर से बढ़ी, लेकिन 2014 के बाद से घटकर 8.4फीसदी हो गई।

यूपीए के नेतृत्व में फैक्ट्री का मुनाफा 18.9फीसदी की वार्षिक दर से लगातार बढ़ रहा था, जबकि अब यह घटकर मात्र 0.6फीसदी रह गया है। मजबूत नीति निर्माण पर मार्केटिंग और नारों को तरजीह मिलने से पहले के युग में, सरकार ने लगन से अपनी जिम्मेदारियां निभाईं और परिणाम स्वयं स्पष्ट हैं। अधिक कारखानों की स्थापना, अधिक श्रमिकों के रोजगार, कर्मचारियों के लिए उचित वेतन और मालिकों के लिए पर्याप्त मुनाफे में वृद्धि हुई। इस अनुकूल माहौल ने उद्योगों को बनाने के लिए प्रोत्साहित किया तथा ई क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश हुआ। यूपीए के दौरान सकल पूंजी निर्माण का औसत प्रभावशाली 21.3फीसदी था, लेकिन तब से यह नकारात्मक हो गया है, -0.7 फीसदी पर।

निवेश की अनुपस्थिति सरकार की नीतियों में घटते विश्वास का स्पष्ट संकेतक है। एक साल पहले, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने विनिर्माण क्षेत्र में निवेश करने की अनिच्छा के लिए उद्योग जगत के नेताओं को फटकार लगाई थी और उनसे झिझक के अपने कारण साझा करने का आग्रह किया था। उन्होंने कहा, 'मैं इंडिया इंक से सुनना चाहती हूं, आपको क्या रोक रहा है? हम उद्योग को यहां निवेश करने के लिए सब कुछ करेंगे...।' यह अनिश्चित है कि उन्हें उस दिन कोई प्रतिक्रिया मिली या नहीं, लेकिन हम जो जानते हैं वह यह है कि अर्थव्यवस्था अभी भी मांग की कमी से जूझ रही है। विनिर्माण में निवेश की कमी का कारण वस्तुओं और सेवाओं की अपर्याप्त मांग है।

यदि विमुद्रीकरण और अपर्याप्त रूप से डिजाइन किये गए वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) जैसी नीतिगत त्रुटियां न होतीं तो विनिर्माण क्षेत्र ने शायद एक अलग रास्ता अपनाया होता। उत्तरार्द्ध का सूक्ष्म, लघु और मध्यम आकार के उद्यमों (एमएसएमई) के संकीर्ण लाभ मार्जिन पर विशेष रूप से कठोर प्रभाव पड़ा। मार्च 2020 में अचानक, अनियोजित कोविड-19 लॉकडाउन की घोषणा से सुधार के कोई भी मामूली संकेत नष्ट हो गये। दुर्भाग्य से, सरकार की प्रतिक्रिया कमज़ोर रही है। उच्च आयात शुल्क लगाना और लाइसेंसिंग आवश्यकताओं को लागू करना उन व्यवसायों या विदेशी निर्माताओं के बीच विश्वास को प्रेरित करने में विफल रहता है जो अपनी 'चाइना प्लस वन' रणनीति के हिस्से के रूप में अपने संचालन में विविधता लाने की कोशिश कर रहे हैं।

भारत पर कमजोर विनिर्माण क्षेत्र का प्रतिकूल प्रभाव आंकड़ों से कहीं अधिक है। दिलचस्प बात यह है कि सरकार की आर्थिक नीतियों की सबसे तीखी आलोचना अनजाने में विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से आई। इस साल की शुरुआत में एक साक्षात्कार में, जयशंकर ने खुले तौर पर स्वीकार किया कि चीन की आर्थिक ताकत इस बात को प्रभावित करती है कि सरकार सीमा उल्लंघन को कैसे संबोधित करती है। मंत्री के इस पराजयवादी रुख का हमारी राष्ट्रीय स्थिति और हमारे सुरक्षा बलों के मनोबल पर असर पड़ा है और इसने सरकार के भीतर ही सवाल खड़े कर दिये हैं। एक दशक के दौरान किसी नीति का मूल्यांकन करने से मूल्यांकन के लिए पर्याप्त समय मिलता है। जब कोई कार्यक्रम लगातार अपने उद्देश्यों से पीछे रह जाता है, तो यह एक संकेत के रूप में काम कर सकता है कि इसे अधिक प्रभावी दृष्टिकोण के पक्ष में अलग करने का समय आ गया है।

### 1 अक्टूबर अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस

## वृद्धों के प्रति धारणा बदलने की जरूरत

हम प्रतिवर्ष बुजुर्ग दिवस अथवा वृद्ध दिवस की एक थीम लेकर चलते हैं। इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ में जो थीम दी है वह-'बुजुर्ग लोगों के लिए मानवाधिकार की सार्वभौम घोषणा के वादों को पूरा करना' के रूप में सामने लाई गई है। बुजुर्ग हमारे घर-परिवार और जीवन की मजबूत नींव होते हैं, जिन्हें हम उस जड़ के रूप में समझ सकते हैं- जिसके बिना समाज रूपी पेड़ खड़ा नहीं हो सकता, सूख जाएगा। वास्तव में अंतरराष्ट्रीय वृद्ध दिवस की शुरुआत 1991 में इसी सोच के साथ की गई थी कि- दुनिया भर में बुजुर्गों को उनका सही स्थान मिले। वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें। उनके हिस्से की सारी खुशियां उन्हें मिल सकें। हम देख रहे हैं इस डिजिटल युग में पुरानी व नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन पूरी तरह डगमगा गया है! हमारे बुजुर्गों को जिस उम्र में संवेदना की सबसे ज्यादा जरूरत है, उस उम्र में उन्हें कोई सुनने वाला तक नहीं है। यह बुजुर्गों के जीवन का सबसे बड़ा संकट है। जीवन की सुनहरी संध्या में एक वृद्ध को जिस लगाव, स्नेह और अपनेपन की जरूरत है- उसे उसका परिवार चाहे तो यह सब दे सकता है, किंतु बिगड़ी जीवन शैली के चलते बेटा-बहू सहित पोते-पोतियों का व्यवहार बुजुर्गों को और अधिक दुखी करता दिख रहा है। हम अपने इतिहास को खंगाले तो यह बात सामने आती है कि भारतीय समाज में वृद्धों को सदैव आदर के साथ सर्वोच्च सम्मान मिलता रहा है। वे दया के पात्र नहीं वरन पारिवारिक संरचना के अधिकार संपन्न मुखिया रहे हैं। वृद्ध हमारे लिए कभी भी समस्या नहीं रहे। उनके ज्ञान, अनुभव, कार्य-व्यवहार और कौशल से हमने प्रेरणा लेकर अपने जीवन की बगिया को सींचा है। मैं फिर किसी कवि की लाइनों में खो गया हूं-

खुद को भूल गए जो, तुम्हें कुछ बनाने में,
कुछ पल उनके साथ, बिता कर तो देखिए।
थकी आंखों, कांपते हाथों से नजरें न चुराओ,
खुद को भी इस रूप में, बिठाकर तो देखिए।

वर्तमान में जो दृश्य रोज सामने आ रहे हैं, वे भयाक्रांत करने वाले हैं। वृद्धजनों तथा वर्तमान पीढ़ी के बीच वैचारिक अंतराल ही एक बड़ी समस्या है। दोनों का ही सोचने का अपना अलग नजरिया है। ऐसे में कई बार वृद्ध-जन खुद को पारिवारिक रूप से उपेक्षित महसूस करते हैं। ऐसे संवेदनशील मामले में समाज को गंभीरतापूर्वक विचार कर समाधान निकालने की मुकम्मल कोशिश जरूर करनी चाहिए। वृद्धों का समाज हमारे लिए पारंपरिक ज्ञान का कल्पवृक्ष है, जिसे हमें संरक्षित करने की नितांत जरूरत है।

मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि पुरानी और नई पीढ़ी के मध्य नैतिक मूल्यों का संतुलन साध कर बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन दिया जा सकता है।

**सूर्यकांत मिश्रा**

### आपके पत्र

## कितना सफल हुआ खुले में शौच से मुक्ति का अभियान ?

2011 की जनगणना के अनुसार देश के 53.1 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं था। जिसकी वजह से महिलाओं और लड़कियों को सबसे ज्यादा मुसीबतों का सामना करना पड़ता है। खुले में शौच जाने से महिलाओं और लड़कियों को न केवल मानसिक प्रताड़ना से गुज़रना पड़ता है बल्कि उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। घर में शौचालय न होने की वजह से लड़कियां और महिलाएं सुबह सूरज निकलने से पहले घर से दूर शौच के लिए जाती हैं और फिर पूरे दिन वह जाने से परहेज़ करती हैं। इसकी वजह से उन्हें कई प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ता है। दिन में शौच से बचने के लिए वह काफी कम मात्रा में भोजन ग्रहण करती हैं जिससे कई महिलाएं और किशोरियां कुपोषण का शिकार हो जाती हैं। घर में शौचालय न होने का सबसे अधिक खामियाजा गर्भवती महिलाओं को उठाना पड़ता है। जिसका असर उनके प्रसव में नज़र आता है।

घर में शौचालय की कमी का एक उदाहरण राजस्थान के बीकानेर जिला स्थित लूणकरणसर ब्लॉक के बिंझरवाड़ी गांव में देखने को मिलता है जहां कई घरों में शौचालय व्यवस्था न होने के कारण लोग परेशान हैं। हालांकि 3 अप्रैल 2018 को ही राजस्थान की तत्कालीन सरकार ने सभी 43 हज़ार 344 गांवों, के साथ-साथ 295 पंचायत समितियों और 9894 ग्राम पंचायतों को खुले में शौच से मुक्त घोषित कर दिया था। इसका अर्थ है कि गांवों के सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है लेकिन ज़मीनी हकीकत में यह शत-प्रतिशत सच नहीं है।

गांव के एक सामाजिक कार्यकर्ता मनी राम बताते हैं कि जब गांव के अधिकतर घरों में शौचालय नहीं था उस समय महिलाओं और किशोरियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था जिसकी वजह से वह बीमार और कुपोषित रहती थीं। मनी राम के अनुसार 2014-15 के आंकड़ों के मुताबिक गांव के 90 प्रतिशत घरों में शौचालय नहीं थे। इस समस्या को दूर करने के लिए उन्होंने गांव वालों को घर में शौचालय निर्माण के लिए प्रेरित किया। उन्हें न केवल घर में शौचालय होने के लाभों से अवगत कराया बल्कि शौचालय बनाने के लिए उन्होंने लोन की व्यवस्था भी करवाई। उन्होंने गांव के एसएचजी की सहायता से उन्हे 10000 का लोन दिलवाया। जिसके बाद गांव के कुछ घरों में शौचालय का निर्माण शुरू हुआ।

वह बताते हैं कि शुरू में अज्ञानतावश लोगों ने घरों में शौचालय निर्माण का विरोध भी किया गया और इसे परंपरा के विरुद्ध भी बताया लेकिन वह लगातार लोगों को इस दिशा में जागरूक करते रहे। धीरे-धीरे गांव वालों को घर में शौचालय की महत्ता समझ में आने लगी। आज बिंझरवाड़ी गांव के लगभग सभी घरों में शौचालय का निर्माण किया जा चुका है। जबकि जिन घरों में अभी तक शौचालय नहीं बने हैं मनी राम उन्हें भी इसके लिए जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं ताकि गांव की सभी महिलाओं और किशोरियों को खुले में शौच से मुत्कि मिल सके।

ऐसे में इस बात का ख्याल रखना ज़रूरी है कि सरकार की इतनी बड़ी योजना के तहत चलाये जा रहे अभियान से कोई घर वंचित न रह जाए। इसके लिए पंचायत स्तर पर बारीकी से नज़र रखने की ज़रूरत है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के अंतर्गत पेयजल एवं स्वच्छता विभाग ने पिछले माह के अंत में जारी बुलेटिन में कहा था कि देश में कुल चार लाख 31 हज़ार 350 से अधिक गांवों ने स्वयं को ओडीएफ प्लस घोषित कर दिया है। यह एक सुखद संदेश है।

**खुशी यादव, बीकानेर, राजस्थान**

# मार्बल ज़ोन

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक '

सुप्रभात से शुभरात्रि तक






## जयकारों के साथ भक्तों ने भगवान गणेश को दी विदाई

### मुख्य चल समारोह तीन पत्ती चौक से निकला, जगह-जगह स्वागत वंदन और पूजन के कार्यक्रम



नेहरू रेल्वे कॉलोनी के उल्लास भवन में बिराजे गणेश जी का छप्पन भोग लगाकर बड़े ही हर्षोल्लास के साथ महाआरती की गई।

**जबलपुर, देशबन्धु।** दस दिनों तक चलने गणेश उत्सव का गुरूवार को समापन हुआ। वैसे तो सुबह नर्मदा के घाटों एवं हनुमानताल, आधारताल, गोकलपुर आदि जलाशयों में गणेश प्रतिमाओ को विसर्जित करने का सिलसिला शुरू हो गया था, शाम को तीन पत्ती नगर निगम चौक से मुख्य चल समारोह शुरू हुआ।

जिसमें भगवान गणेश जी की आकर्षक प्रतिमाओं को रंग-बिरंगी लाईट एवं साज सज्जा के बीच निकाली गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने गणेश समितियों के सदस्यों का स्वागत किया। गाजे-बाजे के साथ जूलुस निकाला गया। जगह-जगह प्रतिमाओं का पूजन अर्चन किया गया। रास्तें में प्रसाद और भंडारे के स्टॉल लगाये गये थे। सड़क के दोनो तरफ श्रद्धालुओं की भीड़ लगी थी।

इधर जुलूस के दौरान पुलिस ने सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये थे। जिसकी निगरानी प्रशासन के अधिकारी खुद कर रहे थे। रास्तों को बंद कर दिया गया था, ताकि लोगों को असुविधा का सामना करना न पड़े। समाचार लिखे जाने तक जुलूस जारी रहा, प्रतिमा विसर्जित करने का सिलसिल हनुमानताल तालाब चल रहा था। इस बीच चहुंओर गणपति बप्पा मोरिया के जयकारे लगाये जा रहे थे। इसके पहले दिन भर शहर के विभिन्न स्थानों में भंडारों के कार्यक्रम आयोजित किये गये थे। इसमें विजय नगर, कृषि उपजमंडी, गढ़ा, आधारताल, रांझी, मेडीकल, बिलहरी, सदर आदि शामिल रहे, पूरे दिन व्यापक रूप से गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान भंडारा प्रसाद के कार्यक्रम चल रहे थे, जिसमें बढ़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया।

### भंडारा-प्रसाद के अनेक आयोजन हुये



## रानी दुर्गावती शोध संस्थान मनाएगा वीरांगना रानी दुर्गावती का 500 वां अवतरण - बाजपेयी



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती अपने शौर्य, साहस, तेज और सौंदर्य के लिये न केवल गोंड़वाना अपितु संपूर्ण राष्ट्र में प्रसिद्ध है। रानी ने अपने समय के सबसे शक्तिशाली राजा अकबर के साथ समझौते की अपेक्षा अपने प्राणों का बलिदान करना स्वीकार किया। रानी दुर्गावती का बलिदान भारतवर्ष की संस्कृति, धर्म, अस्मिता की सुरक्षा, संवर्धन व संरक्षण के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण रहा। रानी दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को कालिंजर किला जिला बांदा (उ0प्र0) में हुआ और उनका प्राणोत्सर्ग 24 जून 1564 को जबलपुर के निकट नर्रई नाला में हुआ। रानी दुर्गावती शोध संस्थान के सभी सदस्य 5 अक्टूबर 2023 को ''पंच-शती समारोह 2023-24'' का विधिवत शुभारंभ कालिंजर किले से करेंगे। संस्थान ने 5 अक्टूबर 2023 से लेकर 5 अक्टूबर 2024 के मध्य 52 सप्ताह और 12 महीने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन का संकल्प लिया हैं जिसमें मुख्य है रानी दुर्गावती पर केन्द्रित महाकाव्य की संरचना, उनसे संबंधित 12 स्थानों का भ्रमण एवं विमर्श, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर संगोष्ठियाँ व अधिवेशनों का आयोजन, फिल्म निर्माण, विद्यालय-महाविद्यालय स्तर पर प्रश्नोत्तरी एवं निबंध प्रतियोगिता, 5 अक्टूबर एवं 24 जून को जन्मी बालिकाओं को चिन्हित एवं सम्मानित करना, जनजातीय गौरव पुरस्कारों की स्थापना करना। संस्थान की योजना है कि 5 अक्टूबर 2024 को समापन अवसर पर नर्रई नाला जबलपुर में राष्ट्र की श्रेष्ठ 500 महिलाओं का अधिवेशन आयोजित कर उन्हें वीरांगना रानी दुर्गावती पुरस्कार से सम्मान किया जाएगा। इस अवसर पर पंच-शती समारोह के संयोजक प्रो. बाजपेयी के अतिरिक्त संस्थान के अध्यक्ष प्रख्यात नेत्र चिकित्सक डॉ. पवन स्थापक, सचिव डॉ. अतुल दुबे ने संबोधित किया। संस्थान के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यकर्ताओं की संगठन शक्ति से जीतेंगे विधानसभा : रवि



**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र और जबलपुर के कार्यकर्ताओ की संगठन शक्ति को पूरे देश मे जाना जाता है और कार्यकर्ताओं की संगठन शक्ति के बल पर ही आने वाले विधानसभा चुनाव में जबलपुर की पश्चिम और उत्तर विधानसभा का चुनाव पार्टी भारी मतों से जीतेगी, यह बात विधानसभा चुनाव के संभाग प्रभारी पूर्व राष्ट्रीय सचिव सी टी रवि ने पश्चिम एवं उत्तर विधानसभा के शक्ति केंद्र प्रमुख, मंडल अध्यक्ष एवंएप्रमुख कार्यकर्ताओं की बैठक को संवोधित करते हुए भाजपा कार्यालय रानीताल में कही।

बैठक को संबोधित करते हुए सी टी रवि ने कहा भाजपा ने पश्चिम विधानसभा में प्रत्याशी के रूप में सिंह को उतारा है और राकेश जी जिन्होंने जिला अध्यक्ष के रूप में कार्य करते हुए चार बार सांसद एवँ प्रदेश अध्यक्ष तक का सफर तय किया है और उनके द्वारा जबलपुर के विकास के लिए गए सफल प्रयास यह बताते है कि उनकी विकासपरक सोच, भाजपा की संगठन शक्ति और जनता के आशीर्वाद से हम चुनाव में विजयश्री प्राप्त करेंगे बस आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व और कार्यो का निर्वहन पूर्ण निष्ठा से करना है।

बैठक को चुनाव हेतु जबलपुर पधारे उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री एवँ वाराणसी से विधायक डॉ नीलकंठ तिवारी ने संबोधित करते हुए संगठन के कार्यो को विस्तार से बताया।

बैठक को सांसद एवं पश्चिम से प्रत्याशी ने संबोधित करते हुए कहा नेतृत्व का निर्णय सर्वोपरि होता है और जब संगठन ने मुझे निर्देश दिया कि विधायक का चुनाव लड़ना है तो कार्यकर्ता होने के नाते मैं पार्टी की ओर से चुनाव लड़ रहा हूँ। उन्होंने कहा भाजपा के देवतुल्य कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि मुझे हर लोकसभा चुनाव में लीड बढ़ाते हुए जबलपुर संसदीय क्षेत्र से जिताया है।

## कांग्रेस जन आक्रोश यात्रा बड़ा पत्थर से प्रारंभ होगी

### यात्रा में राज्यसभा सांसद विवेक तंखा, अजय सिंह राहुल महापौर जगत बहादुर सिंह एवं विधायक होंगे सम्मिलित

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर संपूर्ण मध्य प्रदेश के अलग-अलग संभागों में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के मार्गदर्शन में 230 विधानसभा क्षेत्र में जन आक्रोश यात्रा निकाली जा रही है इसी क्रम में रीवा जबलपुर संभाग की 19 सितंबर 23 को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया के नेतृत्व में रीवा से प्रारंभ जन आक्रोश यात्रा का जबलपुर शहर में प्रवेश दिनांक 29 सितंबर 23 को बड़ा पत्थर रांझी से हो रहा है जहां प्रात: 10 बजे आमसभा उपरांत यात्रा प्रारंभ होगी।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी संगठन मंत्री मनोज सेठ ने बताया कि संपूर्ण मध्य प्रदेश के पीड़ित नागरिकों शिक्षित बेरोजगारों बढ़ती महंगाई से परेशान परिवारों महिलाओं व अबोध बच्चियों के खिलाफ बढ़ते अत्याचार बिजली से परेशान किसान की आवाज कांग्रेस पार्टी जन आक्रोश यात्रा के माध्यम से रख रही है। राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तंखा पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह राहुल भैया महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नु एवं समस्त विधायकों, प्रभारी गण के नेतृत्व एवं उपस्थिति में जबलपुर कैंट विधानसभा क्षेत्र के बड़ा पत्थर से प्रात: 10 बजे आमसभा उपरांत जन आक्रोश यात्रा मस्ताना चौक गोकलपुर पनेहरा राम मंदिर होते हुए लगभग 1 बजे पूर्व विधानसभा क्षेत्र के कांचघर घमापुर मंडी मदार टेकरी अब्दुल हमीद चौक होते हुए लगभग 3 बजे उत्तर विधानसभा क्षेत्र के गोहलपुर मिलोनीगंज कमानिया गेट श्याम टॉकीज से होते हुए पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में लगभग 5 बजे शास्त्री ब्रिज आदि शंकराचार्य चौराहा रामपुर पोलीपाथर होते हुए मां नर्मदा की आरती एवं भंडारे के साथ यात्रा का समापन होगा। विधायक लखन घनघोरिया, रमाकांत रावत, संजय अहिरवार, आभा पटैल, जितेंद्र सिह, आजम खान, अभिषेक पूर्व क्षेत्र में स्वागत करेंगे।

इसके पहले बायेपास कटंगी में यात्रा पहुंची, जहां पर पार्टी नेताओं ने स्वागत किया। जिसमें रिंकू तिवारी, वीरेद्र चोबे, नीलेश जैन, विष्णुशंकर पटैल, विक्रम सिंह ठाकुर, कोशिल्या गोटिया, विनोद श्रीवास्तव मौजूद थे।

## राष्ट्रपति के द्वारा राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होंगे अंकित



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली राष्ट्रीय सेवा योजना में सम्पूर्ण भारतवर्ष में लगभग 42 लाख स्वयंसेवक हैं जिनमें से प्रतिवर्ष केवल 30 सर्वश्रेष्ठ एन एस एस स्वयंसेवकों को उनके द्वारा की गई उत्कृष्ट समाज सेवा एवं नेतृत्व के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार, एन एस एस पुरस्कार प्रदान किया जाता है और यह पुरस्कार विजेता कार्यक्रम अधिकारी और स्वयंसेवक को राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में महामहिम राष्ट्रपति के द्वारा प्रदान किया जाता है जिसमें स्वयं सेवक को 01 लाख की नगद राशि, प्रमाण पत्र एवं चांदी के मेडल से सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के स्वयंसेवक अंकित लखेरा को यह पुरस्कार प्राप्त हो रहा है। अंकित लखेरा को ये पुरस्कार 29 सितंबर 2023 को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों से राष्ट्रपति भवन के दरबार हॉल में प्रदान किया जाएगा। अंकित अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने अग्रज व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम के मार्गदर्शन तथा अपने माता-पिता के आशीर्वाद को देते हैं। अंकित लखेरा राजू लखेरा तथा श्रीमती कमला लखेरा के सुपुत्र हैं। अंकित लखेरा की इस उपलब्धि पर रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफ. कपिल देव मिश्र, कार्यक्रम समन्वयक प्रोफ. अशोक कुमार मराठे, जिला संगठक डॉ. आनंद सिंह राणा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ देवांशु गौतम तथा डॉ. शैलेश प्रसाद सहित विभिन्न स्वयंसेवकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।



## लोकनृत्य और गीत से गौरवान्तिव हुआ मंच

### रानी दुर्गावती विवि में एनएसएस का स्थापना दिवस समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** लोकगीत, संगीत और नृत्य से माध्यम से कलाकारों ने मंच पर भारतीय संस्कृति के दर्शन करवाए। इस दौरान ना सिर्फ सांस्कृतिक गतिविधियों का रंग दिखा, बल्कि योग्यता के लिए स्वयंसेवकों को सम्मानित भी किया गया। रानी दुगावर्ती विवि में एनएसएस का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। इस दौरान विविध गतिविधियों का आयोजन और पुरस्कार वितरण किए गए। कार्यक्रम में 8 जिलों से 450 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

**क्षेत्रीय शैलियों की झलक**- कार्यक्रम में नृत्य, लोकगीत, नुक्कड़ नाटक आदि सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इसके साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं उत्कृष्ट सेवा करने वाले स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों व एनएसएस जिला संगठकों को उत्कृष्ट सेवा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर रादुविवि कुलपति प्रो. केडी मिश्र, प्रो. विवेक मिश्र, डॉ. आनंद सिंह राणा, डॉ. आरपी सिंह, डॉ. दिलीप पाठक, प्रो. अशोक कुमार मराठे, डॉ. देवांशु गौतम मौजूद थे।

## रेलवे स्वच्छता पखवाड़ा : तीनों मंडलों में चला स्वच्छता अभियान

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वच्छ रेल स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत पूरे भारतीय रेलवे में 16 सितम्बर से 02 अक्टूबर तक स्वच्छता पखवाड़ा मनाया जा रहा है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं तीनों मण्डलों के मण्डल रेल प्रबंधकों के निर्देशन में 28 सितम्बर को जबलपुर मंडल एवं भोपाल मंडल में स्वच्छ प्रसाधन दिवस और कोटा मंडल में स्वच्छ आहार दिवस के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के तीनों मंडलों में स्वच्छता पखवाड़ा अभियान चलाया गया।

**जबलपुर मण्डल** - मण्डल रेल प्रबंधक विवेक शील के मार्गदर्शन में स्वच्छ प्रसाधन अभियान चलाया गया मंडल के सभी छोटे बड़े स्टेशनों में शौचालय, बाथरूम, सेप्टिक टैंक, प्रसाधन से जुड़ी ड्रेनेज सिस्टम, तथा प्रसाधनों के फर्स/टाइल्स की साफ सफाई सुनिश्चित कर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

**भोपाल मण्डल** - मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के मार्गदर्शन में स्वच्छ प्रसाधन एवं पर्यावरण दिवस पर अधिकारियों के नेतृत्व में कर्मचारियों द्वारा मण्डल के विभिन्न स्टेशनों, रेल परिसरों तथा गाड़ियों में स्वच्छ वातावरण बनाने के लिए सभी प्रसाधनों की साफ सफाई सुनिश्चित की गई, साथ ही स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अभियान के अंतर्गत हरदा, इटारसी, नर्मदापुरम, भोपाल, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंजबासौदा, बीना, अशोक नगर, गुना, शिवपुरी, व्यावरा राजगढ़ आदि स्टेशनों पर उपलब्ध प्रसाधनों की विशेष सफाई कराई गई एवं स्टेशन परिसर और गाड़ियों में स्वच्छता बनाये रखने के लिए रेल प्रशासन द्वारा चलाये जा रहे इस स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की गई। रेलवे चिकित्सालय निशातपुरा भोपाल, बीना, इटारसी और हेल्थ यूनिट हबीबगंज एवं गुना में प्रसाधनों की विशेष रूप से सफाई कराई गई।



**कोटा मण्डल** - मण्डल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी के मार्गदर्शन में स्वच्छ आहार दिवस पर मण्डल के विभिन्न स्टेशनों पर नामित अधिकारियों के नेतृत्व में स्टेशन पर खाद्य सामग्री स्टॉल/यूनिटों, प्लेटफॉर्मों पर यात्रियों को सप्लाई किये जा रहे खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता की जांच की गई। स्टेशन पर संचालित स्टालों पर मिलने विभिन्न खाद्य सामग्रियों की निर्माण तिथि एवं वैधता तिथि की जांच की गई। इस अभियान के अंतर्गत कोटा, सवाई माधोपुर, शामगढ़, गंगापुर सिटी, बयाना एवं भरतपुर सहित अन्य प्रमुख स्टेशनों पर अधिकारियों और पर्यवेक्षक कर्मचारियों द्वारा खाद्य सामग्रियों की मानक गुणवत्ता सुनिश्चित की गई।

विधानसभा निर्वाचन

## व्याय अनुवीक्षण हेतु गठित टीमों को प्रशिक्षण आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधान सभा निर्वाचन की तैयारियों के तहत शुक्रवार 29 सितंबर को दोपहर 12 बजे से मानस भवन में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित सभी टीमों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार इस प्रशिक्षण को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन भी सम्बोधित करेंगे। निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित दलों में नियुक्त सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रशिक्षण प्रारंभ होने के पन्द्रह मिनट पूर्व प्रशिक्षण स्थल पर मौजूद रहने के निर्देश दिये गये हैं। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध निर्वाचन नियमों के तहत कठोर कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

## शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विकास रथों से हो रहा योजनाओं का प्रचार-प्रसार



**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं। इनमें एलईडी लगाकर शासकीय योजनाओं एवं विकास कार्यों का प्रदर्शन कर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। आज गुरूवार को जबलपुर के जयप्रकाश नारायण वार्ड, महाराजा अग्रसेन वार्ड, मढ़ाताल, मदन-महल तथा नागपुर रोड से लगे क्षेत्रों में विकास रथों से प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं व उपलब्धियों की फिल्म का प्रदर्शन किया गया। जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं। प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी दे रहें है। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है। योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जा रहा है।

## विश्व हृदय दिवस पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा निकाली जायेगी रैली

**जबलपुर, देशबन्धु।** विश्व हृदय दिवस के अवसर पर 29 सितंबर को स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य संस्थाओं के सहयोग से रैली एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के कार्यक्रम आयोजित किये गये हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा विश्व हृदय दिवस पर सुबह 7 बजे राइट टाउन स्थित गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल से तथा सुबह 7.30 बजे विजय नगर स्थित शाल्बी अस्पताल विजयनगर से रैली का आयोजन किया गया है। रैली में शामिल विभिन्न संस्थाओं एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी आम नागरिकों में हृदय रोगों के प्रति जागरूकता उत्पन्न करेंगे।

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

## विमुक्तय, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतु समुदाय के लोगों को योजनाओं की जानकारी देने नट बस्तीई में लगाया गया शिविर

**जबलपुर, देशबन्धु।** विमुक्त घुमंतू एवं अर्द्धघुमंतू समुदाय के लोगों के आर्थिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान के लिये राज्य शासन द्वारा संचालित की जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने कल सूरतलाई स्थित नट बस्ती में शिविर का आयोजन किया गया। विमुक्त, घुमंतू, अर्द्ध घुमंतू कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किये गये इस शिविर में समुदाय के लोगों को विमुक्त, घुमंतु अर्द्धघुमंतू मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, छात्रावास योजना, सिविल सेवा प्रोत्साहन राशि योजना, बस्ती विकास योजना, सामुदायिक बस्तियों में विद्युतीकरण योजना आदि की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर समुदाय के लोगों के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु स्वास्थ्य शिविर का आयोजन भी किया गया। शिविर में आयुर्वेदिक, होम्योपैथिक व एलोपैथिक चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों द्वारा 334 व्यक्तियों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया। इस दौरान सहायक संचालक विमुक्त, घुमंतू एवं अर्द्ध घुमंतू कल्याण विभाग आशीष दीक्षित, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ राकेश कुमार, होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ सरोज सिंह, एलोपैथी चिकित्सक डॉ सपना जैन, सीएचओ योगमाया शर्मा, उजमा खान, अरुण काछी, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय जन मौजूद थे ।



आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड
पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

# मेरा शहर

'स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

# ईदो की ईद है ईद मिलादुन्नबी : मौलाना

## जुलूस मे शामिल हुई मक्का मदीना की झांकियां, जगह जगह हुआ इस्तकबाल और लंगर



**जबलपुर, देशबन्धु।** पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद सल्ल. का यौमे विलादत ईद मिलादुन्नबी जुमेरात को भरपूर अक़ीदत और उल्लास के साथ मनाया गया। इस बार ईद मिलादुन्नबी का जुलूस बज्म गुलशने मदीना के तत्वधान में सुबह 9 बजे नये मुहल्ले से निकाला गया। नये मुहल्ले से शुरू हुए जुलूस में नायबे मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी ने कयादत फरमाइ। जुलूस मे शामिल नौजवान हरे परचम लहरा रहे थे व नारे लगाकर अपनी अक़ीदत का इजहार कर रहे थे। जुलूस शहर के विभिन्न मार्गो से गश्त करते हुए जुलूस अंजुमन पहुँचा जहाँ पर अध्यक्ष मुहम्मद अनवर,उपाध्यक्ष सैय्यद मुबाशिशर अली,मिर्ज़ा नसीम बेग द्वारा नायबे मुफ्ती ए आज़म म. प्र. हज़रत मौलाना मुहम्मद मुशाहिद रजा कादरी बुर्हानी का गुलपोशी कर इस्तकबाल किया गया। जुलूस अंजुमन पहुँचने पर जुहर की सामूहिक नमाज़ अदा की गई। नमाज़ोंपरांत नायबे मुफ्ती ए आज़म ने अंजुमन स्कूल मे जुलूस मे शामिल मुस्लिम समुदाय को संभोधित करते हुए कहा कि ईद मिलादुन्नबी तमाम ईदो की ईद है और इस मौके पर मे आपको ईद की मुबारकबाद पेश करता हूँ, मौलाना साहब ने आगे कहा कि ईद मिलादुन्नबी पर घरों को सजाना और झंडे लगाना सुन्नते ईलाही है और ये जो रहमत अल्लाह ने हमें अता की है इसे आने वाली नस्लों को बताना है। मुफ्ती ए आज़म मध्य प्रदेश हज़रत मौलाना मुहम्मद हामिद अहमद कादरी अपने स्वस्थ के कारण जुलूस मे शामिल नहीं हो पाए जिसकी जानकारी नायबे मुफ्ती ए आज़म ने दी और उनके स्वस्थ होने की दुआ की गुजारिश की। अंत मे सालातो सलाम के साथ जुलूस का समापन हुआ और मुल्क की तरक़्क़ी और खुशहाली की खास दुआएं मांगी गई। जुलूस मे पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा अंजुमन परिसर के आसपास काफी पुलिस कर्मी व स्पेशल फोर्स मौजूद रही।

**जगह जगह हुआ इस्तकबाल एवं लंगर**

बज्म गुलशने मदीना द्वारा मुफ्ती ए आज़म का इस्तकबाल किया गया। सरवरे लंगर कमेटी एवं समाज सेवी पप्पू वसीम खान द्वारा विशाल लंगर का एहतेमाम ओमती चौक मे किया गया। करमचंद चौक पर अता ए नूर कमेटी द्वारा लंगर का एहतेमाम किया गया समाज सेवी जमा खान द्वारा मुफ्ती ए आज़म का इस्तकबाल किया गया। अंधेरदेव जामा मस्जिद के पास पठान फाउंडेशन द्वारा जुलूसे मुहम्मदी का इस्तकबाल किया गया। इस दौरान हाजी इसरार अहमद, रफीक खान, हाजी मजहर खान, कदीर पहलवान सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

**मोतीनाला मे जुलूस-** सुबह मोतीनाला सुलेमानी मस्जिद से भी जुलूस निकाला गया जो मुस्लिम बहुल क्षेत्रों मे गश्त करते हुए वापिस सुलेमानी मस्जिद पहुंचा और सालातो सलाम के साथ जुलूस का समापन हुआ।

**सदर-** सदर बाजार स्थित जामा मस्जिद से सुबह 9.30 बजे जुलूस निकाला गया। जुलूस मे शामिल लोग सरों मे टोपियां लगाकर हरे परचम लहरा रहे थे और अक़ीदत का इजहार कर रहे थे।

**गढ़ा-** उपनगरीय क्षेत्र गढ़ा मे भी सुबह 10 बजे जुलूसे मुहम्मदी निकाला गया। हाफिज साहिबानो ने जुलूस की कयादत फरमाइ। जुलूस मे मक्का मदीना की झांकिया भी शामिल रही। मुबारक कादरी, हाजी तौसिफ रज़ा,आजाद सुल्तानी,नसीर सुल्तानी, सैय्यद शौकत अली, सैय्यद कादिर कादरी, न्याज़ मंसूरी, जवाहर कादरी सहित हज़ारो लोग जुलूस मे शामिल हुए एवं हिंदू धर्मालंबियो ने जुलूस का इस्तकबाल किया गया और शांति और सद्भाव का संदेश दिया। शिया समाज भी हुआ शामिल- नगर के शिया समुदाय ने भी जुलूस ए मुहम्मदी निकाला। गलगला मुमताज बिल्डिंग से शुरू हुए जुलूस मे बड़ी तादाद मे शिया नवयुवक शामिल हुए।

# कम उम्र वालों को हार्ट अटैक से बचने संतुलित जीवन शैली अपना जरूरी, डाक्टरों की सीख

**जबलपुर, देशबन्धु।** अनियमित दिनचर्या, अनिश्चित समय खान-पान, बिगड़ती जीवनशैली के कारण लोगों में असमय ही बीमारियां बढ़ रहीं हैं। देर रात सोना और सुबह देर से जागना ही बीमारियों को बुलावा देते हैं। इसमें हार्ट की बीमारी सबसे ज्यादा है। बिगड़ी जीवनशैली के कारण हार्ट, कोलेस्ट्रॉल और ब्लॉकेज जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। यही वजह है कि शहर में कम उम्र से ही हार्ट की बीमारियों के मरीज बढ़ रहे हैं। इसके लिए जरूरी है कि परफेक्ट डाइट, एक्सरसाइज और रेस्ट का फंडा फॉलो किया जाए, ताकि दिल का मामता दुरस्त रहे।

**फिजिकल एक्टिविटी जरूरी-**देर रात घूमना, जंक फूड खाना और फिजिकल एक्टिविटी से दूर होने के कारण हार्ट प्रॉब्लम बढ़ती है। योगाचार्य सीमा कहती हैं कि देर रात खाना अवॉइड करना चाहिए। लेट हो गए हैं कि एक गिलास दूध पीकर काम चलाएं।



सुबह योग या 40 मिनट की वॉक दिनचर्या में जरूर शामिल करें।

**खान-पान का टाइम मैनेजमेंट-**डॉक्टर्स का कहना है कि

### डाइट में ये करें शामिल

- गाजर
- ऑलिव ऑइल
- लहसुन
- बादाम
- अखरोट
- स्प्राउट

### ये एक्सरसाइज फॉलो करें

- साइक्लिंग
- स्वीमिंग
- रनिंग
- रोप स्किपिंग
- ब्रिस्क वॉक

### इनका कहना है

**हफ्ते में 5 दिन 20 मिनट की वॉक**

मेडिकल की गाइडलाइन में बताया है कि हफ्ते में 5 दिन 20 मिनट की वॉक करना जरूरी है, वहीं पल्स रेट को ध्यान में रखते हुए वॉक करनी चाहिए। इसके साथ ही सीरम होमोसिस्टिन लेवल की जांच करवाएं।

-डॉ. आरएस शर्मा, कार्डियोलॉजिस्ट

**स्प्राउट की मात्रा अधिक हो**

हार्ट की बीमारियों से बचने के लिए खाना अच्छा होना चाहिए। जंक फूड से दूरी बनाएं और जल्दी पचने वाले खाना खाएं। स्प्राउट की मात्रा खाने में शामिल करें। इससे सलाद के रूप में भी खा सकते हैं।

-डॉ. स्मिता पाठक, न्यूट्रिनिस्ट

दिल का स्वस्थ्य रहने के लिए फिजिकल एक्टिविटी बहुत जरूरी है। वर्तमान में युवा देरी से उठते हैं तो ब्रेक फास्ट भी देरी से करते हैं, जिसके बॉडी में जरूरी पोषक तत्व नहीं मिल पाते। वहीं देर रात खाना खाने से ओबेसिटी की प्रॉब्लम बढ़ती है। यह समस्या आगे जाकर कोलेस्ट्रॉल इकट्ठा करती है। खाने का मैनेजमेंट फिट रहने के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है।

**हार्ट के लिए ब्रिक्स वॉक-**हार्ट को फिट रखने के लिए ब्रिक्स वॉक फायदेमंद होती है। ब्रिक्स वॉक सेना की जवानों की तरह परेड करने का एक तरीका है। इस वॉक में बॉडी को पूरी तरह तानकर परेड की तरह करना चाहिए। इससे हार्ट मसल्स सही रहती हैं और हार्ट का ब्लड फ्लो भी बढ़ता है।

# आदि-शंकर नाटक, जानकी बैंड से गूंजा परमहंसी आश्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** ब्रह्मलीन द्विपीठाधीशवर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की जन्म शताब्दी महोत्सव के अवसर पर गत दिवस पूज्यपाद ज्योतिष पीठाधीश्वर अनंत श्री विभूषित जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज एवं पूज्यपाद ब्रम्हचारी सुबुद्धानदं महाराज के करकमलों से परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर श्रीधाम में गरिमामय समारोह में डॉ अभिजात त्रिपाठी, प्राचार्य जानकी रमण महाविद्यालय के सहयोग से नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था द्वारा नाटक आदि शंकराचार्य का मंचन झोतेश्वर,परमहंसी में संजय गर्ग के निर्देशन में एवं दविंदर सिंह ग्रोवर के सह निर्देशन में किया गया। नाट्य लोक संस्था के श्री जानकी बैंड ऑफ वूमेन की प्रस्तुति डॉक्टर शिप्रा सुल्लेरे के संगीत निर्देशन में की गई। संयोजन एवं परिकल्पना दविन्दर सिंह ग्रोवर की थी 7 श्री जानकी बैंड द्वारा बंबुलिया,जस, कबीर आदि की प्रस्तुतियां खास रही, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा। विनय शर्मा, राकेश कुरैले, पराग तेलंग, प्रेम राज विश्वकर्मा,श्रवण मिश्रा, राज गुप्ता, शंकर भूमिया, राहुल सिंह, रितिक साहू, अमन राजपूत, शालिनी अहिरवार, मानसी सोनी, पलक गुप्ता, वैष्णवी बरसैयां, श्री गुप्ता, दविंदर सिंह ग्रोवर, भूमिका झरिया, अनिकेत अहिरवार, कृष नामदेव, आदि ने शानदार प्रस्तुति पेश की। जिसे दिखने के लिए बड़ी संख्या में दर्शकों का जन सैलाब उमड़ा। इस दौरान 7 बैंड की प्रस्तुति मुस्कान सोनी, मनीष तिवारी, अदिति पटेल, श्रेया ठाकुर, मानसी सोनी,माही सोनी,चेतन बैन, पलक गुप्ता, रंजन निषाद आदि थे। इस अवसर पर डॉ अभिजात त्रिपाठी, बसंत उपाध्याय, यूएस दुबे, सुरेश विचित्र, संजय पांडे, अक्षत तिवारी, हर्षित झा आदि उपस्थित थे ।

# अग्रवाल क्वीन्स क्लब के म्यूजिकल अंताक्षरी में झूमीं लेडीज



**जबलपुर, देशबन्धु।** म्यूजिकल अंताक्षरी कॉम्पीटिशन में लेडीज ने गीत गाए। अग्रवाल क्वीन लेडीज क्लब का अंताक्षरी शो आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फिल्मों की तर्ज पर टीम तैयार की गई। इसमें दीवाने, परवाने, मस्ताने, अफसाने, तराने और घराने की टीमें तैयार की गई। चार राउंड में रैपिड फायर, विजुअल, क्लिपिंग, धुन, एक्टिंग हुए। म्यूजिक शो में जिसका मुझे था इंतजार था..., ये समां..., पिया-पिया..., आइए जी..जैसे गीत गाए गए। अध्यक्षता अनुभूति बादशा और राखी पहारिया ने की। इस मौके पर शालू अग्रवाल, निशा अग्रवाल, प्रतिभा, स्वाति, पूजा, प्रतिमा गुप्ता, राजकुमारी, रागिनी, नीलम मौजूद रहीं।

## संस्कार गौर गणेश चल समारोह का संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** उपनगर रांझी में संस्कार गौर गणेश चल समारोह का आयोजन किया गया, संध्या 4 बजे संस्कार लॉन,संजय नगर, रांझी से बड़ी संख्या में महिला पुरुष गाय के विशुद्ध गोबर से निर्मित गौर गणेश को अपने सरों पर रख कर चल रहे थे, तथा प्रकृति के संरक्षण संवर्धन का संदेश दे रहे थे, आयोजन के पूर्व नर्मदा मिशन के संस्थापक दादा गुरु समर्थ श्री भैया जी सरकार ने गौर गणेश की सार्थकता पर अपने प्रवचन दिए तथा आने वाले वर्षों में और अधिक संख्या में भव्य रूप से गौर गणेश का आयोजन किए जाने हेतु सभी को संकल्प दिलाया,, चल समारोह गोकलपुर इंजीनियरिंग कॉलेज तालाब तट पर बनाए गए कुंड पर गणेश जी को विदाई के साथ संपन्न हुआ,, आयोजन में मुख्य रूप से जगत बहादुर सिंह, महापौर, शिव यादव, राजेंद्र मिश्रा, राजेश यादव, कमलेश सिंह, मनोज लोधी, पवन यादव, राम दुबे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

# डिजिटल पोस्टर में ओजोन का महत्व



**जबलपुर, देशबन्धु।** छात्राओं ने डिजिटल पोस्टर के माध्यम से ओजोन बचाओ पृथ्वी बचाओ थीम पर कलाकारी दिखाई। शासकीय होमसाइंस कॉलेज में सलीम अली क्लब के तत्वावधान में हुए इंटर डिपार्टमेंट युवा उत्सव के अंतर्गत पोस्टर कॉम्पीटिशन आयोजित हुआ। प्रतियोगिता में छात्राओं ने डिजिटल और कैनवास पोस्टर तैयार किए। कॉम्पीटिशन में बुशरा, आलिया, अरूणिका अवस्थी, अंकिता हल्दकार ने बाजी मारी। चयनित प्रतिभागी इंटरकॉलेज में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में विभाग अध्यक्ष डॉ. रीता सोलंकी, सलीम अली क्लब प्रभारी डॉ. साधना केसरवानी, रश्मि सिंगरौरे, डॉ. नीतू सोनी मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**शुक्रवार 29 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, नक्षत्र- ऊ.भा.।**

**मेष**
आपका आज का दिन सामाजिक प्रवृत्तियों और मित्रों के साथ दौड़-धूप में व्यतीत होगा। इसके पीछे धन खर्च भी होगा। फिर भी सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृषभ**
आज आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे। नौकरीपेशा वालों के लिए आज का दिन शुभ है। उन्हें आय वृद्धि या पदोन्नति का समाचार मिलेगा।

**मिथुन**
- प्रतिकूल संयोग के बनने से आपके कार्य में विलंब होगा। शरीर में ताजगी और मन में उत्साह का अभाव रहेगा|-ख होगा।

क.

**कर्क**
मन का नकारात्मक व्यवहार आपको हताश करेगा। बाहर का खाने-पीने के कारण स्वास्थ्य खराब होगा। क्रोध को नियंत्रण में रखें।

**सिंह**
पति-पत्नी के बीच मामूली कारणों से विवाद उत्पन्न होने से मनमुटाव होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। सांसारिक विषयों के बारे में उदासीन रहेंगे।

**कन्या**
शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य बना रहेगा। घर में सुख- शांति का माहौल रहने से प्रसन्नता अनुभव होगा। आर्थिक लाभ और काम में सफलता मिलेगी।

**तुला**
आज आप कल्पना और सृजनशक्ति का उपयोग कर सकेंगे। संतान की प्रगति होगी। प्रिय व्यक्ति के साथ की मुलाकात रोमांचक रहेगी।

**वृश्चिक**
आज के दिन आप शारीरिक और मानसिक रूप से भय अनुभव करेंगे। किसी न किसी बात की चिंता आपको परेशान करेगी।

**धनु**
गूढ़ रहस्यमय विद्याएं और आध्यात्मिकता का प्रभाव आप पर विशेष रहेगा। आपका मन शांत और प्रसन्न रहेगा। भाई- बहनों के साथ मेल- जोल रहेगा।

**मकर**
संयमित वाणी आपको बहुत-सी मुसीबतों से बचा लेगी। सोच-विचार कर बोलें। परिजनों के साथ गलतफहमी पैदा होने से मानसिक रूप से अस्वस्थता का अनुभव होगा।

**कुंभ**
शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थता के साथ दिन ताजगीपूर्ण होगा। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायी रहेगा।

**मीन**
आज आपके मन में एकाग्रता का अनुभव होगा। परिणाम स्वरूप मानसिक चिंता का अनुभव करेंगे। धार्मिक कामों के पीछे खर्च होगा।

मा.

# नर्मदा पंचकोशी स्वर्ण कलश की 108 परिक्रमा आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का चातुर्मास विश्राम के कारण नर्मदा स्वर्ण कलश की लड्डू गोपाल भगवान राधा कृष्ण परिक्रमा संचालक हनुमान जी महाराज तुलसी मैया की एक साथ 108 परिक्रमा संकीर्तन के साथ भादो पूर्णिमा 29 सितंबर शुक्रवार को प्रात: 7:00 बजे से की जाएगी। उपस्थिति की अपील नर्मदा महाआरती के संस्थापक परिक्रमा संरक्षक डॉ सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष योगाचार्य डॉक्टर शिव शंकर पटेल संकीर्तनचार्य पंडित मनमोहन दुबे आदि ने की है

# श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में हवन, भण्डारा के साथ गणेश महोत्सव का समापन



**जबलपुर, देशबन्धु।** संस्कारधानी सहित प्रदेश भर में दस दिवसीय प्रथम आराध्य देव गणेश महापर्व की धूम रही। अनंत चतुर्दशी पर श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर में पर्व के शुभ अवसर पर आज गुरूवार को अनंत चतुर्दशी पर भगवान श्री गणेश जी का अभिषेक, पूजन आरती,पुष्प श्रृंगार, प्रसाद, हवन कर भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों के साथ ही दूर-दराज के रहने वाले गणेश भक्तों ने मंदिर पहुंचकर प्रथम आराध्य देव सुप्तेश्वर गणेश भगवान के दर्शन एवं हवन कर भण्डारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अनंत चतुर्दशी के शुभ अवसर पर सांसद राकेश सिंह ने श्री सुप्तेश्वर गणेश मंदिर पहुंचकर दर्शन कर भण्डारे का प्रसाद किया। मंदिर में दस दिवसीय महापर्व और भण्डारे आदि की व्यवस्था करने मुन्नी लखन मिश्रा का विशेष सहयोग रहा। इस दस दिवसीय गणेश महोत्सव में विविध धार्मिक आयोजनों का मंदिर पहुंचकर बड़े ही भक्ति और धूमधाम मनाया। कार्यक्रमों पधारे सभी गणमान्य जनों एवं गणेश भक्तों का श्री सुप्तेश्वर विकास समिति जबलपुर आभार व्यक्त करते हुए प्रथम पूज्य भगवान गणेश से उनकी सुख समृद्धि की कामना की।

## व्याख्यानमाला आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुगार्वती कलावीथिका में स्टडी मीडिया सर्किल के तत्वावधान में शाम 6 बजे से डॉ. जेएस मूर्ति की स्मृति में व्याख्यानमाला आयोजित की जाएगी।

## संगीत संध्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस संस्था के तत्वावधान में कभी भूला कभी याद किया थीम पर संगीत संध्या का आयोजन 7 अक्टूबर को शाम 6.30 बजे रानी दुर्गावती कलावीथिका में किया जाएगा।ग्रेंड महारास गरबा जबलपुर. एमओजे क्लब के तत्वावधान में 27 अक्टूबर को तिलवारा स्थित होटल में शाम 4 बजे से ग्रेंड महरास का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में एक्टर जैनिवर मिस्त्री बंसीवास मुख्य अतिथि होंगी।

# दुखों से बचने हेतु पुरूषार्थ करें : आचार्य बागीश



**जबलपुर,देशबन्धु।** ईश्वर के आनंद को पाने के लिए ईश्वर की प्रार्थना उपासना करनी चाहिए और सांसारिक दुखों से बचने के लिए पुरूषार्थ करें तदाशय के विचार एटा से पधारे आचार्य बागीश जी ने आर्य समाज दयानंद भवन के वार्षिकोत्सव के प्रथम सत्र में ओम ध्वजा के आरोहण करने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालुओं को सम्बोधित करते हुए व्यक्ति किये।

इसके पूर्व गुरूकुल से आये ब्रम्हाचारियों द्वारा ऋग्वेद के मंत्रों के पाठ से यज्ञ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर पुरोहित सतेन्द्र शास्त्री, भजनोपदेशक, योगेश दत्त आर्य, वीरेन्द्र धमीजा, सोमेन्द्र माहेश्वरी, उमेश चन्द्र सिंह, श्रवण कोचर, श्रीमती सुदेश धमीजा, श्रीमती सरोजिनी कौशल, श्रीमती सुवर्धा शर्मा, आदि उपस्थित रहे। आज का मुख्य आकर्षण आर्य समाज दयानंद भवन से प्रात: 10.30 बजे से निकलने वाली शोभा यात्रा रहेगी। जिसमें श्याम बैंड की प्रस्तुति, चलित यज्ञ की झांकी, गुरूकुल के ब्रम्हाचारियों का प्रदर्शन, आर्य शालाओं के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत झांकी, प्रमुखता से शामिल होगी यह शोभा यात्रा रसल चौक, नगर निगम, पुराना बस स्टैण्ड, मालवीय चौक, बड़ा फुहारा, अंधेरदेव, करमचंद चौक, नौदरा ब्रिज होते हुये वास आय समाज दयानंद भवन में समाप्त होगी।

# निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**शिवज्ञान केवट-** श्री रामलाल केवट (गोपाल ) के ज्येष्ठ पुत्र शिवज्ञान केवट (पप्पू ) 43 वर्ष का निधन हो गया है जिनकी अंतिम यात्रा आज प्रात: 9 .00 बजे उनके निवास 233/8 रेलवे क्वार्टर ,होटल ऋषि रिजेंसी के बाजु से ग्वारीघाट मुक्तीधाम के लिए प्रस्थान करेगी।

**श्री सुरेश गंगवार-** 130/4, वैद्यनाथन नगर जीसीएफ निवासी श्री सुरेश गंगवार (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अमित वाल्मीक-** भानतलैया बकरा मार्केट के पास निवासी श्री रमेश वाल्मीक के पुत्र श्री अमित वाल्मीक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री हरिशंकर पांडे-** गोकलपुर निवासी श्री हरिशंकर पांडे (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री लालूराज मौजी-** गोरखपुर जोगी मोहल्ला निवासी श्री लालूराज मौजी (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राकेश यादव-** पटेल मोहल्ला रामपुर निवासी श्री राकेश यादव (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दीपक राव-** वधुंधरा कॉलोनी घाना खमरिया निवासी श्री गनेश प्रसाद राव के पुत्र श्री दीपक राव (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती चिन्नू बाई साहू-** सिगमा कान्हा (रायपुर) निवासी श्री परन लाल साहू की धर्मपत्नी श्रीमती चिन्नू बाई साहू (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वशिष्ठ चतुर्वेदी-** संजीवनी नगर निवासी श्री वशिष्ठ चतुर्वेदी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री गोवर्धन लाल पटेल-** सिद्धबाबा लालमाटी निवाासी श्री गोवर्धन लाल पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री एमएस वैलू-** मोदीबाड़ा सदर निवासी श्री एमएस वैलू (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री दीपचंद-** मंडला रोड बिलहरी विस्थापित बस्ती निवासी श्री दीपचंद (72) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुशीला बाई-** गली नं. 5, पोलीपाथर आकाश गंगा के पीछे निवासी श्री रघुनाथ की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती पूजा सेन-** चांदमारी तलैया लालमाटी निवासी श्री विनोद सेन की धर्मपत्नी श्रीमती पूजा सेन (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दिनेश वर्मा-** छापर रामपुर निवासी श्री पतिराम वर्मा के पुत्र श्री दिनेश वर्मा (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

## गोहलपुर के बाद आधारताल में युवक पर गोली चलने की खबर...पुलिस कर रही जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत बधैय्या मोहल्ला में नकाबपोश मोटरसायकिल चालकों में सवार बदमाशों ने गणेश पंडाल में बैठे एक युवक पर दनादन गोलियां चलायी और भाग निकले। आरोपियों को पकड़ने के लिये पुलिस संदिग्ध स्थानों पर दबिश दे रही है।



इसी बीच अधारताल क्षेत्र में गोली चालन की खबर सामने आ रही है। लेकिन इसकी पुष्टि नहीं हो पा रही है। पर चर्चा यही है कि युवक को गोली मारी गई है। जिसकी हालत गंभीर है। जिसके बाद पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक का नाम अमित जोशी है। जिसे पेट के ऊपर सीने के बगल में गोली लगी है। कंचनपुर स्थित निजी होटल के पास अमित जोशी गुजर रहा था तभी उसके पुराने दोस्त से किसी बात पर उसने विवाद कर लिया और विवाद इतना बढ़ गया कि युवक द्वारा अमित पर फायर कर दिया गया। वहीं पर खड़े कुछ लोगों ने अमित को घायल अवस्था में देखकर गोली लगने के बाद युवक को निजी अस्पताल ले गए। जहां उसका इलाज चल रहा है और युवक की हालत गंभीर बनी हुई है। गोली किसने मारी है और क्यों मारी है और आखिर चली भी है कि नहीं इन सभी एंगल से पुलिस मामले में जांच कर रही है। हालांकि मामले को लेकर पुलिस ने किसी भी तरह की पुष्टि नहीं की है।

## जुआफड़ पर पुलिस का छापा, 5 जुआरी गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के देहात इलाकों में जुआफड़ संचालित होने की खबरें सामने आ रही हैं। चोरी छिपे इन इलाकों में गांवों के रसूखदारों द्वारा जुआफड़ संचालित किये जा रहे हैं। इसी कड़ी सिहोरा थाना अंतर्गत सूर्या ढाबा के पीछे पहाड़ियों पर पुलिस ने जुआफड़ पर छापा मारकर 5 जुआरियों को पकड़ा है।

इस संबंध में सिहोरा थाना प्रभारी विपिन बिहारी सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सूर्या ढाबा के पीछे पहाड़िया में कुछ जुआरी जुआ खेल रहे हैं। सि पर पुलिस ने तत्काल सूचना पर सूर्या ढाबा के पीछे पहाड़ी पर दबिश दी। जहां कुछ जुआरी जुआ खेलते दिखे। जिन्हें पुलिस ने समय रहते घेराबंदी कर दबोच लिया। पूछताछ में जिन्होंने अपने नाम भारत उर्फ बंटी खटीक निवासी बड़ी खेरमाई हनुमानताल, शिवेन्द्र उर्फ शिब्बू परिहार निवासी गोसलपुर, मोह. सईम निवासी रद्दी चौकी चौराहा, पंकज गर्ग निवासी ग्राम कुआ थाना बहोरीबंद जिला कटनी, शोयेब खान निवासी पठानी मोहल्ला पनागर बताये। पुलिस ने जुआरियों के पास एवं फड़ से ताश के 52 पत्ते तथा 52 हजार 300 रूपये नगद एवं एक स्विफ्ट कार क्रमांक एमपी 20 सीके 7060, सुजुकी मारूती आर्टिका कार क्रमांक एमपी 20 जेड सी 7864 जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।



## शहीदे आजम भगत सिंह जयंती पर महाकौशल चेंबर में लगा रक्तदान शिविर

**जबलपुर,देशबन्धु।** महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स और इंडस्ट्री एवं द ऑरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में शहीदे आजम सरदार भगत सिंह की 116वीं जयंती के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन प्रशांत नागेश के संयोजन में महाकौशल चैंबर भवन सिविक सेंटर में रानी दुर्गावती चिकित्सालय के लैब अटेंडेंट एवं चिकित्सकों के सहयोग से किया गया । चेंबर जॉइंट सेक्रेटरी अखिल मिश्र द्वारा दी गई जानकारी अनुसार भारत वर्ष के स्वतंत्रता संगाम में गरम दल के सदस्य सरदार भगत सिंह सुखदेव एवं राजगुरु के बलिदान को हमेशा याद रखा जायेगा। इस अवसर पर महाकौशल चेंबर एवं ओरिएंटल इंश्योरेंस द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में चेंबर अध्यक्ष रवि गुप्ता ,जॉइंट सेक्रेटरी अखिल मिश्र वरिष्ठ कार्यकारिणी समिति सदस्य विनोद पहारिया, ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी प्रबंधक सरस श्रीवास्तव, आनंद राम धुर्वे भारती आर्य शर्मिला बोस, पवन साहू, शैलेंद्र मनीराम कोल, अमित पटेल, ऋषिकांत दुबे, सोनी बैन, मयूर सोनी, चंदन गोटल की उपस्थिति रही।

## घर की रसोई में बैठा था कोबरा सांप, महिला चीखती हुई निकली बाहर



जबलपुर, देशबन्धु। मौसम में अचानक बदलाव के कारण जहरीले जीव जंतु घरों में घुसने लगे हैं। गर्मी में इन जीवों को निकलना स्वाभाविक है। लेकिन कोई खतरनाक प्रजाति का सांप घर में घुस जाये तो सांसे ही गले में अटक जाती है। इसी तरह का एक मामला तिलवारा स्थित एक घर में सामने आया है। यहां दुबे परिवार के घर में कहीं से कोबरा प्रजाति का सांप घुस गया। इस बात की जानकारी किसकी को नहीं थी। पर घर की रसोई में परिवार की महिला जैसे ही पहुंची तो फन फैलाये सांप को देखकर चिल्लाते हुये दहशत में भाग कर बाहर आयी। किचन में नाग को देखते ही पूरा परिवार घर से बाहर आ गया और फिर सर्प विशेषज्ञ को सूचना दी। करीब आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे ने कोबरा का रेस्क्यू किया और फिर उसे जंगल में छोड़ दिया। जानकारी के अनुसार तिलवारा के पास गीता दुबे अपने परिवार के साथ रहती है। गुरुवार को पूरे घर की सफाई करने के बाद जैसे ही किचन में चाय बनाने के लिए गई तो देखा कि एक नाग फन फैलाए बैठा हुआ है। कोबरा देखते ही गीता की चीख निकल आयी। उसने तुरंत अपने बेटे अमन को बुलाया और बताया कि किचन में गैस सिलेंडर के पास नाग फन फैलाए बैठा है। अमन ने सर्प विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे को फोन कर बुलाया, जिसके बाद मौके पर पहुंचे गजेन्द्र ने रेस्क्यू कर कोबरा को पकड़ा। सर्प विशेषज्ञ गजेंद्र दुबे के मुताबिक गर्मी के दिनों में जहां कहीं भी पानी हो, वहां पर फिनायल का छिड़काव करते रहें। इसकी दुर्गंध से सांप नहीं आते।

## ओमती व कोतवाली में अवैध रूप से विस्फोटक सामग्री बेचते 5 दुकान संचालक पकड़े गये

### 6 लाख से अधिक कीमत के पटाखे एवं विस्फोट बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आतिशबाजी और फटाखा विक्रेताओं के लिये जिला प्रशासन ने दुकान लगाने के लिये एक उचित स्थान तय कर दिया है। जिसमें फटाखा विक्रेता वहीं पर अपनी दुकाने संचालित कर सकते हैं। जो दिपावली के समय लगाई जाती है। लेकिन अवैध तरीके से फटाखा बेचने के लिये दुकानों पर पुलिस ने कार्रवाई कर संचालकों को गिरफ्तार कर फटाखे जप्त कर लिये हैं।

इसी कड़ी में कोतवाली, ओमती थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा अवैध रूप से पटाखा एवं विस्फोटक सामग्री बेचने वाले 5 दुकान संचालकों को गिरफ्तार कर 6 लाख 79 हजार रूपये कीमती पटाखे एवं विस्फोटक सामाग्री जप्त की गयी है। इस संबंध में ओमती थाना प्रभारी वीरेन्द्र सिंह पवार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि मुकादमगंज में कुछ दुकानदार सार्वजनिक स्थान पर दुकानों के बीच रोड किनारे पटाखा विस्फोटक सामग्री की दुकान लगाये हैं। जिसपर पुलिस ने मुकादमगंज-गलगला में दबिश दी। जहां एक युवक रोड किनारे




अरविन्द जयसवाल की दुकान में विस्फोटक सामग्री बेचने के लिये जमाये हुये था। पूछताछ में जिसने अपना नाम अरविन्द उर्फ मोंटी जायसवाल उम्र 32 वर्ष निवासी कटंगा बताया। आरोपी के कब्जे से पटाखे जिसमें आतिशबाजी, चकरी, लड़ी व अन्य फटाखे जप्त कर लिये हैं। इसी प्रकार दुकानदार नयन अग्रहरि उम्र 22 वर्ष निवासी गलगला मुकादमगंज ओमती का सार्वजनिक स्थान पर दुकानों के बीच रोड किनारे विस्फोटक सामग्री की दुकान लगाये मिला। जिसके कब्जे से 2 पैकेट स्पाईडर सिल्वर पटाखे, एक पैकेट गोल्डन स्काई पटाखे, 3 पैकेट एमएमएफ लड़ी पटाखे, 4 पैकिट सिरेन पटाखे, 1 पैकेट लालकिला, 4 पैकेट महाराजा की कोटि अनारदाना पटाखे व अन्य विस्फोटक पदार्थ जप्त किये गये हैं।

इसी प्रकार दुकानदार शशांक पहारिया उम्र 27 वर्ष निवासी गलगला चौक का सार्वजनिक स्थान पर दुकानों के बीच रोड किनारे विस्फोटक सामग्री की दुकान लगाये मिला। तीनों आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिये गये हैं।

### कोतवाली क्षेत्र में दो विक्रेताओं पर कार्रवाई-

इसी प्रकार कोतवाली थाना प्रभारी राजेश बंजारे ने बताया कि सूचना मिली कि आरव ट्रेडर्स दुर्गा मंदिर के पास गलगला का सड़क किनारे दुकान के सामने विस्फोटक सामग्री लगाये हुये है। जिस पर पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी। जहां दुर्गा मंदिर के पास आरव ट्रेडर्स दुकान के सामने एक युवक काफी मात्रा में पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री बेचने के लिये जमाये हुये था। पूछताछ में युवक ने अपना नाम आकाश राजपूत उम्र 25 वर्ष निवासी शीतलामाई मंदिर के पास घमापुर बताया। आरोपी आकाश राजपूत के कब्जे से 3 लाख रूपये कीमती पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री जप्त की गई।

सी प्रकार मुकादम गंज गलगला चौक में श्री साई स्टोर्स के सामने सड़क किनारे दबिश देते हुये आरोपी दुकानदार देवेन्द्र कुमार जायसवाल उम्र 49 वर्ष निवासी साठियाकुआं थाना कोतवाली को पकड़ा गया। जिसके कब्जे से 1 लाख रूपये कीमती पटाखे एवं विस्फोटक सामग्री जप्त की गई।









## पावर मैनेजमेंट कंपनी के चार कार्मिक आज होंगे सेवानिवृत्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के चार कार्मिक आज 29 सितंबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अनूप चौहान-एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय में कार्यालय सहायक श्रेणी एक के पद पर कार्यरत अनूप चौहान आज 37 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अभिजीत पाठक- एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के स्टेट प्लानिंग सेल में उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत अभिजीत पाठक आज 41 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो रहे हैं। शोभा राठौर-एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के वित्त एवं लेखा कार्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायक श्रेणी दो शोभा राठौर आज 39 वर्षों की सेवा के उपरांत सेवानिवृत्त हो रही हैं। शिवभानु पटेल-एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मानव संसाधन व प्रशासन कार्यालय में भृत्य के पद पर कार्यरत शविभानु पटेल 34 वर्षों की सेवा के उपरांत आज सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

## चोरी की मोटर साइकलों से करते रहे शराब की तस्करी, 3 गिरफ्तार, 8 बाइक जब्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** चोरी की मोटर साइकल से शराब की तस्करी करने वाले तीन शातिर बदमाशों को ओमती पुलिस ने तीसरा पुल के पास पकड़ा है. जिनके कब्जे से पुलिस ने 350 पॉव देशी शराब जब्त कर चोरी की 8 मोटर साइकलें जब्त की है।

इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि तीसरे पुल केंट की ओर से बिना नम्बर की मोटर साइकल में शराब लेकर दो युवक ओमती क्षेत्र में घुसे. जिन्हे पुलिस की टीम ने रोककर तलाशी ली तो प्लास्टिक की बोरियों में रखे देशी शराब के 350 पॉव मिले. पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लेकर वाहन संबंधी कागजात के बारे में पूछताछ की, पहले तो वे पुलिस को गुमराह करने लगे. जब सख्ती से पूछताछ तो चोरी की मोटर साइकल होना बताया. दोनों युवकों ने बताया कि वे अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर मोटर साइकल चोरी क रते फिर इन्ही गाडियों से शराब की तस्करी करते हैं. पुलिस ने तीसरे साथी को पकड़ा, इसके बाद तीनों की निशानदेही पर 8 मोटर साइकलें जब्त की है. जिन्हे शहर के विभिन्न क्षेत्रों ने चोरी किया था।

### पुलिस गिरफ्त में आरोपी-

- -मोहम्मद तर्मीजी उर्फ सलमान पिता मोहम्मद दिलदार उम्र 22 साल निवासी गाजीनगर झुग्गी झोपड़ी गोहलपुर
- -मोहम्मद साहिब पिता मोहम्मद नसीम उम्र 20 साल निवासी अजीजगंज पसियाना मक्कानगर गली नम्बर 2 गोहलपुर
- -मैराज उर्फ गुड्डू पिता जाहिद अली उर्फ जद्दन उम्र 35 साल निवासी अजीजगंज पसियाना हनुमानताल



## शंकराचार्य सेवा सम्मान डॉ. दीपक बेह्रानी एवं मनोज सेन को मिला

**जबलपुर,देशबन्धु।** झोंतेश्वर में आयोजित जन शताब्दी समारोह में ब्रह्मलीन द्वीपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती महाराज की सेवा कार्य हेतु जबलपुर हॉस्पिटल एवं शहर के प्रतिष्ठित डॉ. दीपक बेहरानी एवं मनोज सेन को ज्योतिष पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वत महाराज ने प्रदान किया। शील्ड श्रीफल साल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शंकराचार्यजी के निजी सचिव ब्रह्मचारी सुबुद्धानंद एवं ब्रह्मचारी चैतन्यानंद रविशंकर शास्त्री राजेंद्र शास्त्री अरविंद मिश्रा आदि आयोजन समिति के सदस्य उपस्थित थे।

## जुलूसे मोहम्मदी का इस्तकबाल कर गरीब नवाज कमेटी ने फल वितरण किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** ईद मुलादुन्नबी के मौके पर गुरूवार को सुबह 9 बजे जुलूसे मोहम्मदी का आयोजन किया गया। जिसमें शहर में सभी मुस्लिम धर्मावलंबियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। जुलूस के दौरान ख्वाजा गरीब नवाज कमेटी के संस्थापक इनायत अली व मो. हसनैन, मो. सुजान, मो. दानिश, मो. सीबू, मो. सादिक, मो. सुहाव ने जुलूसे मोहम्मदी का इस्तकबाल कर, कचहरी वाले बाबा व विक्टोरिया अस्पताल में जरूरतमंदों को फल विरण किया। इसके अलावा अन्य स्थानों पर भी फल वितरण किया।



## दुष्कर्म के आरोपी को क्यों नहीं कर रहे गिरफ्तार

### हाईकोर्ट ने पुलिस अधिकारियों से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भी उसकी गिरफ्तारी न होने को काफी गंभीरता से लिया। जस्टिस संजय द्विवेदी की एकलपीठ ने मामले में पुलिस अधिकारियों से पूछा है कि आरोपी अभिषेक ठाकुर को क्यो गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है और उसकी गिरफ्तारी के लिये अब तक क्या प्रयास किये गये। एकलपीठ ने मामले की अगली सुनवाई 3 अक्टूबर को निर्धारित की है।

रायसेन निवासी पीड़िता की मां की ओर से अधिवक्ता कपिल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि जिला बदर में रहते हुए अभिषेक पीड़िता के घर में घुसा और जुलाई माह में दो बार दुष्कर्म किया। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक रायसेन को लगातार शिकायतें कीं, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं हुई। इसके बाद मीडिया में रिपोर्ट आने के बाद राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने मामले में संज्ञान लेकर एसपी को नोटिस जारी किया, तब जाकर 28 जुलाई को एफआईआर दर्ज हुई, लेकिन उसके बाद भी आरोपी को गिरफ्तार नहीं किय गया, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई।




### चार हत्यारों को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** विशेष न्यायाधीश नीलम संजीव श्रृंगीऋषि की अदालत ने एक युवक की पीट-पीटकर हत्या करने वाले चार आरोपियों को दोषी करार दिया है। अदालत ने पाटन पेमाखेड़ा निवासी आरोपी गोविंद गौंड़ धर्मेंद्र गौंड़, हिम्मत गौंड़ व महेंद्र उर्फ महेंतू गौंड़ को आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया है।

अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 21 मई 2015 को रात्रि साढ़े आठ बजे ग्राम कुकुरभुका के खेत में रज्जन उर्फ राजेंद्र गौंड के साथ गालीगलौज कर आरोपियों ने मारपीट की। आरोपी गोविंद गौंड़ धर्मेंद्र गौंड़, हिम्मत गौंड़ व महेंद्र उर्फ महेंतू गौंड़ ने रज्जन के साथ लाठियों से इस कदर मारपीट की उसकी जान चली गई। मृतक के परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों को हिरासत में लिया था। सुनवाई दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने चारों आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से एजीपी राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

### 750 नये अधिवक्ता हुए नामांकित

**जबलुपर, देशबन्धु।** मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद की नामांकन समिति ने सात सौ पचास नये अधिवक्ताओं के नामांकन किये। नामांकन समिति ए के अध्यक्ष राजेश शुक्ला, सदस्य आरके सिंह सैनी व सदस्य मनीष तिवारी ने नवीन अधिवक्ताओं के नामांकन पर अपनी मुहर लगाते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

मप्र राज्य अधिवक्ता परिषद के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने बताया कि जानकारी मिली कि भारतीय विधिज्ञ परिषद की परीक्षा फार्म भरने की तिथि नहीं बढ़ रही है। जिस पर तत्काल ही शनिवार को आवश्यक बैठक करते हुये 750 नवीन अधिवक्ताओं के नामांकन आवेदन पर विचार कर उनका नामांकन किया गया। श्री सैनी ने बताया कि यदि 29 व 30 सितम्बर को भी फार्म जमा होते है तो अधिवक्ताओं के कल्याण को देखते हुये उनके प्रकरण भी विचार में लिये जायेगें ताकि वह भी फार्म भरकर परीक्षा में शामिल हो सके। बैठक में सदस्य जगन्नाथ त्रिपाठी व राधेलाल गुप्ता भी उपस्थित थे। परिषद की कार्यकारी सचिव श्रीमती गीता शुक्ला, अधीक्षक लालमणि कुशवाहा, नामांकन प्रभारी देवेन्द्र पाण्डे, प्रणय खरे व अंकित सेन का अधिवक्ता नामांकन फार्मो को तैयार करने में विशेष योगदान रहा।

## दक्षिण भारत के यात्रियों के लिए कोयंबटूर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा दक्षिण भारत के यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ी संख्या 02198/02197 जबलपुर-कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन के चलने की अवधि को पुनः बढ़ाया गया है।

गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन दिनांक 27 अक्टूबर 2023 तक तथा गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 30 अक्टूबर 2023 तक 03-03 ट्रिप और चलती रहेगी।

इससे पूर्व गाड़ी संख्या 02198 जबलपुर-कोयंबटूर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि 6 अक्टूबर तक तथा गाड़ी संख्या 02197 कोयंबटूर-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि 9 अक्टूबरतक बढ़ाने का निर्णय लिया गया था। जिसे पुनः क्रमशः 27 अक्टूबर 2023 तक तथा 30 अक्टूबर 2023 तक बढ़ाया गया है। इस स्पेशल ट्रेन की संचालन अवधि बढ़ाने से जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी एवं हरदा स्टेशन के यात्रियों को लाभ मिलेगा।

# पनागर पंहुची जनआक्रोश यात्रा का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

## पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं और युवक कांग्रेस ने दिखाई अपनी ताकत

**पनागर, देशबन्धु।** बुधवार को सिहोरा से मझौली होते हुए कांग्रेस की विशाल जनआक्रोश यात्रा का पनागर पंहुचते ही जगह जगह सेंकडों की संख्या में उपस्थित नेताओं कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया, कांग्रेस नेता विनोद श्रीवास्तव, पूर्व जिला पंचायत राजेश पटेल, रूपेंद्र पटेल, सम्मति सैनी, वीरेंद्र चौबे, नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप पटेल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष अमन गोस्वामी सहित सेंकडों युवक कांग्रेस पदाधिकारियों ने जन आक्रोश रैली में पंहुचे प्रदेश के सहप्रभारी संजय कपूर, जिला ग्रामीण अध्यक्ष नीलेश जैन, राधेश्याम चौबे सहित यात्रा में शामिल समस्त पदाधिकारियों ने विधानसभा चुनाव में एकजुट होकर कांग्रेस की जीत की शपथ ली, लगभग 20 वर्षों से पनागर में जीत की आशा लगाए कांग्रेसियों में इस बार भारी उत्साह नजर आ रहा है, पनागर से टिकिट मांग रहे समस्त नेताओं को एक मंच पर एक साथ देखकर ऐसा प्रतीत हुआ कि इस बार का चुनाव कुछ अलग होने जा रहा है।



हालांकि पनागर ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र है जहां सबसे अधिक पटेल, यादव, ब्राम्हण वोटों की संख्या बहुत अधिक है, पर इस बार यादव और पटेल दोनों वर्ग एक साथ नजर आ रहे है, इसके बावजूद इनके बीच एक धड़ा ऐसा भी है जो लगातार पनागर से ओबीसी समाज को टिकिट दिए जाने की लगातार मांग उठाते आ रहे हैं, पर देखना यह है कि इस बार भाजपा और कांग्रेस किसको अपना प्रत्यासी घोषित करेंगे, हालांकि ऐसे कयास लगाए जा रहे हैं कि पनागर में पिछले 2 विधानसभा चुनाव जीत रहे भाजपा के सुशील इंदु तिवारी की टिकिट लगभग तय मानी जा रही है ऐसे में यह देखना लाजमी होगा कि कांग्रेस ओबीसी वर्ग को टिकिट देगी या वह भी पनागर से किसी ब्राम्हण वर्ग को टिकिट देकर मैदान में उतारने जा रही है, ऐसे में पनागर क्षेत्र के ओबीसी वर्ग की चुनाव में महत्वपूर्ण भूमिका होगी कि वह किस ओर अपना रुख करेंगे, क्योंकि यही इस विधानसभा चुनाव में हार जीत का फैसला करेंगे।

# जन आक्रोश यात्रा का कांग्रेसियों ने किया स्वागत



**पनागर, देशबन्धु।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर ब्लॉक में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर प्रभारी अजय सिंह राहुल भैया की जन आक्रोश यात्रा दोपहर को महाराजपुर ब्लॉक में पहुंची आक्रोश यात्रा को संबोधित करते हुए अजय सिंह राहुल भैया एवम संजय कपूर ने भाजपा की नीतियों का विरोध किया और 2023 में बन रही कांग्रेस की सरकार का हवाला दिया ब्लॉक अध्यक्ष मनोज पटेल के नेतृत्व में महाराजपुर ब्लॉक में जिला अध्यक्ष निलेश जैन सह प्रभारी विवाह जैन कौशल्या गोटिया राधेश्याम चौबे बीरेंद्र चौबे बिनीता यादव राजेश पटेल सत्येंद्र यादव लक्ष्मण गोठिया शिव नामदेव विजय यादव रूपेंद्र पटेल रिंकू तिवारी आदि कांग्रेसी बड़ी संख्या में उपस्तिथ रहे आभार प्रदर्शन ब्लाक अध्यक्ष मनोज पटेल ने किया

## सार-समाचार

### सिहोरा में 15 करोड़ 81 लाख की लागत से खुलेगी नवीन आईटीआई

#### विधायक के पत्र पर मुख्यमंत्री ने की राशि स्वीकृत

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा में नवीन आईटीआई खोलने की घोषणा मुख्यमंत्री ने पहले ही कर दी थी। 15 करोड़ 81 लाख रुपए की लागत से नवीन आईटीआई स्थापना और नए भवन की स्वीकृति मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दे दी है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने सिहोरा विधायक नंदनी मरावी को पत्र लिखकर आईटीआई के नवीन भवन और स्थापना की स्वीकृति की जानकारी दी है। इस नवीन आईटीआई में 6 ट्रेड्स के लिए वर्कशॉप, 60-60 सीटर बालक बालिका छात्रावास एवं ट्रेड्स के लिए आवश्यक उपकरण भी प्रदान किया जा रहे हैं। पत्र में मुख्यमंत्री ने कहा मुझे पूरा विश्वास है कि सिहोरा में आईटीआई प्रारंभ होने से न केवल क्षेत्र की जनता विशेष कर युवाओं की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी होगी,बल्कि उन्हें कौशल के बल पर रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर भी प्राप्त होंगे।

### विधायक नंदनी मरावी आज करेगी 5 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा नगर सहित विधानसभा क्षेत्र में 5 करोड़ 61लाख 3 हजार के विकास कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन आज 29 सितम्बर को दोफहर 11 बजे किया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार भूमिपूजन लोकार्पण के कार्यक्रम सांसद राकेश सिंह के मुख्यातिथ्य,नंदनी मरावी विधायक एंव प्रदेश भाजपा मंत्री की अध्यक्षता तथा श्रीमती संध्या दिलीप दुबे नगर पालिका अध्यक्ष,श्रीमती रश्मि मनेन्द्र अग्निहोत्री जनपद पंचायत अध्यक्ष, शारदा तिवारी नगर पालिका उपाध्यक्ष, दिलीप पटेल जनपद पंचायत उपाध्यक्ष एंव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित होंगे । इनमें सिहोरा के सिविल अस्पताल में नवनिर्मित आकस्मिक चिकित्सा कक्ष लागत 1करोड 68 लाख 50 हजार,10 बिस्तरीय उच्च निर्भरता इकाई लागत 50.13 लाख,10 बिस्तरीय बाल गहन चिकित्सा इकाई लागत 80.40 लाख, रमखिरिया कटरा पुल लागत 1.27 करोड का लोकार्पण किया जायेगा।इसी तरह शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन रमखिरिया निर्माण लागत 50 लाख,आयूर्वेदिक ओषधालय भवन रमखिरिया लागत 45 लाख एंव हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन मढ़ा परसवाड़ा लागत 50 लाख का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न होगा।

### ईद मिलादुन्नबी पर्व मनाया शान से, निकाला जुलूस ए मोहम्मदी



**पनागर, देशबन्धु।** पैगंबर ए इस्लाम हज़रत मुहम्मद योंमें विलादत जश्ने ईद मिलादुन्नबी आज जुम्मे रात को मुस्लिम धर्मभीलंबियों द्वारा अकीकत और मसर्रत के साथ मनाया गया पठानी मोहल्ला से नगर के मुख्य मार्गो से जुलूस से मोहम्मदी निकल गया इस दौरान बड़ी संख्या बड़ी संख्या में अकीकत मदो की उपस्थिति रही प्रमुख मार्गो से गस्त करता हुआ पठानी मोहल्ला पहुंचा इस वर्ष ईद मिलादुन्नबी की मौके पर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में वह मस्जिद में शानदार सजावट की गई थी सजावट ने सभी लोगों का मन मोह लिया।

### सिमरिया ग्राम में हुआ परंपरागत भगवान का जलविहार

**पाटन, देशबन्धु।** विकासखंड पाटन के ग्राम सिमरिया में विराजित भगवान श्री लक्ष्मी नारायण जी का विमान उत्सव परंपरागत उत्साह के साथ संपन्न हुआ,उत्सव का प्रारंभ ग्राम के आचार्य पंडित हरि मिलन तिवारी,रामकुमार तिवारी,सुरेंद्र तिवारी के आचार्यत्व में गोंटिया महेन्द्र शुक्ल,देवेंद्र शुक्ल ने पूजन संपन्न कराया, गांव बुजुर्गों के बताए अनुसार भगवान के विमान की परंपरा लगभग 100 वर्ष से अधिक का समय हो गया हैं जिसमें प्रतिवर्ष शहपुरा और पाटन क्षेत्र के आसपास के ग्रामों के धर्म प्रेमी जन सहभागिता करते हैं। उत्सव में ग्रामों के पारंपरिक भजनों की प्रस्तुति के साथ पाटन क्षेत्र के भजन गायक पंडित विजय तिवारी,गुलाब सिंह ठाकुर,ग्राम रैनी के टेक सिंह ठाकुर एवं श्री राम भजन मंडल सिमरिया एवं सहजपुर बरखेड़ा के भजन गायकों।

# विश्व अंतराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के रूप में मनाया

**पाटन देशबन्धु।** कृषि विभाग के द्वारा वर्तमान वर्ष को पूरा विश्व अंतर राष्ट्रीय मिले वर्ष के रूप में मना रहा है। उसी तारतम्य में विकासखंड पाटन में भी मोटे अनाज कोदो, रागी, कुटकी के प्रदर्शन विभिन्न कृषकों के यहां डाले गए जिसका निरीक्षण परियोजना संचालक डॉ एस के निगम, अनुविभागीय कृषि अधिकारी श्रीमति डॉ इंदिरा त्रिपाठी,पी के श्रीवास्तव के द्वारा किया गया। कृषि विस्तार अधिकारी जे पी त्रिपाठी,ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी कलसी वरकड़े,विकासखंड तकनीकी प्रबंधक हरीश बर्वे प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। अधिकारियों के द्वारा रागी की खेती कर रहे कृषक हिमांशु चंदेल,अरहर की रेज़्ड बेड



फरो विधि से खेती कर रहे कृषक नरेश चौरसिया मुरई,दोनी के वीरेंद्र सिंह के प्रदर्शन फील्ड का भ्रमण किया गया साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित करने, अभियान चलाया जा रहा है। विकासखंड पाटन के ग्राम ककरेटा, मादा, थाना, कोनी कला आदि गांवों में भ्रमण करते हुए किसानों के बीच प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया गया एवं किसानों के यहां प्राकृतिक खेती के घटकों एवं क्लस्टर प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। ग्राम मादा में प्राकृतिक खेती कर रहे किसान भाई खिलावन यादव,कैलाश यादव,सोमनाथ मांझी के साथ अन्य किसान भाइयों की उपस्थिति में डॉ निगम द्वारा किसानों को गौमूत्र इकट्ठा करने के लिए गौशाला में नाली निर्माण करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# विधायक नंदनी के प्रयासों से मंझगवा को मिली नगर पंचायत की सौगात

## मुख्यमंत्री ने जबलपुर में की घोषणा

**सिहोरा, देशबन्धु।** प्रदेश के विकास के लिए कृत संकल्पित प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा विधायक नंदनी मरावी के द्वारा लिखे गए पत्र के बाद तत्परता दिखाते हुए ग्रांम पंचायत मंझगवा को नगर पंचायत की सौगात प्रदान की है।

विदित हो की मंझगवा नगर मंडल सहित क्षेत्र की अनेक ग्रांम पंचायतों के द्वारा मंझगवा को नगर पंचायत बनाने की मांग लम्बे समय से विधायक से की जा रही थी जिस पर जन भावना और लोगों की जन सुविधा से जुडी इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को विधायक ने गत 12 जुलाई को सीएम हाउस में पत्र भेंटकर निवेदन किया था जिस पर उन्होंने जबलपुर में एक कार्यक्रम में मंझगवा को नगर पंचायत बनाने की घोषणा की।

नगर पंचायत की घोषणा पर मंडल अध्यक्ष पवन गुप्ता, बिनीता पटेल, पिंकी सहजवानी, मोहन सरावगी, रामकृष्ण पटेल, सुजीत गुप्ता, ओमकार नीखरा, आशुतोष रजक, दिलीप विश्वकर्मा, शांतिभूषण गुप्ता, मनीष तिवारी, रामदास यादव,मनीष काछी, कमल सोनी, शम्भू ताम्रकार,लल्ला राम विश्वकर्मा, मुन्ना मनियार, राजेश यादव, शैलू दुबे,राजेश गुप्ता, दिलीप दाहिया, संजय पाठक, पंकज पाठक, अम्बर गुप्ता, गौरव गुप्ता, अमित पटेल, सतीश पटेल, मनमोहन यादव, जितेंद्र तिवारी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री के साथ विधायक नंदनी मरावी का आभार व्यक्त किया है।

# जश्ने ईद मिलादुनन्बी पर बरगी क्षेत्र में रही धूम

**बरगी नगर, देशबन्धु।** पैगम्बर ए इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब के जन्म दिवस यानी उनकी पैदाइश योमे विलादत के अवसर पर आज बरगी नगर ,बरगी, सोहड,राजाराम डूंगरिया, बसहा तथा ग्राम पड़रहा तथा आसपास के ग्रामीण अंचलों में ईद मिलादुन्नबी पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । बरगी नगर मदीना जमा मस्जिद के सदर जनाब शेख इजराइल (पप्पू भाई जान) तथा मस्जिद के पेश इमाम हाफिज अलीमुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर 26 सितंबर को कालपी उत्तर प्रदेश के विशेष मेहमान सरकार बुरहानी मिल्लत तथा उनके साथियों द्वारा ईदगाह परिसर में विशेष मिलाद शरीफ का आयोजन रखा गया पश्चात सभी को महाभोज करवाया गया तत्पश्चात 28 सितंबर को

बरगी नगर मैं बड़ी ही भव्यता के साथ जुलूस ए मोहम्मदी का कार्यक्रम आयोजित किया गया जो



नगर के विभिन्न मार्गो में भ्रमण करते हुए मदीना जमा मस्जिद बरगी नगर ईदगाह पर जाकर समाप्त हुआ दिन भर एक दूसरे को शुभकामनाएं देने का सिलसिला चलता रहा इस अवसर पर नगर कमेटी के बिल्लू भाई जान शेख मक्कू मेहंदी हसन गुलाम मोहम्मद मोहम्मद इरशाद अब्दुल रब कुरैशी मोहम्मद आसीन शेख वहाब अतीक खान नूर मोहम्मद नव जवान एकता समिति के सभी कार्यकर्ताओं की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न किया गया।

# बड़ी मात्रा में सागोन व लकड़ी काटने के उपकरण जब्त

## ग्राम राजगवां में अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर निर्माण के कार्य

**कुंडम, देशबन्धु।** वन मंण्डल अधिकारी महोदय जबलपुर एवं उपवनमण्डल अधिकारी सिहोरा के निर्देशन मे श्री वन परिक्षेत्र अधिकारी कुण्डम एवं परिक्षेत्र सहायक बघराजी के नेतृत्व मे दल गठित कर ग्राम राजगवा मे अवैध रूप से चल रहे फर्नीचर निर्माण कार्य की सूचना पर कार्यवाही करते हुए बड़ी मात्रा मे सागोन एवं लकड़ी काटने के उपकरण जप्त किये गए कार्यवाही के दौरान वन विभाग के स्टाफ यादवेंद्र यादव, अंकित ठाकुर, देवेंद्र शुक्ला, विपेंद्र रैदास, महेंद्र काकोटिया, अघनु सिंह,राजू सिंह, संजीत



शाह, शेख रफ़ी, स्वाति दुबे उपस्थित रहे वन परिक्षेत्र अधिकारी कुंडम महेश चंद्र कुशवाहा मुखबिर से अवैध फर्नीचर निर्माण की सूचना प्राप्त होते ही दल गठित कर कार्यवाही की गयी7 आगे भी इस प्रकार के कार्य करने वालो पर कठोर कार्यवाही की जाएगी

# धूमधाम से निकले गणेशजी, अस्थायी कुंड में किया विसर्जन

**बरेला, देशबन्धु।** विगत 10 दिनों तक भगवान गणेश जी की पूजा आराधना करने के बाद आज विदाई का समय आ गया. भगवान गणपति की विदाई नगर में गणेशोत्सव समितियां द्वारा एवं घर-घर में बिराजित गणेश जी की धूमधाम से बधाई की गई। इस अवसर पर भगवान गणपति से अगले बरस जल्दी आने की



प्रार्थना भी भक्तों द्वारा की गई ।गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए नगर परिषद द्वारा नगर के बाहर कैनाल के पास अस्थाई विसर्जन कुंड बनाया गया था जिसमें. देर रात तक सभी गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस अवसर पर नगर परिषद के कर्मचारी. एवं पुलिस प्रशासन कुंड के आसपास मुस्तैद रहा।.

# हर्षोल्लास से गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

### नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ढोल नगाड़े की धुन पर निकली गणेश प्रतिमाएं

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन नगर एवं ग्रामीण इलाकों में विराजित सभी जगहों के गजानन जी की प्रतिमाओ को पूरे विधि विधान से पूजन अर्चन कर भक्तो ने नम आंखों से विदा करके स्वच्छ सरोवर में विसर्जन किए वही पाटन नगर की प्रतिमा हिरन नदी में विसर्जन की गई है। ग्रामीणों ने अपने गांव की प्रतिमा को गांव के ही स्वच्छ



सरोवर में विसर्जन किया इसके अलावा पाटन तहसील के अंतर्गत आने वाले बजरंग गढ़ गांव की गणेश प्रतिमा को पूरे विधि विधान से पूजा करके ढोल नगाड़े की धुन पर जलूस निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में गांव के श्रद्धालु उपस्थित थे गणपति जी की प्रतिमा को गांव के स्वच्छ सरोवर में पूजन करके विसर्जन किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि समस्त गणेश प्रतिमा नहर एवं नर्मदा के जल प्रवाह में प्रवाहित की गई।

# सचिव की लापरवाही से नहीं मिला लाडली बहना योजना का लाभ

**पाटन देशबन्धु।** जिले की पाटन जनपद क्षेत्र में आने वाली ग्राम पंचायत गुरु पिपरिया के रोजगार सहायक सचिव दुर्गेश सिंह ठाकुर की लापरवाही के चलते गुरु पिपरिया कॉलोनी की समस्त महिलाओ के लाडली बहना योजना का रजिस्ट्रेशन नही किया गया जिसके कारण गांव की समस्त पात्र महिलाओं के खाते में लाडली बहना योजना का पैसा नहीं आया जब इस संबंध में ग्राम पंचायत गुरु पिपरिया कॉलोनी की ममता बाई ठाकुर से बात की तो उन्होंने बताया कि रोजगार सहायक सचिव दुर्गेश सिंह ठाकुर ने आधार कार्ड,बैंक पास बुक,समग्र आईडी की फोटो कॉपी मेरे अलावा गांव की बीस पच्चीस महिलाओ के भी दस्तावेज लिए थे लेकिन आज तक उन दस्तावेजों को ऑनलाइन नही किया जिसके कारण गांव की महिलाओ को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित होना पड़ा वही गांव की ममता बाई ठाकुर,पुष्पा,सुशीला बाई कमला बाई,सुमंत्री बाई ने बताया कि जब लाडली बहना योजना की साइड चालू थी उस समय भी डॉक्यूमेंट रोजगार सहायक सचिव ने लिए थे परंतु जो रजिस्ट्रेशन हुए थे उसमे ऑप्शन था की ट्रैक्टर का रजिस्ट्रेशन अति आवश्यक था इसके अलावा गांव की महिलाओं ने बताया कि रोजगार सहायक सचिव की वजह से उन्हें शासन की योजनाओं का लाभ नही मिलता है।

### इनका कहना है

लाडली बहना योजना के रजिस्ट्रेशन 30 सितंबर से एक बार फिर से चालू हो रहे है जिन महिलाओं के मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का रजिस्ट्रेशन रह गया है उन सभी महिलाओं के रजिस्ट्रेशन किए जाएंगे। शासन ने कुछ समय पहले मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की साइड चालू की थी परंतु उसमे ऑप्शन ट्रैक्टर रजिस्ट्रेशन का था जिस कारण से लाडली बहना योजना का रजिस्ट्रेशन नही हुआ

**दुर्गेश सिंह ठाकुर,** रोजगार सहायक सचिव, ग्राम पंचायत गुरु पिपरिया पाटन

## पटनायक के खिलाफ भाजपा का विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**भुवनेश्वर,** । ओडिशा विधानसभा में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया जिसे लेकर सदन में जोरदार हंगामा हुआ। भाजपा के मुख्य सचेतक मोहन माझी ने पटनायक पर विपक्ष पर हमला करने और विधानसभा की गरिमा को कम करने का आरोप लगाया। आरोप के अनुसार मुख्यमंत्री ने 25 सितम्बर को सदन में अपने स्वत: संज्ञान बयान में विपक्षी दलों को कथित तौर पर जनविरोधी कहा था। इस मुद्दे को लेकर भाजपा पटनायक से माफी की मांग कर रही है। शून्यकाल के दौरान मुख्यमंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस पेश करते हुए माझी ने आरोप लगाया कि पटनायक ने विपक्षी दलों का अपमान किया है और सदन और सदस्यों की गरिमा को ठेस पहुंचाई है। माझी ने मांग की कि मुख्यमंत्री 25 सितम्बर को सदन में दिए अपने बयान के लिए सदन से माफी मांगें। उन्होंने कहा कि पटनायक ने 25 सितम्बर को सदन में एक बयान में कहा था कि विपक्ष जनविरोधी है और लोग उन्हें करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि लोग खुश हैं, जनप्रतिनिधि खुश हैं और विपक्षी सदस्यों को राजनीतिक कारणों से नाखुश नहीं होना चाहिए।

# नाजी इकाई के लड़ाके को 'हीरो' कहने वाले कनाडाई संसद के अध्यक्ष का इस्तीफा

**ओटावा** (एजेंसियां)। एंथनी रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान नाजी इकाई के लिए लड़ने वाले एक व्यक्ति को निमंत्रण दिए जाने और बाद में सदन द्वारा उसे सम्मानित किए जाने पर कनाडाई संसद के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया है।

सीटीवी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, रोटा ने मंगलवार दोपहर पार्लियामेंट हिल में सदन में सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने के अपने अभूतपूर्व निर्णय की घोषणा की। सभी पार्टियों के सांसदों की ओर से सम्मानजनक काम करने और अध्यक्ष की कुर्सी छोड़ने के लिए लगातार बढ़ते दबाव के बीच उन्होंने यह कदम उठाया है। रोटा ने कहा, इस सदन का काम हममें से किसी से भी ऊपर है। इसलिए, मुझे आपके अध्यक्ष पद से हट जाना



■ सभी दलों के नेताओं के साथ बैठक के बाद पद छोड़ने की घोषणा की

चाहिए। पिछले शुक्रवार को कनाडाई संसद में यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की के संबोधन के बाद रोटा ने द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान यूक्रेन की स्?वतंत्रता के लिए लड़ने वाले यूक्रेनी व्यक्ति यारोस्लाव हुंका की प्रशंसा की और संसद की ओर से उसे सम्?मानित किया। दो दिन बाद पता चला कि वह यूक्रेनी नाजी इकाई की ओर से लड़ा था। इसके बाद सदन में उसे दिए गये सम्मान और स्टैंडिंग ओवेशन पर विवाद शुरू हो गया। रोटा ने पहले रविवार को और फिर सोमवार को सभी सांसदों से माफ़ी मांगते हुये गलती की पूरी ज़िम्मेदारी ली। उन्?होंने वेफेन-एसएस गैलिसिया डिवीजन के साथ अपने घटक की ऐतिहासिक भागीदारी के बारे में विवाद उजागर होने तक जागरूक नहीं होने के लिए माफी मांगी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 98 वर्षीय हुंका कनाडा की संसद में गैलरी में बैठे थे और रोटा ने यूक्रेनी राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की की यात्रा के दौरान उन्हें हीरो बताया, जिसके बाद उन्हें सांसदों द्वारा स्टैंडिंग ओवेशन दिया गया।

## पुलिस ने निज्जर की हत्या की जांच में देरी का दावा किया खारिज

**टोरंटो।** कट्टरपंथी खालिस्तान नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद पुलिस की प्रारंभिक प्रतिक्रिया में देरी हुई थी। इस दावे को रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) ने खारिज कर दिया है और कहा कि उसके अधिकारी घटनास्थल पर चार मिनट में ही पहुंच गए थे। आरसीएमपी के सरे डिवीजन की ओर से यह स्पष्टीकरण सोमवार को वाशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के बाद आया जिसमें कहा गया था कि 18 जून को सरे के एक गुरुद्वारे की पार्किंग में निज्जर की हत्या में कम से कम छह लोग और दो वाहन शामिल थे। प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि गोलियों की आवाज के बाद पुलिस को पहुंचने में 12 से 20 मिनट का समय लगा। सरे आरसीएमपी ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा, इस घटना के संबंध में पहली कॉल रात 8.27 बजे प्राप्त हुई थी और अधिकारी चार मिनट के भीतर घटनास्थल पर पहुंच गए थे।

## फंडिंग कम होने से बांग्लादेश में रोहिंग्या शरणार्थियों के सामने संकट




**संयुक्त राष्ट्र,** (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र के एक प्रवक्ता ने कहा कि सहायता राशि में कमी के कारण बांग्लादेश के कॉक्स बाजार में रोहिंग्या शरणार्थियों को अब गंभीर स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतरेस के मुख्य प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि सात साल पहले म्यांमार से पलायन के बाद से बार-बार जलवायु के झटके झेलने वाले रोहिंग्या को अब भूख का सामना करना पड़ रहा है, जिससे उनकी कमजोरियां और बढ़ गई हैं। दुजारिक ने विश्व खाद्य कार्यक्रम (डब्ल्यूएफपी) की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि दानदाता फंडिंग में कटौती ने एजेंसी को कॉक्स बाजार में पूरी रोहिंग्या आबादी के लिए अपनी जीवन रक्षक सहायता को कम करने के लिए मजबूर किया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, फंडिंग की कमी के कारण रोहिंग्या के राशन में दो बार में एक-तिहाई की कटौती की जा चुकी है। मार्च में इसे प्रति व्यक्ति प्रति माह 12 डॉलर से घटाकर 10 डॉलर और फिर जून में घटाकर 8 डॉलर कर दिया गया। डब्ल्यूएफपी ने कहा कि मौजूदा नकद भत्ते के साथ, रोहिंग्या के पास प्रत्येक भोजन के लिए 9 सेंट से भी कम है जो उन्हें हाशिये पर धकेल रहा है।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव गुतरेस के प्रवक्ता ने दी जानकारी

## आज का इतिहास

1650 – इंग्लैंड में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरुआत हुई।
1789 – अमेरिका के युद्ध विभाग ने स्थायी सेना स्थापित की।
1836 – मद्रास चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की स्थापना हुई।
1901– दुनिया के जाने-माने फिजिसिस्?ट एनरिको फर्मी का जन्?म 1901 में आज ही के दिन हुआ था। इन्?होंने परमाणु रिएक्?टर बनाया था।
1911 – इटली ने ऑटोमन साम्राज्य के खि़लाफ़ युद्ध की घोषणा की।
1915 – टेलीफोन से पहला अंतरमहाद्वीपीय संदेश भेजा गया।
1927 – अमेरिका और मैक्सिको के बीच टेलीफोन सेवा की शुरुआत हुई।
1959 – भारत की आरती साहा ने इंग्लिश चैनल को तैरकर पार किया।
1962 – कलकत्ता (अब कोलकाता) में बिड़ला तारामंडल खुला।
1971 – बंगाल की खाड़ी में चक्रवातीय तूफ़ान से करीब 10 हज़ार लोगों की मौत हुई।
1977– सोवियत संघ ने स्पेस स्टेशन साल्युत-6 को पृथ्वी की कक्ष में स्थापित किया।
1988 – चैलेंजर के दुर्घटनाग्रस्त होने के ढाई साल के बाद अमेरिका ने अपना पहला मानवयुक्त अंतरिक्ष यान सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया।

## सुडोकू 6331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | | 4 | | | | 3 |
| | | | | 6 | | 9 | | |
| | | | 7 | | 8 | | 1 | |
| 9 | | | | | 1 | | 3 | 7 |
| | | 8 | | | | 6 | | |
| 2 | 7 | | 5 | | | | | 1 |
| | 2 | | 8 | | 7 | | | |
| | | 1 | | 3 | | | | |
| 8 | | | | 1 | | 3 | 5 | 2 |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## सार संक्षेप

### ईद-ए-मिलाद की ओम बिरला ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने ईद-ए-मिलाद उन नबी की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दी हैं। बिरला ने अपने संदेश में कहा कि ईद-ए-मिलाद के अवसर पर शुभकामनाएं। इस दिन, आइए हम करुणा, एकता और भाईचारे के संदेश को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर मैं सभी भारतीयों के लिए शांति, सहिष्णुता, दया और समझ की कामना करता हूं।

### तमिलनाडु कांग्रेस पदाधिकारी की सड़क दुर्घटना में मौत

**चेन्नई।** तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के एक जिला पदाधिकारी की कल रात उपनगरीय तांबरम के पास एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। कांचीपुरम जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अलावुर नागराज की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना उस समय हुई जब नागराज सड़क किनारे एक भोजनालय में खाना खा रहे थे तब एक वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। नागराज वालाजाबाद यूनियन काउंसलर भी थे।

### गया में लोजपा नेता की गोली मारकर हत्या

**गया।** बिहार में गया जिले के आमस थाना क्षेत्र के गमहरिया गांव के निकट जीटी रोड पर आज बाइक सवार तीन अपराधियों ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा-पशुपति गुट) नेता अनवर खान की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि आमस थाना क्षेत्र के सिहुली गांव के रहने वाले लोजपा नेता अनवर खान सैलून से आ रहे थे। जैसे ही वे गमहरिया बाजार के पास पहुंचे तभी बाइक सवार तीन अपराधियों ने उनपर ताबड़तोड़ गोलिया चलानी शुरू कर दी। जब-तक लोग कुछ समझ पाते तीनों अपराधी मोटरसाइकिल छोड़कर मौके से फरार हो गए। लोजपा नेता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### मोदी की तेलंगाना यात्रा को लेकर तैयारियां तेज

**हैदराबाद।** तेलंगाना की मुख्य सचिव शांति कुमारी ने अधिकारियों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की एक अक्टूबर की राज्य की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों के लिए विभिन्न विभागों के साथ मिलकर सावधानीपूर्वक व्यवस्था करने का निर्देश दिया है। यात्रा के दौरान, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राजधानी 365 खम्मम-सूर्यपेट सड़क को राष्ट्र को समर्पित करेंगे और वारंगल-खम्मम तथा खम्मम-विजयवाड़ा एनएच 163 ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल राजमार्ग की आधारशिला रखेंगे, जो नागपुर-विजयवाड़ा आर्थिक गलियारा का एक हिस्सा है।

## विपक्षी दल के नेता का गिरफ्तारी वारंट खारिज

**सोल,** 27 सितम्बर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की सोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट अदालत ने बुधवार को मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी के प्रमुख ली जे-म्युंग की गिरफ्तारी वारंट को खारिज कर दिया। अभियोजन पक्ष ने पिछले सप्ताह विश्वास के उल्लंघन और रिश्वतखोरी सहित आरोपों पर पार्टी प्रमुख ली के खिलाफ अनुरोध किया था। ली ने आरोपों से पूरी तरह इनकार किया। सैकड़ों छापों के बावजूद उनके समर्थन में कोई स्पष्ट सबूत नहीं मिला था। देश के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार था कि एक मुख्य विपक्षी दल का प्रमुख गिरफ्तारी वारंट के लिए अदालत की सुनवाई में उपस्थित हुआ। देश की संसद ने पिछले सप्ताह विपक्षी प्रमुख ली की गिरफ्तारी के लिए मतदान किया, जिसमें पक्ष में 149 और विपक्ष में 136 वोट पड़े। कानून के अनुसार, नेशनल असेंबली के सत्र के दौरान मौजूदा सांसदों को गिरफ्तारी से छूट दी गई है और उन्हें केवल तभी हिरासत में लिया जा सकता है जब सहकर्मी कानून निर्माता इस पर सहमति देते हैं। 298 सदस्यीय विधानसभा में डेमोक्रेटिक पार्टी के पास बहुमत है। पिछले शनिवार को अपनी भूख हड़ताल समाप्त करने के बाद श्री ली स्वास्थ्य लाभ के लिए चिकित्सा उपचार ले रहे हैं।

# इराक में विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत

**बगदाद,** (एजेंसियां)। इराक के उत्तरी प्रांत निनेवेह के अल-हमदानिया शहर में एक विवाह हॉल में आग लगने से 114 लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए है। निनेवेह के गवर्नर नज्म अल-जुबौरी ने बुधवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। आधिकारिक इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) ने इराकी नागरिक सुरक्षा के हवाले से बताया कि प्रांतीय राजधानी मोसुल से 35 किमी दक्षिण-पूर्व में अल-हमदानिया शहर में अल-हेथम विवाह हॉल में मंगलवार रात आग लग गई। आईएनए ने कहा कि शुरुआती



रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि जश्न के दौरान आतिशबाजी की गई होगी जिससे आग लग सकती है। इमारत अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थों से ढकी हुई थी, जिससे आग तेज हो गई और इमारत का एक हिस्सा ढह गया।

## आर्मेनिया में ईंधन डिपो विस्फोट में मृतकों की संख्या 68 हुई

**बाकू।** आर्मेनिया के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में ईंधन डिपो विस्फोट में मरने वालों की संख्या करीब 68 हो गई है। स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।आर्मेनिया की सरकारी समाचार एजेंसी आर्मेनप्रेस ने स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों के हवाले से बताया कि मृतकों की संख्या 68 हो गयी है और अब तक केवल 21 पीड़ितों की पहचान हो पायी है। रिपोर्ट में बताया गया कि विस्फोट के बाद लगभग 300 लोग घायल हो गए हैं, जबकि 105 लोग अभी भी लापता हैं।

## फिलीपींस ने देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बनाया कानून

**मनीला,** (एजेंसियां)। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस ने बुधवार को देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए एक मास्टर प्लान बनाने वाले कानून पर हस्ताक्षर किया। श्री मार्कोस ने एक बयान में कहा, नया कानून देश के श्रम क्षेत्र को परेशान करने वाली चुनौतियों का समाधान करने में मदद करेगा, जैसे कि कम गुणवत्ता वाली नौकरियां, बेमेल कौशल और अल्परोजगार आदि। नये कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को अपडेट करने और डिजिटल प्रौद्योगिकियों, विशेष रूप से सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को बढ़ावा को बल देगा। श्री मार्कोस ने कहा कि यह अधिनियम रोजगार सृजन और पुन: प्राप्ति की नींव रखेगा और सरकार को कानून के लागू नियमों और विनियमों को तेजी से लागू करने का आदेश दिया गया है। फिलीपींस सांख्यिकी प्राधिकरण ने कहा कि जुलाई 2023 में देश की बेरोजगारी दर जून में 4.5 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो गई और कुल 20.27 लाख फिलिपिनो नौकरी से बाहर हो गए। राष्ट्रीय



नए कानून से देश के श्रमिकों के कौशल को बढ़ाने में मिलेगी मदद

आर्थिक और विकास प्राधिकरण (एनईडीए) ने कहा कि यह कानून उच्च गुणवत्ता और उच्च भुगतान वाली नौकरियां सृजित करने की सरकार की प्राथमिकता का समर्थन करता है, जिससे असुरक्षित रोजगार, विशेष रूप से स्व-नियोजित और अवैतनिक पारिवारिक श्रमिकों में असुरक्षित रोजगार के बढ़ते मुद्दे को संबोधित किया जा सके।

## चीन में मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों का तेज विकास

**बीजिंग।** चीनी राज्य परिषद के न्यूज कार्यालय ने 27 सितंबर को न्यूज ब्रीफिंग बुलाई। बताया जाता है कि पिछले दस सालों में वाणिज्य मंत्रालय ने संबंधित क्षेत्रों और विभागों के साथ सक्रियता से मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में विशेष और श्रेष्ठ व्यवसायों का नवाचार विकास बढ़ाया और विकास की नई प्रेरक शक्ति मजबूत की। चीन के 21 मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्रों में इसका समर्थन किया गया, ताकि भिन्न क्षेत्र वस्तुगत स्थिति के अनुसार विकास की अलग-अलग योजना बनाएं और विशेष व्यवसायों का उच्च गुणवत्ता वाला विकास बढ़ा सकें। चीन मुक्त व्यापार परीक्षण क्षेत्र औद्योगिक विकास की पूरी श्रृंखला और उद्यम के विकास के पूरे चक्र के अनुसार व्यवस्थित सुधार करेगा, ताकि विकास की कठिनाई दूर की जा सके। चीन व्यापार, निवेश, वित्त और तकनीक आदि क्षेत्रों में सुधार और नवाचार बढ़ाएगा। इसके साथ पूंजी, प्रौद्योगिकी, प्रतिभा, डेटा और अन्य तत्वों के मुक्त और सुविधाजनकप्रवाह को बढ़ाया जाएगा, ताकि बाजार, कानूनी और अंतर्राष्ट्रीय व्यावसायिक वातावरण तैयार हो सके।

## वर्ग पहेली 6331

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | २० | | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. वह सरकारी कर्मचारी जो किसी पत्र-पत्रिका, पुस्तक, फिल्म या सेवा संबंधी सूचनाओं का परीक्षण कर आपत्तिजनक अंशों को काट देना है (सेंसर)
४. देर करना, देरी होना
६. किरण
७. वध करना, हानि पहुंचाना
८. निर्लज्ज
१०. बराबरी
११. किसी विशेष संकल्प के लिए किया या उपवास
१३. प्रमुख, प्रधान
१४. तुलसी
१५. आवरणहीन, प्रकट,उजागर (उर्दू)
१६. अंधकार
१८. होंठ
२०. शोभा, सजावट (उर्दू)
२१. कुशल, भलाई (उर्दू)
२४. चांदी का पर्वत

**ऊपर से नीचे:-**

१. मध्याह्न
२. पद-कार्यावधि की दृष्टि से होने वाली वेतनवृद्धि की तालिका
३. ब्रह्मा
४. अजीबपन
५. पथिक, राहगीर
९. मानचित्रकार (उर्दू)
११. इकट्ठा करना, जमा करना
१२. युवावस्था, जवानी (उर्दू)
१३. सवेरा, भोर
१४. खूशबू
१५. बेमिसाल, अनुपम (उर्दू)
१६. दूसरा समय
१८. दक्षिण भारत का एक पर्वत
१९. अस्तित्व
२०. उपपत्नी (उर्दू)
२३. एवं, और

### वर्ग पहेली-6330

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | प | २ हा | र | ३ क | ■ | ४ प | थ | ५ क | र |
| भि | ■ | ज | ■ | ६ स | म | क्ष | ■ | र्क | ■ |
| ७ ला | ग | त | ■ | म | ■ | ८ पा | ठ | शा | ९ ला |
| षा | ■ | मं | ■ | १० सा | बि | त | ■ | ■ | क्षा |
| ■ | ११ ब | द | १२ ल | ना | ■ | ■ | १३ प्र | लो | भ |
| ■ | ल | ■ | क्ष | ■ | १४ आ | दि | त्य | ■ | व |
| १५ नि | वा | १६ र | ण | ■ | दे | ■ | १७ य | १८ व | न |
| के | ■ | स | ■ | १९ रो | श | २० नी | ■ | त्स | ■ |
| २१ त | बा | ली | ■ | च | ■ | २२ ति | जा | र | २३ त |
| न | ■ | २४ न | स | क | टा | ■ | ■ | ■ | र्क |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## परेशानी

### पिछले एक साल से रियासी में कई आतंकियों की हुई गिरफ्तारियां

# श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए बनी चिंता का कारण

**जम्मू, देशबन्धु। वैष्णो देवी का तीर्थस्थान जिस रियासी जिले में है वह लिथियम के भंडार की खोज के अतिरिक्त आतंकियों, हाइब्रिड आतंकियों तथा ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारियों के साथ-साथ हथियारों व गोला बारूद की बरामदगियों के कारण पिछले एक साल से सुर्खियों में है। नतीजतन वैष्णो देवी के तीर्थस्थान और आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा की चिंता इस बार भी नवरात्रों के दौरान प्राथमिकता पर है। पिछले साल अगस्त महीने में रियासी से जो आतंकी गिरफ्तार हुए और उनकी निशानदेही पर जो स्टिकी बम बरामद हुए वे इस चिंता को और इसलिए बढ़ाते थे क्योंकि आतंकी दावा यह था कि स्टिकी बमों की खेप यात्रा को क्षति पहुंचाने के लिए ही एकत्र की गई थी।**

पुलिस के बड़े अधिकारी सुरक्षा समीक्षा की बैठकों में ऐसी चिंताओं को व्यक्त करते हुए कहते रहे हैं कि नवरात्रों में वैष्णाो देवी की यात्रा को स्टिकी बमों से बचाना भी एक चुनौती होगी।

ऐसे में कटड़ा कस्बे और जम्मू-श्रीनगर नेशनल हाईवे के दोमेल से कटड़ा तक जाने वाले राजमार्ग पर भी अतिरिक्त जवानों की तैनाती का प्लान तैयार करते हुए प्रशासन से अतिरिक्त सैंकड़ों जवानों की मांग की गई है। साथ ही भीड़ में छुपे संदिग्धों पर कड़ी नजर की खातिर ड्रोन भी तैयार किए जा रहे हैं। वैष्णो देवी यात्रा की सुरक्षा को फूल प्रूफ बनाने की खातिर इलाके के ओजीडब्ल्यू की लिस्ट बनाने, सोशल मीडिया पर संदिग्ध पैटर्न पर नजर रखने के अतिरिक्त उन सभी



सूचनाओं को गंभीरता से लेने के लिए जोर दिया जा रहा है जिनमें वैष्णो देवी की सुरक्षा के प्रति कोई भी चाहे छोटी ही बात क्यों न कही गई हो। अधिकारियों के बकौल, वैष्णो देवी की यात्रा में शिरकत करने वाले श्रद्धालु हमेशा ही आतंकियों के टारगेट पर रहे हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यात्रा को निशाना बना वे प्रदेश की अर्थ व्यवस्था को पटरी से नीचे उतार सकते हैं। जानकारी के लिए पिछले साल 13 मई को वैष्णो देवी के बेस कैंप कटड़ा में चलती यात्री बस में सवार वे लोग बदकिस्मत निकले थे जिन्हें स्टिकी बम के धमाके ने अपनी चपेट में ले लिया तो पांच की मौत हो गई। बीस से अधिक जख्मी हो गए थे। कई दिनों तक पुलिस इसे इंजन में हुआ धमाका बताती रही थी तो बाद में आतंकी गुट जम्मू कश्मीर फ्रीडम फाइटर्स द्वारा वीडियो जारी कर इस धमाके की जिम्मेदारी ली गई तो पुलिस ने मान लिया कि धमाका स्टिकी बम से किया गया था। ऐसा ही एक अन्य धमाका पिछले ही साल 9 मार्च को उधमपुर में ही उपायुक्त के कार्यालय के बाहर एक रेहड़ी पर हुआ था जिसमें दो की मौत हो गई थी। तब भी इस धमाके को गैस सिलेंडर का विस्फोट बताया गया था पर बाद में जांच से पता चला कि धमाकों के लिए स्टिकी बमों का इस्तेमाल किया गया था।

# खेल जगत

## टेबल टेनिस में मनिका बत्रा ने जीता एकल मुकाबला

**हांगझोउ।** भारत की शीर्ष टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने गुरुवार को महिला एकल राउंड ऑफ 32 मैच में नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ 11-5, 11-4, 11-3, 11-2 से जीत दर्ज की। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज यहां पहले मिश्रित युगल में हार के बावजूद मनिका बत्रा ने नेपाल की नबीता श्रेष्ठ के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए और कल से शुरु होने वाले एकल प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरी ओर, श्रीजा अकुला राउंड ऑफ 32 में डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया के सोंगयोंग प्योन के खिलाफ चार गेम में हार गईं।





# भारत ने निशानेबाजी में चौथा स्वर्ण पदक जीता

**हांगझोउ।** भारत के सरबजोत सिंह, शिव नरवाल और अर्जुन सिंह चीमा की तिकड़ी ने पुरूष 10 मीटर एयर पिस्टल टीम ने निशानेबाजी स्पर्धा में गुरुवार को चौथा पदक जीता। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत ने अब तक चार स्वर्ण, चार रजत और पांच कांस्य पदक के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इसके साथ ही एशियाई खेलों में निशानेबाजी में भारत के पदकों की संख्या 13 हो गई है। इससे पहले 2006 में दोहा में भारत के निशानेबाजों ने तीन स्वर्ण पदक सहित कुल 14 पदक अपने नाम किए थे।

सरबजोत सिंह ने क्वालीफाइंग राउंड में 580 के साथ भारत के लिए सर्वोच्च स्कोर बनाया। अर्जुन सिंह चीमा 578 के स्कोर के साथ आठवें स्थान पर रहे जबकि शिवा नरवाल 576 के स्कोर के साथ 56 निशानेबाजों के बीच 14वें स्थान पर रहे। व्यक्तिगत स्पर्धा में सिर्फ शीर्ष आठ निशानेबाज ही फाइनल में जगह बनाते हैं।

हालांकि, तीनों भारतीय निशानेबाजों के 1734 के संयुक्त स्कोर के साथ स्वर्ण पदक दिलाया। वही चीन को (1733) स्कोर के साथ रजत जबकि वियतनाम (1730) ने कांस्य पदक जीता। व्यक्तिगत फाइनल में, सरबजोत सिंह ने चौथे स्थान के लिए 199 का स्कोर बनाया और पदक की दौड़ से बाहर हो गए। अर्जुन सिंह चीमा 113.3 अंकों के साथ आठवें स्थान पर पहुंचने वाले पहले खिलाड़ी थे।

10 मीटर एयर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में वियतनाम के क्वांग हुई फाम ने (240.5) के साथ स्वर्ण, दक्षिण कोरिया के वोन्हो ली ने रजत (239.4) और उज्बेकिस्तान के व्लादिमीर स्वेचनिकोव ने (219.9) कांस्य हासिल किया। इस बार एशियाई खेलों में निशानेबाजी स्पर्धाएं एक अक्टूबर तक आयोजित की जाएंगी। राइफल, पिस्टल और शॉटगन श्रेणियों में कुल 33 स्वर्ण पदक दांव पर हैं।

## रजत जीतकर भी संतुष्ट नहीं रोशिबिना देवी



रोशिबिना देवी ने वुशू में पदक जीतकर भारत के लिए इतिहास रच दिया, लेकिन पदक का रंग वह नहीं था जो वह चाहती थीं। इसलिए, वो इस जीत के बाद भी निराश हैं। रोशिबिना देवी ने 60 किलोग्राम वीमेंस कैटेगरी में रजत पदक जीता। हालांकि, उनके पास गोल्ड मेडल जीतने का मौका था, लेकिन वह फाइनल मुकाबले में चाईनीज खिलाड़ी से हार गईं। रोशिबिना ने 2018 एशियाई खेलों में इसी कैटेगरी में कांस्य पदक जीता था। बुधवार को रोशिबिना देवी ने वियतनाम की थी थू थूय गुयेन को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। उन्होंने शुरुआत में अच्छी लड़ाई लड़ी लेकिन अंत में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। रोशिबिना देवी ने कहा, मैंने कुछ गलतियां की जो मुझे नहीं करनी चाहिए थी, मैं आगे सुधार करने की कोशिश करूंगी। मैंने इसके लिए कड़ी मेहनत की है और बहुत उम्मीद के साथ यहां आई हूं। मैं अपने देश के लिए स्वर्ण पदक जीतना चाहती थी लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैं और सुधार करूंगी और अगली बार स्वर्ण जीतूंगी। रोशिबिना देवी को फाइनल में की गई गलतियों के लिए दोषी नहीं ठहराया जा सकता है, क्योंकि वह अपने गृह राज्य मणिपुर में हो रही चीजों से काफी परेशान हैं। मणिपुर में कुकी और मैतेई समाज के बीच हुई हिंसा में अब तक सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है। रोशिबिना देवी के माता-पिता अभी भी मणिपुर में हैं और वह उनकी सुरक्षा को लेकर हर दिन डर में रहती हैं। उन्होंने मीडिया से कहा, मुझे उनकी सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता रहती है।

## अदिति अशोक दूसरे स्थान पर, गोल्फ में पदक की आस बरकरार

भारत की अदिति अशोक को शुरुआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। अदिति अशोक ने गुरुवार को एशियन गेम्स 2023 में महिलाओं की व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता की शुरुआती दौर में जापान की एस बाबा से दो स्ट्रोक पीछे रहते हुए पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

वहीं, भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले गोल्फर अनिर्बान लाहिड़ी (विश्व नंबर 148) जो एक समय पर अच्छा खेल रहे थे और संयुक्त तीसरे स्थान पर थे, लेकिन 18वें होल पर डबल बोगी के कारण संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर फिसल गए। चार बार की लेडीज़ यूरोपियन टूर (एलईटी) चैंपियन अदिति 2020 टोक्यो ओलंपिक में शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथे स्थान पर रहीं थी। अदिति ने अपने दमदार खेल से भारतीय प्रशंसकों और पूरे गोल्फ जगत का ध्यान अपनी ओर खींचा था जब उन्होंने विश्व नंबर 1 के साथ बढ़त साझा की लेकिन अंत समय में वह पिछड़ गई और चौथे स्थान से संतोष करना पड़ा। 25 वर्षीय अदिति ने वेस्ट लेक इंटरनेशनल कोर्स में पहले तीन होल में दो बर्डी लगाईं और फिर आठवें होल में एक और बर्डी लगाकर फ्रंट नौ को 33 पर समाप्त किया। इसके बाद अदिति ने बैक-टू-बैक बर्डीज़ के साथ उच्च स्तर पर समाप्त करने के साथ ही चार अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। अदिति के अलावा यिन आर, लिन एक्स और लियू वाई की चीनी तिकड़ी और थाईलैंड की यूबोल ए भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य भारतीय प्रणवी शरथ उर्स (एक अंडर 71) और अवनि प्रशांत (पार 72) क्रमशः संयुक्त 17वें और संयुक्त 21वें स्थान पर हैं।

# भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले सुपर-हैवी में चीन की ओलंपिक चैंपियन बाहर

**हांगझोउ, 28 सितंबर (एजेंसियां)।** 19वें एशियाई खेलों में भारोत्तोलन प्रतियोगिताओं की शुरुआत से कुछ दिन पहले, मेजबान चीन को एक झटका लगा, क्योंकि वह दुनिया की सबसे मजबूत महिला भारोत्तोलक के बिना प्रतिस्पर्धा करेगा, जिसने कोहनी की चोट के कारण एशियाई खेलों से अपना नाम वापस ले लिया है।

चीन की सुपर-हैवीवेट ओलंपिक चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक ली वेनवेन 30 सितंबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाली प्रतियोगिता के लिए प्रविष्टियों के अंतिम सत्यापन में गुरुवार को एशियाई खेलों से हट गयी। ली को सऊदी अरब के रियाद में हाल ही में विश्व चैंपियनशिप के दौरान चोट लगी थी, जहां वह कुल स्कोर बनाने में असफल रहीं। उनकी अनुपस्थिति में चीन को हांगझोउ में 13 लोगों की टीम छोड़नी पड़ी- छह महिलाएं और सात पुरुष। चीन की प्रमुख भारोत्तोलन टीम को नहीं पता होगा कि उत्तर कोरिया से किस तरह की चुनौती की उम्मीद की जाए, जिसके भारोत्तोलकों ने दिसंबर 2019 से अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग नहीं लिया है।

2018 एशियाई खेलों में उत्तर कोरिया (डीपीआर कोरिया) ने 15 पदक स्पर्धाओं में से आठ जीतकर अपनी ताकत दिखाई थी। अप्रैल और सितंबर 2019 के बीच, डीपीआर के भारोत्तोलकों ने पांच विश्व रिकॉर्ड बनाए जो अभी भी कायम हैं।

उत्तर कोरिया ने कोविड-19 महामारी के दौरान विलंबित टोक्यो ओलंपिक खेलों से नाम वापस ले लिया और बाद में जून में क्यूबा में पेरिस क्वालीफाइंग कार्यक्रम में शामिल होने के अवसर को अस्वीकार कर दिया। एशियाई खेल ओलंपिक क्वालीफायर नहीं है, और डीपीआर कोरिया पेरिस में नहीं होगा, भले ही उसने किसी भी अन्य खेल की तुलना में भारोत्तोलन में अधिक ओलंपिक पदक जीते हों।




उन विश्व रिकॉर्ड धारकों में से एक, पाक जोंगजू, हांग्जो एशियाई खेलों में प्रतिस्पर्धा करेंगे। डीपीआर कोरिया टीम के दो खिलाड़ी, आरआई वोनजू और ओएच कुमथेक ने पहले कभी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है। चीनी भारोत्तोलकों ने टोक्यो 2020 में रिकॉर्ड सात स्वर्ण पदक जीते और 10 पेरिस 2024 रैंकिंग सूची में चीन के आठ खिलाड़ी हैं। इस सितंबर में रियाद में विश्व चैंपियनशिप में भी उनके सात विजेता रहे।

सभी सात विश्व चैंपियन यहां प्रतिस्पर्धा करते हैं, कुछ भारी वजन में क्योंकि जिस श्रेणी में उन्होंने जीत हासिल की वह एशियाई खेलों के कार्यक्रम में नहीं है। पिछले 10 महीनों में लियू हुआनहुआ का वज़न 20 किलो बढ़ गया है। वह हांगझोउ में 109 किग्रा में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जहां उनके विरोधियों में उज्बेकिस्तान के दो ओलंपिक चैंपियन, रुस्लान नुरुदीनोव और अकबर दजुरेव शामिल हैं।

# हमें सुधार करते रहना होगा लेकिन इस गति को विश्व कप में भी जारी रखेंगे : द्रविड़



**राजकोट।** भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है।

यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं। मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे।

श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय श्रृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों।

50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। भारत अपने विश्व अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

# हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया।

बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था। हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है। टीम ने आखिरी बार भारत का दौरा टी20 विश्व कप 2016 में किया था।

## बैडमिंटन में महिला टीम मंगोलिया को हराकर पहुंची क्वार्टर फाइनल में

**हांगझोउ।** भारत की बैडमिंटन महिला टीम ने गुरुवार को मंगोलिया को 3-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। चीन में चल रहे 19वें एशियाई खेलों में आज दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु, अश्मिता चालिहा और अनुपमा उपाध्याय की भारतीय महिला टीम ने राउंड ऑफ 16 मुकाबलों में 3-0 से जीत दर्ज की। बीजे जिम्नेजियम के कोर्ट पर खेलते हुए पीवी सिंधु ने मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर के खिलाफ मुकाबले की शुरुआत करते हुए मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी को आसानी से 21-2, 21-3 से हराकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। टीम के दूसरे मुक़ाबले में, बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 49वें नंबर की युवा भारतीय शटलर अश्मिता चालिहा ने खेरलेन डारखानबटार के खिलाफ 21-2, 21-3 के स्कोर के साथ 21 मिनट में जीत दर्ज की।

## दक्षिण अफ्रीकी टीम के पास विश्वास की कमी नहीं है : रबाडा

**तिरुवनंतपुरम।** दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा का मानना है कि वह अपनी पहली विश्व कप ट्रॉफी के लिए एक तरोताजा दक्षिण अफ्रीकी आक्रमण का नेतृत्व करने के लिए तैयार हैं। पुरुषों के वनडे विश्व कप 2019 के पिछले संस्करण में प्रोटियाज़ ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रहे, लेकिन इस साल अभी तक उन्होंने वनडे में सीरीज हार का स्वाद नहीं चखा है। रबाडा ने गुरुवार को कहा, दक्षिण अफ्रीका के लोगों में एक चीज की कमी नहीं है, वह है विश्वास। इसलिए, वर्ल्ड कप में जाने से पहले हमें विश्वास है कि हम इसे जीत सकते हैं। हमारे पास ऐसा करने के लिए खिलाड़ी हैं। इसलिए, उम्मीद है कि हम अपना पहला फाइनल हासिल कर सकते हैं और इस प्रतियोगिता को जीत सकते हैं। यह कठिन होने वाला है लेकिन यह वास्तव में शानदार होने वाला है। दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का एक-दूसरे के खिलाफ खेलना और एक पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करना रोमांचक है, और हम चुनौती के लिए तैयार हैं।



साथी तेज गेंदबाज एनरिक नोर्त्जे और सिसंडा मगाला की चोटों ने टीम की उम्मीदों को झटका दिया है, लेकिन इससे रबाडा की उम्मीदों पर कोई असर नहीं पड़ा है, जिनकी टीम 7 अक्टूबर को दिल्ली में श्रीलंका के खिलाफ अपना विश्व कप अभियान शुरू करेगी। चार बार के सेमीफाइनलिस्टों ने 2019 में संघर्ष किया, लेकिन तब से आईसीसी पुरुष वनडे टीम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंच गए हैं और ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से श्रृंखला जीत के बाद आत्मविश्वास से भरे हुए हैं।

## सार संक्षेप

### बैंक ऑफ बड़ौदा कर रहा है ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी

**नई दिल्ली।** मौजूदा चैंपियन बैंक ऑफ बड़ौदा अखिल भारतीय पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 की मेजबानी कर रहा है। बृहस्पतिवार को शुरु हुए इस टूर्नामेंट 4 अक्टूबर तक चलने वाले टूर्नामेंट में 13 टीमें शिरकत करेंगी |इस साल इस टूर्नामेंट में इस शिरकत करने वाली 13 टीमें हैं- बैंक ऑफ बड़ौदा, भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड(बीएचईएल), भारत संचार निगम लिमिटेड(बीएसएनएल) , सेंट्रल वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन (सीडब्ल्यूसी), कोल इंडिया लिमिटेड(सीआईएल), इंपलायस प्रोविडेंट फंड कॉरपोरेशन (ईपीएफओ), फूड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एफसीआई), महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल), मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड(एमडीएसएल), नेवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएलसी इंडिया लिमिटेड), ओरिएंटल इंश्योरेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड(ओआईसी), रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया(आरबीआई) और यूनियन बैंक ऑफ इंडिया(यूबीआई)। सभी मैच गुरुग्राम में इवेंचुएर्स स्पोर्ट्स ग्राउंड पर खेले जाएंगे। इस मौके पर भारत और दुनिया के धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा भी मौजूद थे |इस मौके पर बोलते हुए श्री राकेश शर्मा( जनरल मैनेजर, नई दिल्ली जोन, बैंक ऑफ बड़ौदा ) ने कहा, %बैंक ऑफ ऑफ बड़ौदा प्रतिष्ठित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के साथ मिलकर ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 टूर्नामेंट की मेजबानी करते हुए खुद को गौरवान्वित महसूस कर रहा है।'

### पाक से छीने पुरुष ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी अब ओमान करेगा

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय हॉकी संघ (एफआईएच) ने पाकिस्तान में हाल ही के सियासी हालात के मद्देनजर वहां एक पुरुष एफआईएच ओलंपिक हॉकी क्वालीफायर की मेजबानी छीन ली थी। पहले पाकिस्तान में होने वाला यह एक एफआईएच पुरुष हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर अब ओमान में होगा। अब यह एक पुरुष ओलंपिक क्वॉलिफायर मस्कट(ओमान) में 15 से 24 जनवरी,2024 तक होगा।

# भारतीय महिला हॉकी टीम की निगाहें मलयेशिया के खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली।** अनुभवी गोलरक्षक सविता की अगुआई में भारत ने हांगजू(चीन)में एशियाई खेलों में पूल ए में अपना अभियान कमजोर सिंगापुर पर 13-0 से किया और अब उसकी निगाहें कहीं बेहतर मलयेशिया को भी शुक्रवार को हराकर उसके खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखते हुए उसके खिलाफ अपना दबदबा बनाए रखने पर है। मलयेशिया ने हांगकांग को पहले मैच में 8-0 से हराया। दुनिया की सातवें नंबर की टीम भारत ने मलयेशिया की महिला टीम से अपने पिछले 17 में से 16 मैच जीते हैं और मात्र एक मैच ड्रॉ खेला है। भारतीय महिला हॉकी टीम जब अंतिम बार एशिया कप में मलयेशिया से 2022 में भिड़ी तो 9-0 से विजयी रही थी।

### ■ मलयेशिया की कोशिश इस बार इतिहास बदलने की

भारत का मलयेशिया के खिलाफ शानदार रिकॉर्ड उसे जीत का प्रबल दावेदार बताता है। वहीं मलयेशिया की कोशिश इस बार भारत के खिलाफ इतिहास को बदलने की होगी। भारत को मलयेशिया के खिलाफ अपनी जीत का सिलसिला जारी रखना है तो उन्हें अपनी चीफ कोच यांकी शॉपमैन की रणनीति को मलयेशिया के खिलाफ भी मैदान पर उसी तरह अमला जामा पहनाना होगा जिस तरह कि सिंगापुर के खिलाफ मैच में पहनाया था। भारत की चीफ कोच शॉपमैन ने सिंगापुर के खिलाफ रक्षात्मक मिडफील्डर मोनिका को सेंटर फॉरवर्ड के रूप में आजमाया करने साथ नियमित ड्रैग फ्लिकर गुरजीत कौर की गैरमौजूदगी में नेहा गोयल, मोनिका और दीपग्रेस एक्का को पेनल्टी कॉर्नर पर तेज हिट से गोल करने को प्रेरित किया और इसमें ये सभी कामयाब भी रहीं। सदाबहार अनुभवी स्ट्राइकर वंदना कटारिया, ललरेमसियामी, संगीता कुमारी और दीपिका के लिए भारत की मध्यपंक्ति में अनुभवी नवनीत कौर, सलीमा टेटे, नेहा गोयल और निशा वारसी को मलयेशिया के खिलाफ बराबर आगे गेंद बढ़ानी होगी जिसके कि वे मैदानी गोल करने के साथ पेनल्टी कॉर्नर भी बना सकें। भारत के लिए मलयेशिया के खिलाफ मैच में किसी बेवजह प्रयोग और ढील की कतई गुंजाइश नहीं है।




भारत के अपनी जीत के सिलसिले को आगे बढ़ाना है तो उसकी नौजवान स्ट्राइकर संगीता को अनुभवी वंदना और ललरेमसियामी के साथ मिलकर शुरू से मलयेशिया के खिलाफ मैदानी गोल करने के हर मुमकिन मौके को भुनाने की कोशिश करनी होगी। भारत की रक्षापंक्ति में दीप ग्रेस एक्का और मोनिका के साथ खुद कप्तान गोलरक्षक सविता को खासतौर पर मलयेशिया के लिए हांगकांग के खिलाफ मैच मे पेनल्टी कार्नर पर दो गोल करने वाली ड्रैग फ्लिकर फातिन शुक्री के खिलाफ पूरी मुस्तैदी दिखानी होगी।

### हम अपनी जीत की लय जारी रखने को कृतसंकल्प : सविता

मलयेशिया के खिलाफ अहम मैच की पूर्व संध्या पर भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान गोलरक्षक ने सविता ने कहा, हम सिंगापुर के खिलाफ अपना पहला मैच जीतने और अपने बढ़िया प्रदर्शन से रोमांचित हैं। पहले मैच में हमारी टीम की बड़ी जीत हमारी टीम की मेहनत और उसके एके का प्रमाण है। हर मैच एक नई चुनौती होता है। मलयेशिया की टीम एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी है और हमारा ध्यान इसी पर है और हम अपनी जीत की लय को जारी रखने को कृतसंकल्प हैं।

### हम मलयेशिया को कम नहीं आंक सकते : दीप ग्रेस एक्का

भारत की उपकप्तान फुलबैक दीप ग्रेस एक्का ने कहा, सिंगापुर के खिलाफ हमारा प्रदर्शन दमदार रहा लेकिन हम अब अपना ध्यान मलयेशिया के खिलाफ अगले मैच पर लगाने पर है। इस तरह के टूर्नामेंट में हर मैच एक अलग चुनौती होता है और

## सुडोकू 6331 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 9 | 4 | 5 | 8 | 2 | 3 |
| 5 | 8 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 4 |
| 4 | 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 9 | 6 | 5 | 4 | 8 | 1 | 2 | 3 | 7 |
| 1 | 4 | 8 | 3 | 7 | 2 | 6 | 9 | 5 |
| 2 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 4 | 8 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 9 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 |
| 8 | 9 | 7 | 6 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 |

| SENSEX | BSE | 65945.47 ▲ 78.22 | 19664. 70 ▼ 9.85 | MCX | Gold 58495 ▼ 206 | silver 71771 ▼ 379 |
|---|---|---|---|---|---|---|

देशबन्धु

# [अर्थ जगत]



## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट के बीच घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम में गुरुवार को कोई बदलाव नहीं हुआ, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है।

### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| नेस्ले इंडिया | 1.45 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 1.18 प्रतिशत |
| महिंद्रा एंड महिंद्रा | 0.67 प्रतिशत |
| बजाज फाइनेंस | 0.52 प्रतिशत |
| एचडीएफसी बैंक | 0.39 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| टेक महिंद्रा | 1.30 प्रतिशत |
| इंडसइंड बैंक | 1.29 प्रतिशत |
| इंफोसिस | 1.00 प्रतिशत |
| एशियन पेंट | 0.89 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 0.83 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 60370 |
| बिटुर | 55200 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 30,345 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 74,800 |
| वायदा | 72,285 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 999 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 83.143 | 83.775 |
| पौंड स्टर्लिंग | 103.09 | 105.45 |
| यूरो | 88.51 | 88.80 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2400-3000 |
| गेहूं दडा | 2500-2600 |
| आटा | 2800-2900 |
| मैदा | 2900-2950 |
| चोकर | 2000-2100 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| चीनी एस | 3640-3740 |
| चीनी एम | 3800-3900 |
| मिल डिलीवरी | 3520-3620 |
| गुड़ | 4300-4400 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 6450-6550 |
| दाल चना | 7450-7550 |
| मसूर काली | 7800-7900 |
| उड़द दाल | 10600-10700 |
| मूंग दाल | 9900-10000 |
| अरहर दाल | 10400-10500 |

## वृद्धि, समानता, मूल्य स्थिरता में संतुलन ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित है : डॉ रंगराजन

**नई दिल्ली।** जाने माने अर्थशास्त्री और भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डॉ सी रंगराजन ने कहा है कि वृद्धि, समानता और मूल्य स्थिरता के बीच संतुलन साधने में ही आर्थिक नेतृत्व की कुशलता निहित होती है।

डॉ. रंगराजन ने बुधवार को यहां 'भारत के विकास, राजकोषीय नीति और मौद्रिक नीति: आर्थिक झटकों से कैसे उबरें' विषय पर चुनिंदा लेखों के एक ई-संग्रह के विमोचन कार्यक्रम में कहा कि विकास की रणनीति को बहुआयामी रखना आवश्यक है क्यों कि केवल नीतियों में सुधार मात्र ही आर्थिक विकास की गारंटी नहीं है। कट्स इंटरनेशनल द्वारा प्रकाशित इस संग्रह को डॉ रंगराजन और ईएंडवाई के मुख्य नीतिगत सलाहकार और मद्रास स्कूल ऑफ इकोनोमिक्स के पूर्व निदेशक, डॉ डी के श्रीवास्तव ने संयुक्तरूप से संपादित किया है। कट्स व्यापार, विनियम और सुशासन पर पर अग्रणी वैश्विक सार्वजनिक नीति विचारक और कार्य करने वाली संस्था है। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि यह ई-संकलन लेखों का संग्रहण है जो कोविड-19 और उसके बाद के वर्तमान कठिन समय के दौरान सामने आने वाली



आर्थिक चुनौतियों पर गहरी अन्तर्दृष्टि प्रदान करता हैं।

कट्स इंटरनेशनल के महासचिव प्रदीप महता ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए सूक्ष्म आर्थिक और व्यापक आर्थिक दोनों मुद्दों पर डॉ रंगराजन की गहन अन्तर्दृष्टि की सराहना की। डॉ रंगराजन डॉ रंगराजन पूर्व में प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद् के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। उन्होंने कोविड-19 महत्वपूर्ण आर्थिक नतीजों को जन्म देने वाला पिछली एक सदी का पहला गैर-आर्थिक संकट बताया। उन्होंने कहा,' आर्थिक वृद्धि हमारी कई सामाजिक और आर्थिक समस्याओं का जवाब है। इसे लम्बे समय तक कायम नहीं रखा जा सकता, जब तक कि इसमें निष्पक्षता को भी शामिल नहीं किया जाए। आरबीआई के पूर्व गवर्नर ने आर्थिक और गैर-आर्थिक दोनों कारकों पर ध्यान देकर निवेश के लिए अनुकूल माहौल बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा, मजबूत निर्यात और मजबूत विनिर्माण वृद्धि उत्पादन बढ़ाने और रोजगार उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण है। डॉ श्रीवास्तव ने न केवल कोविड-19 संकट के दौरान, बल्कि रूस-यूक्रेन संघर्ष के कारण भी आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान के कारण नीति निर्माताओं के सामने आने वाली विकट चुनौतियों की ओर ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने कहा कि जब अर्थव्यवस्था पर दबाव पडा और नीति निर्माताओं को दुविधा का सामना करना पड़ा, तो उन्होंने जिम्मेदार आर्थिक प्रबन्धन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हुए वृद्धि को प्रोत्साहित करने के लिए राजकोषीय और मौद्रिक उपाय अपनाए, जिम्मेदार आर्थिक प्रबंधन के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित की।

## एक अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी

नई दिल्ली। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा।

ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइज़र के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। 11 अगस्त को,



लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है। यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है।

इन प्रावधानों में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से

## सैट ने सेबी की रोक के खिलाफ ज़ी प्रमोटर की याचिका पर आदेश सुरक्षित रखा

**मुंबई।** प्रतिभूति अपीलीय न्यायाधिकरण (एसएटी) ने बुधवार को सेबी के अंतरिम आदेश के खिलाफ ज़ी एंटरटेनमेंट के प्रमोटर पुनित गोयनका की याचिका पर अपना आदेश सुरक्षित रख लिया, जिसमें उन्हें कथित फंड डायवर्जन के कारण सूचीबद्ध संस्थाओं में किसी भी प्रमुख प्रबंधकीय पद पर रहने से रोक दिया गया था। सैट ने आदेश सुरक्षित रखते हुए बाजार नियामक और गोयनका को एक सप्ताह के भीतर कोई लिखित दलील दाखिल करने का निर्देश दिया। सेबी के वकील डेरियस खंबाटा ने ट्रिब्यूनल को बताया कि बाजार नियामक 30 नवंबर तक पांच लेनदेन पर अपनी जांच पूरी कर लेगा और अगर सभी पक्ष सहयोग करेंगे तो बाकी में समय लगेगा। नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) ने 10 अगस्त को ज़ी एंटरटेनमेंट एंटरप्राइजेज और कल्वर मैक्स एंटरटेनमेंट (जिसे पहले सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के नाम से जाना जाता था) के विलय को अपनी मंजूरी दे दी थी। लेकिन 14 अगस्त को पारित सेबी के पुष्टिकरण आदेश ने बड़ी गड़बड़ी करते हुए जेडईईएल प्रमोटरों - गोयनका और सुभाष चंद्रा को कंपनी और अन्य संगठनों में कोई भी निदेशक या अन्य प्रमुख प्रबंधकीय पद संभालने से रोक दिया। खंबाटा ने अपनी दलील में कहा था कि पिछले चार महीनों में सेबी द्वारा एकत्र की गई सामग्री से धन की हेराफेरी और राउंड ट्रिपिंग का संकेत मिलता है और जांच जारी है। जेडईईएल प्रमोटरों का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी और नवरोज़ सीरवई ने कहा कि सेबी ने जांच पूरी किए बिना पुष्टिकरण आदेश पारित किया और यह शुद्ध अटकलों पर आधारित है।

## स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप के एआर डिवीजन पर लगा ताला, 170 कर्मचारी बर्खास्त

**नई दिल्ली।** स्नैपचैट की पेरेंट कंपनी स्नैप ने अपने ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर) डिवीजन से लगभग 170 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है और इकाई बंद कर दी है। स्नैप के सीईओ इवान स्पीगल ने कर्मचारियों को लिखे एक नोट में कहा कि जब से उन्होंने पहली बार एआर एंटरप्राइज रणनीति अपनानी शुरू की है तब से कई चीजें बदल गई हैं।

स्पीगल ने कहा, हमने अपने एआर एंटरप्राइज व्यवसाय को बंद करने का कठिन निर्णय लिया है। पिछले कुछ महीनों में हमारे विकल्पों की खोज करने के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि खुदरा विक्रेताओं के लिए हमारे उद्यम की पेशकश को बढ़ाने के



लिए महत्वपूर्ण निवेश की आवश्यकता होगी और हम इस समय वह निवेश नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बुधवार देर रात कर्मचारियों को सूचित करते हुए कहा, एआर एंटरप्राइज टीम के कुछ सदस्य कैमराकिट, प्रायोजित एआर विज्ञापन और स्नैपचैट पर हर दिन एआर के साथ जुड़ने वाले 250 मिलियन से अधिक लोगों का समर्थन करने के लिए स्नैप पर बने रहेंगे, लेकिन लगभग टीम के 170 सदस्य अब स्नैप पर काम नहीं करेंगे। स्नैप सीईओ ने स्वीकार किया कि जेनरेटिव एआई के आगमन ने सभी आकार की कंपनियों के लिए अपने ग्राहकों के लिए ट्राई-ऑन अनुभव बनाना आसान बना दिया है और हमारे लिए अपनी पेशकश को अलग करना कठिन बना दिया है। स्पीगल ने कहा, इसके अलावा हमारे व्यावसायिक प्रदर्शन ने इस वृद्धिशील अवसर में निवेश करने की हमारी क्षमता को कम कर दिया है। हमें अपने संसाधनों को अपने मुख्य विज्ञापन व्यवसाय पर केंद्रित करना पड़ा है। कंपनी ने कहा कि जो हमारा व्यवसाय छोड़ रहे हैं उन टीम के सदस्यों को एक पैकेज और आउटप्लेसमेंट देकर उन्हें समर्थन देने की पूरी कोशिश की जाएगी। स्नैप ने पिछले साल अपने 6,400 कर्मचारियों में से 20 प्रतिशत कार्यबल, यानि लगभग 1,280 कर्मचारियों को निकाल दिया था।

### सार संक्षेप

#### अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा सात गुना बढ़ा

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, अप्रैल-जून तिमाही में भारत का चालू खाता घाटा (सीएडी) 7 गुना बढ़कर 9.2 अरब डॉलर हो गया, जबकि पिछली तिमाही में1.3 अरब डॉलर था।) डेटा गुरुवार को जारी किया गया। आरबीआई ने कहा, तिमाही-दर-तिमाही आधार पर सीएडी का बढ़ना मुख्य रूप से उच्च व्यापार घाटे के साथ-साथ शुद्ध सेवाओं में कम अधिशेष और निजी हस्तांतरण प्राप्तियों में गिरावट के कारण है। मुख्य रूप से कंप्यूटर, यात्रा और व्यावसायिक सेवाओं के निर्यात में गिरावट के कारण शुद्ध सेवा प्राप्तियों में क्रमिक रूप से कमी आई। तिमाही में व्यापारिक व्यापार घाटा बढ़कर 56.6 बिलियन डॉलर हो गया, जो पिछली तिमाही में 52.6 बिलियन डॉलर था, लेकिन एक साल पहले के 63.1 बिलियन डॉलर के घाटे से कम था। निजी हस्तांतरण प्राप्तियां, जो मुख्य रूप से विदेशों में कार्यरत भारतीयों द्वारा प्रेषित धन हैं, 28.6 बिलियन डॉलर से घटकर 27.1 बिलियन डॉलर हो गईं। 2023-24 की अप्रैल-जून तिमाही के लिए सीएडी सकल घरेलू उत्पाद का 1.1 प्रतिशत है जबकि जनवरी-मार्च में यह सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 0.2 प्रतिशत था। अप्रैल-जून 2022 में यह आंकड़ा 17.9 अरब डॉलर या जीडीपी का 2.1 फीसदी था। एमके ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की प्रमुख अर्थशास्त्री माधवी अरोड़ा के अनुसार, जुलाई-सितंबर तिमाही में उच्च तेल, उच्च कोर आयात और सेवाओं के निर्यात में और मंदी के कारण सीएडी में पर्याप्त वृद्धि देखी जाएगी। अरोड़ा ने कहा, इन सबका मतलब यह होगा कि जुलाई-सितंबर 2023 में सीएडी/जीडीपी अनुपात अप्रैल-जून 2023 के दोगुने से भी अधिक 2.4-2.6 प्रतिशत के बीच हो सकता है ।

#### ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में भारत 40वें स्थान पर बरकरार


**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन द्वारा प्रकाशित ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स (जीआईआई) 2023 रैंकिंग में भारत ने 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वीं रैंक बरकरार रखी है।

## वायदा सौदा निपटान पर बाजार ढेर

**मुंबई।** विश्व बाजार के कमजोर रुझान और कच्चे तेल की कीमतों में आए उबाल के बीच स्थानीय स्तर पर सितंबर के मासिक वायदा सौदा निपटान को लेकर हुई चौतरफा लिवाली के दबाव में आज शेयर बाजार ढेर हो गया।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 610.37 अंक अर्थात 0.92 प्रतिशत का गोता लगाकर 66 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 65508.32 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 192.90 अंक यानी 0.98 प्रतिशत की गिरावट लेकर 19523.55 अंक पर आ गया। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.19 प्रतिशत लुढ़ककर 31,923.84 अंक और स्मॉलकैप 0.34 प्रतिशत उतरकर 37,347.57 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3790 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2050 में गिरावट जबकि 1613 में तेजी रही वहीं 127 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 42 कंपनियां लाल जबकि शेष आठ हरे निशान पर रही।

बीएसई में दूरसंचार और कैपिटल गुड्स समूह की 0.29 प्रतिशत की तेजी को छोड़कर शेष 18 में गिरावट रही। कमोडिटीज 1.21, सीडी 1.15, ऊर्जा 0.78, एफएमसीजी 1.74, वित्तीय सेवाएं 0.63, हेल्थकेयर 0.69, इंडस्ट्रियल्स 0.02, आईटी 1.84, यूटिलिटीज 0.21, ऑटो 1.24, बैंकिंग 0.49, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.29, धातु 1.05, तेल एवं गैस 0.82, पावर 0.49, रियल्टी 0.98, टेक 1.49 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.89 प्रतिशत लुढ़क गए।




अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बिकवाली का दबाव रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.53, जर्मनी का डैक्स 0.05, जापान का निक्केई 1.54 और हांगकांग का हैंगसेंग 1.36 प्रतिशत लुढ़क गया जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट में 0.10 प्रतिशत की तेजी रही।

कारोबार की शुरूआत में सेंसेक्स 287 अंक की छलांग लगाकर 66,406.01 अंक पर खुला और यही इसका दिवस का उच्चतम स्तर पर भी रहा। इसके बाद हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,423.39 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 66,118.69 अंक के मुकाबले 0.92 प्रतिशत की गिरावट लेकर 65,508.32 अंक पर रहा।

निफ्टी भी 45 अंक की बढ़त के साथ 19,761.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,766.65 अंक के उच्चतम जबकि 19,492.10 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,716.45 अंक की तुलना में 0.98 प्रतिशत लुढ़ककर 19,523.55 अंक पर आ गया। इस दौरान सेंसेक्स की गिरावट पर रही 25 कंपनियों में टेक महिंद्रा ने सबसे अधिक 4.59 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही बिकवाली की शिकार हुई प्रमुख कंपनियों में एशियन पेंट 3.97, विप्रो 2.36, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.10, इंफोसिस 1.91, आईटीसी 1.87, कोटक बैंक 1.86, रिलायंस 1.48, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.46, टीसीएस 1.40, टाटा स्टील 1.09, टाटा मोटर्स 1.04, एचसीएल टेक 1.02, मारुति 1.01, नेस्ले इंडिया 1.00, एनटीपीसी 0.65, एचडीएफसी बैंक 0.28, सन फार्मा 0.22 और आईसीआईसीआई बैंक 0.05 प्रतिशत शामिल रही।

## वनवेब और यूटेलसैट का हुआ विलय

**नई दिल्ली।** सैटेलाइट ऑपरेटर यूटेलसैट कम्युनिकेशंस एस ने आज वैश्विक लो अर्थ ऑर्बिट (एलईओ) सैटेलाइट संचार नेटवर्क, वनवेब के साथ अपने सभी-शेयर संयोजन को पूरा करने की घोषणा की। यह विलय यूटेलसैट शेयरधारकों की बैठक में स्वीकृति के बाद किया गया। पेरिस स्थित मुख्यालय में विलय की गई इस कंपनी में 21.2 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ भारती एंटरप्राइजेज सबसे बड़ी शेयरधारक होगी। भारती समूह, यूटेलसैट समूह में रणनीतिक निवेशक बनने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री सुनील भारती मित्तल उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) होंगे और श्री श्रविन भारती मित्तल, जिन्होंने वनवेब निवेश का नेतृत्व किया, यूटेलसैट के बोर्ड में निदेशक के रूप में भारती के नेतृत्वकर्ता होंगे। श्री अखिल गुप्ता वनवेब के बोर्ड में निदेशक के रूप में काम करना जारी रखेंगे, जो अब यूटेलसैट की 100 प्रतिशत सहायक कंपनी है। वनवेब एक सहायक कंपनी होगी जो व्यावसायिक रूप से यूटेलसैट वनवेब के रूप में काम करेगी और इसका परिचालन केंद्र लंदन में रहेगा। कंपनी यूरोनेक्स्ट पेरिस स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध है और उसने लंदन स्टॉक एक्सचेंज में मानक सूचीकरण के लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट समूह के नाम से नामित, नई कंपनी पहली जीईओ एलईओ एकीकृत सैटेलाइट समूह होगा, जो अंतरिक्ष संचार को बदल देगा और तेजी से बढ़ते कनेक्टिविटी बाजार को संबोधित करेगा। भारती एंटरप्राइजेज के संस्थापक और अध्यक्ष, यूटेलसैट समूह के निदेशक मंडल के उपाध्यक्ष (सह-अध्यक्ष) सुनील भारती मित्तल ने विलय पर कहा, संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए डिजिटल विभाजन को ख़तम

## जिंसों में टिकाव

**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा।



**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अक्टूबर का पाम ऑयल वायदा 60 रिंगिट उबलकर 3678 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अक्टूबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.33 सेंट की तेजी के साथ 57.91 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।


**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में दाम स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे ।

## प्रधानमंत्री गतिशक्ति में 52,000 करोड़ रुपये की छह राजमार्ग, रेल परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री (पीएम) गतिशक्ति के अंतर्गत नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की 56वीं बैठक में आधारभूत आर्थिक अवसंरचना क्षेत्र की कुल लगभग 52,000 करोड़ रुपये की लागत वाली छह परियोजनाओं की प्रगति का आकलन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की गुरुवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तहत आने वाली लगभग 45000 करोड़ रुपये की लागत वाली चार सड़क परियोजनाएं और लगभग 6700 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत वाली रेल मंत्रालय (एमओआर) के तहत आने वाली दो रेल परियोजनाएं हैं।

विज्ञप्ति के अनुसार नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में बुधवार को उद्योग संवर्धन



और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) की विशेष सचिव (लॉजिस्टिक्स) सुमिता डावरा की अध्यक्षता में 56वीं एनपीजी बैठक आयोजित की गई। पीएम गतिशक्ति दृष्टिकोण के शुभारंभ के बाद से, एनपीजी द्वारा लगभग 11.53 लाख करोड़ रुपये की कुल लागत वाली 112 परियोजनाओं का आकलन किया जा चुका है। कल की बैठक में समीक्षा के लिए ली गयी परियोजनाओं में गतिशक्ति के सिद्धांतों के अनुपालन की स्थित को प्रदर्शित किया गया। इनमें सड़क क्षेत्र की चार परियोजनाओं में गुजरात और महाराष्ट्र राज्य में फैले एक नए राजमार्ग के निर्माण की परियोजना है, जिससे न केवल नवसारी, नासिक, अहमदनगर जिलों में औद्योगिक बेल्ट बल्कि क्षेत्र के कृषि क्षेत्र को भी लाभ होगा। ऐसी ही दूसरी परियोजना गुजरात में बनासकांठा, पाटन, मेहसाणा, गांधीनगर और अहमदाबाद जिले से जुड़े नए राजमार्ग के विकास की है।


देशबन्धु

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

टेलर्स वारिस

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

बिना ऑपरेशन

डॉ. विश्वास

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# नौरादेही और दुर्गावती अभयारण्य को मिलाकर बन रहे टाइगर रिवर्ज में दमोह का एक भी गांव नहीं होगा विस्थापित



**दमोह, देशबन्धु।** बुंदेलखंड में एक और टाइगर रिजर्व बनने जा रहा है और प्रदेश सरकार से इसकी मंजूरी भी मिल गई है। नौरादेही और रानी दुर्गावती अभयारण्य को मिलाकर प्रदेश का सातवां टाइगर रिजर्व बनाया जा रहा है। इस नए टाइगर रिजर्व में दमोह जिले का एक भी गांव विस्थापित नहीं होगा। यह जानकारी दमोह डीएफओ ने दी है, ताकि ग्रामीण किसी प्रकार से भयभीत न हों। इसमें बड़ी संख्या में वन्यजीव हैं, जिनमें तेंदुआ मुख्य हैं। वर्तमान में नौरादेही में 15 बाघ हैं और 22 तेंदुआ हैं। इसके अलावा चिंकारा, हिरण, नीलगाय, सियार, भेड़िया, लकड़बग्घा, जंगली कुत्ता, रीछ, मगर, सांभर, मोर, चीतल समेत कई अन्य वन्य जीव इस क्षेत्र में पाए जाते हैं। इसके अलावा रानी दुर्गावती अभ्यारण में तेंदुआ, भालू, नील गाय, चीतल हैं।

नए टाइगर रिजर्व की मंजूरी मिलने के बाद अब बैठकों का दौर शुरू हो गया है। सागर, दमोह, नरसिंहपुर जिले में फैले नौरादेही अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित कर दिया गया है। नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी से मंजूरी के तीन महीने बाद सरकार ने नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इसका नाम भी बदला गया है। अब इसका नया नाम वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व होगा। इसमें सागर, दमोह, नरसिंहपुर जिले के करीब 1,41,400 हेक्टेयर वन क्षेत्र को शामिल किया गया है।

## छह बीट टाइगर रिजर्व को मिली

नौरादेही और रानी दुर्गावती अभयारण्य के एक होने के बाद टाइगर रिजर्व बनाया जा रहा है। इसमें तेंदूखेड़ा उपवनमंडल के अंतर्गत चार रेंज हैं, जिनमें झलौन, तेंदूखेड़ा, तारादेही और तेजगढ़ इन सभी रेंजों का जंगली क्षेत्र का कुछ कुछ भाग गया है। लेकिन झलौन रेंज के अंतर्गत नौ वीट अभी तक आती थी, जिनमें से छह वीट टाइगर रिजर्व में चली गई है। जानकारी के अनुसार, झलौन रेंज से ससना, ससना खुर्द, बिसानाखेड़ी, सेहरी, डुकरसता के आलवा एक वीट और है जो टाइगर रिजर्व में चली गई है। सूत्रों के अनुसार, नौरादेही और रानी दुर्गावती वाइल्ड लाइफ सेंचुरी से मिलकर बनने इस टाइगर रिजर्व का एरिया 2339 वर्ग किलोमीटर अथवा इससे अधिक हो सकता है।

दमोह डीएफओ महेंद्र सिंह उइके ने बताया है कि रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व के लिए जो निर्धारित क्षेत्र तय हुआ है, इसमें जिले का एक भी गांव विस्थापित नहीं किया जाएगा। क्योंकि जो एरिया रिजर्व में लिया गया है, उसमें किसी भी गांव में विस्थापन की परिस्थितियां निर्मित नहीं होंगी। रानी दुर्गावती अभयारण्य व नौरादेही अभयारण्य मिलाकर टाइगर रिजर्व बनाया जा रहा है, जिसकी मंजूरी मिल गई है।

## गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी आ...





**जबलपुर, देशबन्धु।** गणेश उत्सव के अंतिम दिन गुरूवार को संस्कारधानी के गौरीघाट, तिलवाराघाट व हनुमानताल में श्रद्धालुओं ने अपने घरों में विराजित बप्पा को विसर्जन कर नम आंखों से विदाई दी और अगले बरस जल्दी आने के लिये प्रार्थना की। इस मौके पर लोगों ने देश की खुशहाली के लिये कामना की। और सभी के संकट हरने की प्रार्थना की।

# मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी नेता की विसर्जन के दौरान तिलवारा में डूबने से मौत



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेताजी सुभाष चंद्र मेडिकल कॉलेज के कर्मचारी संघ के नेता संजय गुजराल की डूबने से मौत हो गई । कर्मचारी नेता घर में विराजित गणेश प्रतिमा को विसर्जित करने के लिए तिलवारा के दद्दा घाट पहुंचे थे जहां विसर्जन के दौरान उनका पैर फिसल गया और वह डूब गए। आसपास के और क्षेत्रीय लोगों ने कर्मचारी नेता को बचाने की कोशिश की परंतु दद्दा घाट में दलदल वाली रेत में वह इतने नीचे धंस गए की उन्हें बचाया नहीं जा सका।

**सिहोरा में विसर्जन के दौरान युवक तालाब में डूबा-** सिहोरा के ग्राम हरदुआकला में गणेश विसर्जन के लिये गए युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। इस संबंध में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि ग्राम हरदुआ कला में भगवान गणेश की प्रतिमा को विसर्जित करने के लिए गांव के सुदर्शन, कमलेश कौल, मैकू सहित अन्य युवक तालाब गए। जहां पर पूजन अर्चन के बाद गणेश का विसर्जन किया। इसके बाद मैकू भूमिया उम्र 37 वर्ष नहाने के लिए तालाब में उतर गया। नहाते वक्त मैकू गहराई में जाकर डूबने लगा। मैकू को पानी में डूबते देख साथियों में चीख पुकार मच गई। कुछ लोग बचाने के लिए तालाब में कूदे भी लेकिन मैकू गहराई में जाकर लापता हो गया। मैकू के डूबने की खबर से हड़कम्प मच गया, जिसने भी सुना दौड़कर पहुंच गया। खबर मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने स्थानीय लोगों से तलाश कराई, कुछ देर बाद मैकू को पानी से बाहर निकाला गया।

# छिंदवाड़ा में दो ट्रेनें 30 सितंबर तक रद्द, मुसाफिरों को हो रही खासी परेशानी



**छिंदवाड़ा, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन छिंदवाड़ा से भोपाल-इंदौर, दिल्ली रूट पर चलने वाली दोनों ट्रेन लगातार बंद होने से यात्रियों को परेशानी हो रही है। फिलहाल पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन बंद चल रही है जो तीस सितंबर तक बंद रहेगी। इसके बाद तीन दिनों के लिए 29 सितंबर से पेंचवेली ट्रेन रद्द की जा रही है। लगातार ट्रेन निरस्त होने के कारण इन रूटों में सफर करने वाले यात्रियों को सड़क मार्ग से जाना पड़ रहा है। पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन इसके पहले अगस्त माह में चार दिन के लिए यह ट्रेन निरस्त की गई थी।

**पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन रद्द-**

इंदौर सिवनी पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन को तीन दिन के लिए रद्द कर दिया गया है। पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के हिस्से में सुधार कार्य होने से छिंदवाड़ा इंदौर पेंचवेली एक्सप्रेस 29 सितंबर, 30 सितंबर और एक अक्टूबर को नहीं चलेगी। इसी प्रकार इंदौर सिवनी पेंचवेली एक्सप्रेस ट्रेन क्रमांक 19343 का परिचालन 28 से 30 सितंबर तक ट्रेन नहीं चलेगी।

**नहीं चल रही पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन-**

सिवनी से फिरोजपुर तक चलने वाली पातालकोट एक्सप्रेस ट्रेन 12 सितंबर से निरस्त है जो 30 सितंबर तक नहीं चलेगी। झांसी रेलवे स्टेशन में कार्य के चलते सिवनी से छिंदवाड़ा होते हुए फिरोजपुर चलने वाली ट्रेन को 12 से 30 सितंबर तक के लिए रद्द कर दिया गया है।





